राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 101
लखनऊ, गुरुवार 11 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारत तेज गति से ऊर्जा आत्मनिर्भरता क्षेत्र में बढ़ रहा आगे : एके शर्मा 03

एसआईआर कार्य के दबाव के चलते बीएलओ ने खाया कीटनाशक 10

## प्रयागराज माघ मेला-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार माघ मेला-2026 को अभूतपूर्व, व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माघ मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

अभी हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष प्रतीक चिन्ह का अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना और अवसंरचनात्मक सुधारों पर विशेष चर्चा हुई थी। प्रशासन को इस बार प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम पर पवित्र स्नान करने का अनुमान है। इसमें प्रतिदिन आने वाले लाखों कल्पवासी भी शामिल होंगे। पूरा मेला क्षेत्र रंग-समन्वित थीम पर आधारित होगा। हर सेक्टर एकरूपता का अनुभव कराएगा। मेले को सुसंगत और आकर्षक रूप देने के लिए सातों सेक्टर्स और सात पॉन्टून पुलों को सात ऊर्जा चक्रों के अनुरूप रंगों से सजाया जाएगा।

# यूनेस्को ने दीपावली पर्व को घोषित किया अमूर्त विश्व धरोहर

▸ दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा, कुंभ मेला समेत 15 धरोहरें पहले ही लिस्ट में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ये अयोध्या में दीयों की सजावट है। इस बार 19 अक्टूबर को सरयू की राम की पैड़ी पर 26.17 लाख दीये जलाए गए थे। यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया।

यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा, दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है।



### सभी सरकारी इमारतें सजाई गईं : कपिल मिश्रा

दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि 10 दिसंबर को दिल्ली सरकार अलग से दिवाली मनाई गई। सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी, दिल्ली हाट में खास कार्यक्रम हुए और लाल किले पर दीये जलाए गए। दिल्ली सचिवालय को तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगाया। सरकार का मकसद दीपावली को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले वैश्विक संदेश के रूप में पेश करना है।

### दिवाली संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी : मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें। यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्व पटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है।

**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,30,310/ |
| 22 कैरेट | = 1,19,450/ |
| 18 कैरेट | = 97,730/ |
| **चांदी** | **प्रति किलो** |
| | = 1,99,000/ |



# नशे से बचकर ही खुद व देश के भविष्य को बचा पाएंगे युवा

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां सामने हैं। एक ड्रग्स का नशा और दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा। इन दोनों नशों से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे। नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे।

सीएम योगी बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकादमिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है। उसको हम अवसर न दें।



### शार्टकट से नहीं मिलेगी सफलता

सीएम योगी ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम वर्क का महत्व समझाते हुए कहा कि यह केवल एक गेम में नहीं बल्कि पूरी जनरेशन में उपयोगी होता है। हमें अपने आप को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से, टीम वर्क से जोड़ना पड़ेगा। शॉर्ट कट का रास्ता कभी जीवन में सफलता नहीं प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति और संस्था को हमेशा इस बात के लिए तैयार होना होगा कि तकनीक जितना आसान जीवन को कर रही है, उतनी ही चुनौतियां और कठिनाई भी हमारे सामने प्रस्तुत कर रही है। युवाओं और अकादमिक संस्थाओं को उसके प्रति अपने आप को तैयार करना होगा।

### संस्थाओं-मेधावियों का सम्मान

संस्थापक सप्ताह के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में से उत्कृष्ट संस्था, उत्कृष्ट शिक्षक, उत्कृष्ट कर्मचारी, उत्कृष्ट परिचारक और स्नातकोत्तर, स्नातक एवं हाईस्कूल-इंटर के उत्कृष्ट विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंच से करीब डेढ़ सौ पुरस्कार वितरित किए गए। करीब सात सौ पुरस्कार, संस्थाओं के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।

### प्रो यूपी सिंह स्मृति ग्रंथ सहित दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

संस्थापक समारोह के मुख्य महोत्सव में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह स्मृति ग्रंथ और एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ की पुस्तक 'जीवन मूल्य प्रमाण पत्र संग्रह पाठ्यक्रम' का विमोचन हुआ।

## चुनाव आयोग को वोट चोरी का हथियार बना रही है मोदी सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निर्वाचन आयोग को ''वोट चोरी करने'' का हथियार बना रही है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत की जनता ये तीन बहुत जरूरी और सीधे सवाल पूछ रही है। प्रधान न्यायाधीश को निर्वाचन आयोग से संबंधित चयन समिति से क्यों हटाया? 2024 चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग को लगभग पूरी कानूनी सुरक्षा क्यों दी? सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में नष्ट करने की इतनी जल्दबाजी क्यों?''उन्होंने आरोप लगाया कि जवाब एक ही है कि निर्वाचन आयोग को वोट चोरी करने का औजार बनाया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी 'वोट चोरी' के कृत्य को अंजाम देकर 'आइडिया ऑफ इंडिया' नष्ट कर रही है। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान 2023 के निर्वाचन कानून का उल्लेख करते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इस कानून में ''पूर्वव्यापी प्रभाव'' से संशोधन किया जाएगा।

## भीषण दुर्घटना में पांच लोगों की दर्दनाक मौत, पांच घायल

▸ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वैगन आर और ब्रेजा कार की टक्कर

समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 51.6 किलोमीटर पर सुबेहा थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर बाद लगभग 2 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में वैगन आर कार से लखनऊ जा रहा पुलिस कर्मी का पूरा परिवार मौत का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं पीछे से टक्कर मारने वाली तेज रफ्तार ग्रैंड ब्रेजा कार में सवार चार लोगों सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को एम्बुलेंसों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

जनपद बनारस के थाना लोहता के रहीमपुर गांव निवासी जावेद अशरफ वर्तमान समय में आजमगढ़ जनपद के थाना हरैला में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है उनकी पत्नी गुलाफ्शां उर्फ चांदनी 30 वर्ष अपनी पुत्री समरीन 12 वर्ष इल्मा 6 वर्ष, इल्मा 4 वर्ष पुत्र जियान 10 वर्ष एवं मऊ जनपद के थाना घोसी अंतर्गत खानपुर गांव निवासी भाई जीशान पुत्र गब्बर 24 के साथ वैगन आर कार नंबर यूपी 14 सीबी 2088 से लखनऊ जा रही थीं। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के डीहा मजरे कुड़वा गांव में दोपहर बाद 2 बजे हुए इस हादसे से पहले वैगन आर कार पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़ी हुई और पूरा परिवार कार से बाहर निकल आया था और लघु शंका से निपटने के बाद कार में बैठने जा रहा था कि तभी पीछे से अनियंत्रित गति से आई ब्रेजा नंबर डीएल 3 बीसीजेड 5826 सड़क के किनारे पहले से खड़ी बैंगन आर में टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। इस घटना में गुलफ्शां व समरीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इल्मा, इल्मा व जियान को सीएचसी हैदरगढ़ में मृत घोषित कर दिया गया जबकि जीशान को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### बीसीसीआई वुमन अंडर-19 टूर्नामेंट के लिए टीम घोषित

**धर्मशाला।** बीसीसीआई वुमन अंडर-19 (वनडे) एलीट टूर्नामेंट के लिए एचपीसीए ने अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट का आयोजन लखनऊ में किया जाना है। 15 सदस्यीय टीम में धन्य लक्ष्मी को कैप्टन की कमान सौंपी गई है। प्रतियोगिता में एचपीसीए की टीम 13 दिसंबर को चंडीगढ़ के खिलाफ मैदान में उतरेगी। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि चयनित टीम में दिवेशा, वंशिका शर्मा, अहाना शर्मा, कैप्टन धन्य लक्ष्मी, पल्लवी ठाकुर, अंशिका सिंह सानी, कुंजम गिरी, रिजुल राणा, भाव्यांजलि भभोरिया, भूमिका नलवा, उर्वी शर्मा, कनु प्रिया, अंशिता संदल, आर्या अग्रिहोत्री व वैभवी अग्रिहोत्री शामिल हैं। सपोर्टिंग स्टाफ में कोच तिलक राज, असिस्टेंट कोच सुनील कुमार, फिजियो मुस्कान दुबे, ट्रेनर प्रीति रानी, वीडियो एनालिस्ट आशुतोष पांडे व मैनेजर नेहा सैनी शामिल हैं। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि एचपीसीए टीम 13 दिसंबर को चंडीगढ़, 15 दिसंबर को हैदराबाद, 17 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर, 19 दिसंबर को मुंबई व 21 दिसंबर को झारखंड के खिलाफ लखनऊ में एक दिवसीय मैच खेलेगी।

### डिंपल यादव ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

**नयी दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव ने उत्तर प्रदेश उपचुनाव की निष्पक्षता को लेकर लोकसभा के शीतकालीन सत्र में गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि मतदान के दौरान कई बूथों पर सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों को खुद वोट डालते हुए पकड़ा गया। डिंपल यादव के अनुसार, समाजवादी पार्टी ने इन घटनाओं की शिकायत कई बार चुनाव आयोग से की, लेकिन इसके बावजूद संबंधित बूथों की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि यह फुटेज स्पष्ट सबूत हो सकती थी कि मतदान केंद्र पर क्या हुआ, लेकिन प्रशासन जानबूझकर इसे सार्वजनिक नहीं कर रहा।

### उज्जैन में बाबा महाकाल पर अब नहीं चढ़ेंगी भारी फूलमाला

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा लाई जाने वाली भारी-भरकम फूलमाला और मुण्डमाल आगामी एक जनवरी 2026 से शिवलिंग पर नहीं चढ़ाई जाएंगी। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने इन पर प्रतिबंध लगा दिया है। एएसआई और जीएसआई की गाइड लाइन का ध्यान रखते हुए करीब 10 किलो से अधिक वजनी मालाओं पर शिवलिंग क्षरण रोकने के लिए मंदिर समिति द्वारा यह फैसला लिया गया है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा लाई जाने वाली बड़ी माला, जिसे अजगर माला कहा जाता है, को भगवान महाकाल को अर्पित करने पर रोक लगा दी है।

### कार्रवाई : गाजियाबाद सहायक खाद्य आयुक्त अरविंद यादव निलंबित

**लखनऊ।** कोडीन कफसिरप की तस्करी पर बढ़ती चिंताओं और इंटरनल इनपुट्स के बाद उत्तर प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के सहायक खाद्य आयुक्त अरविंद कुमार यादव को निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई ठीक उस दिन हुई, जब हाईकोर्ट ने उनके अटैचमेंट आदेश पर स्टे दिया था। कोडीन सिरप के यूपी से एनसीआर और दिल्ली तक पहुंचने में लापरवाही और अनियमितता की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। कमिश्नर, आएएस डॉ. रौशन जैकब ने इस पूरे प्रकरण पर इंटरनल जांच बैठाई है। यूपी से गाजियाबाद, एनसीआर और दिल्ली तक कोडीन कफसिरप पहुंचने की शिकायतों को बड़े स्तर पर सतर्क कर दिया था।

## यूपी के सीईओ ने एसआईआर का समय बढ़ाने को चुनाव आयोग को लिखा पत्र

▸ प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा 14 दिन बढ़ने की उम्मीद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का समय 14 दिन बढ़ाने की मांग की है। अब इस पर निर्वाचन आयोग जल्द ही कोई फैसला ले सकता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की समय सीमा 14 दिन बढ़ाने का पत्र भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा 14 दिन और बढ़ा दी जाएगी। समय मांगने की वजह यह है कि उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। आयोग ने एसआईआर के लिए दूसरी बार समय बढ़ाकर 11 दिसंबर अंतिम तिथि तय की थी। उधर, एसआइआर के बीच उत्तर प्रदेश में 2.91 करोड़ मतदाताओं के नाम कटने के उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान में 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 99.14 प्रतिशत (12.40 करोड़) डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें 2.91 करोड़ मतदाता मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित या डुप्लीकेट श्रेणी में मिले हैं। यह सूची राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को दी जाएगी।

### प्रत्येक नागरिक की गरिमा व अधिकारों पर नहीं हो सकता कोई समझौता : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। भारत की सांस्कृतिक परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर आधारित है, जो सार्वभौमिक मानवाधिकारों की भावना को मजबूत करती है। राजधानी दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन, आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन सारंगी, विजया भारती सयानी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव की समन्वयक अरेती सिएनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## इंडिगो संकट की निगरानी के लिए दल गठित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के हालिया संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय ने एयरलाइन इंडिगो पर निगरानी कड़ी कर दी है। डीजीसीए ने बुधवार को आठ सदस्यों वाली निगरानी टीम गठित की है, जिसमें दो सदस्यों को इंडिगो के कॉरपोरेट कार्यालय में तैनात किया जाएगा।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जारी आदेश में कहा कि राहुल भाटिया के नियंत्रण वाली एयरलाइन कंपनी इंडिगों में चालक दल की कमी के कारण बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने के बाद 8 सदस्यीय निगरानी दल गठित किया गया है। इस निगरानी दल में एक उपमुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक और दो अन्य उड़ान संचालन निरीक्षक शामिल होंगे। इनमें से दो सदस्य रोजाना इंडिगो के मुख्य कार्यालय में तैनात रहेंगे। उन्हें एयरलाइन के पूरे बेड़े, औसत उड़ान दूरी, कुल पायलटों की संख्या, नेटवर्क विवरण, चालक दल के सेवा के घंटे, प्रशिक्षण में लगे चालक दल और अन्य संबंधित मामलों की निगरानी करनी होगी। डीजीसीए कार्यालय के दो और अधिकारी एक वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी और एक उप निदेशक इंडिगो के मुख्य कार्यालय में तैनात किए जाएंगे, ताकि वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की रद्द होने की स्थिति, धनवापसी की स्थिति, समय पर उड़ान परिचालन, नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्रियों को मुआवजा और सामान की वापसी की निगरानी कर सकें। ये दोनों दल प्रतिदिन शाम 6 बजे तक संयुक्त महानिदेशक (प्रशासन) हरीश कुमार वशिष्ठ और संयुक्त महानिदेशक जय प्रकाश पांडेय को रिपोर्ट देंगे।



### लखनऊ एयरपोर्ट पर इंडिगो की उड़ानें राइट टाइम, स्थिति सामान्य

**लखनऊ।** लगातार 5 दिन तक इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी से जूझ रहे लखनऊ के यात्रियों ने बुधवार को राहत की सांस ली। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से इंडिगो की सभी उड़ानें तय समय पर रवाना हुईं। कई दिनों की गड़बड़ी के बाद ऑपरेशन पूरी तरह सामान्य रहा। सोमवार और मंगलवार तक स्थिति ऐसी थी कि एक दिन में 10 से 15 फ्लाइटें या तो कैंसिल हो रही थीं या घंटों तक देरी से उड़ रही थीं। इसका सीधा असर यात्रियों के शेड्यूल पर पड़ा।

## कोर्ट में फर्जी दस्तावेज दाखिल करना कानून का अपमान : उच्च न्यायालय

याची पति की एसीजेएम कोर्ट से जारी सम्मन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भरण पोषण की राशि अदा करने से बचने के लिए फर्जी बैंक स्टेटमेंट दाखिल करने वाले पति की याचिका खारिज़ कर दी है। कोर्ट ने कहा कि फर्जी दस्तावेज दाखिल करना न्यायिक प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखने के सिद्धांत पर सीधा हमला है और यह कानून का अपमान है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने गौतम बुद्ध नगर के गौरव मेहता की याचिका खारिज़ करते हुए की है। याची ने याचिका दाखिल कर गौतम बुद्ध नगर की एसीजेएम कोर्ट से जारी सम्मन को चुनौती दी थी। याचिका के अनुसार वर्ष 2007 में याची का पहली पत्नी से तलाक हो गया। उसके बाद पत्नी ने अपने व नाबालिग बेटे के लिए भरण पोषण के लिए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अर्जी दी। भरण पोषण मामले की कार्रवाई के दौरान परिवार न्यायालय ने याची को आमदनी का रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया।



सत्र | कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से प्रस्ताव को मंजूरी, अब राज्यपाल के पास भेजा जाएगा

# 19 से शुरु होगा उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र

▸ यह सत्र काफी छोटा रहने की संभावना : सुरेश खन्ना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होगा। मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अब औपचारिक अनुमोदन के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के मुताबिक बताया, यह सत्र काफी छोटा रहने की संभावना है।



24 दिसंबर तक संचालित किए जाने का अनुमान है। सत्र की अवधि छोटी है लेकिन इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधायी और वित्तीय कार्यों को निपटाया जाएगा। राज्य सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक बजट पेश करेगी। अनुपूरक बजट उन अतिरिक्त खर्चों और नई योजनाओं के लिए आवश्यक होता है, जिनके लिए मुख्य बजट में प्रावधान नहीं किया गया था या जो बाद में सामने आए हैं। यह बजट प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने और कुछ नई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। माना जा रहा है कि दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा हो सकती है।

### अनुपूरक बजट को पारित कराने पर सरकार का जोर

एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित बनाना है। विपक्ष द्वारा अक्सर मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोप लगाए जाते रहे हैं, ऐसे में यह विषय सदन में गरमागरम बहस का मुद्दा बन सकता है। सरकार की कोशिश रहेगी कि वह अनुपूरक बजट को पारित कराने के साथ ही अन्य आवश्यक अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयक रिप्लेसिंग बिल को भी कानून का रूप दे सके। विपक्षी दल, कानून व्यवस्था, किसानों के मुद्दे और विकास कार्यों में हुई कथित देरी को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे, जिसके चलते सदन में हंगामा होने की भी पूरी संभावना है। यह सत्र, हालांकि संक्षिप्त होगा, 2025 के अंत में सरकार की प्राथमिकताओं और आगामी चुनावों से पहले की तैयारियों को स्पष्ट करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 136 जोड़े हुए एक-दूजे के





समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पयागपुर में आयोजित भव्य समारोह में खुशी का माहौल चरम पर रहा। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए 136 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए, जबकि 18 मुस्लिम जोड़ों का निकाह काजियों व मौलवियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

**यह योजना गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान : सुभाष त्रिपाठी**

मंगलगीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा परिसर विवाह उत्सव में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह योजना गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान है और इससे बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गौड़ ने सरकार की इस योजना को सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली पहल बताते हुए सभी नव दंपतियों को दीर्घ दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पयागपुर समय प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पाण्डे एवं ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह की विशेष उपस्थिति रही। व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डे, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज दीपेन्द्र पाण्डे और खंड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह आयोजन स्थल पर मौजूद रहे एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। इसी क्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नवविवाहित जोड़ों को स्वास्थ्य किट वितरित किए गए, जिससे उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे सामाजिक सौहार्द को मजबूती मिल रही है। समारोह शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री एवं विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# बाल विवाह के खिलाफ बिगुल : पयागपुर से उठा जागरूकता का राष्ट्रव्यापी संदेश

समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत - 100 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान के तहत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच द्वारा समस्त विकास खंडों के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के क्रम में रोसा संस्थान की सक्रिय कार्यकर्ता प्रतिमा सिंह के नेतृत्व में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम पयागपुर में संपन्न हुआ।

इस दौरान क्षेत्र के विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अभियान का बैनर विधिवत शुभारंभ कर जन-जन को बाल विवाह के खिलाफ संकल्प दिलाया। विधायक ने समाज को स्पष्ट और सशक्त संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लड़कियों का विवाह 18 वर्ष से पहले तथा लड़कों का विवाह 21 वर्ष से पहले कदापि न किया जाए, ताकि देश का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बन सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। पूरे पयागपुर क्षेत्र में इस जागरूकता अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। यह कार्यक्रम बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ और समाज को नई सोच देने वाला संदेश देकर संपन्न हुआ।



## खबरें एक नजर में

### थाना विशेश्वरगंज का सीओ पयागपुर ने किया निरीक्षण



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना बिशेश्वरगंज का त्रैमासिक निरीक्षण क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों, जनशिकायत पंजिका, महिला हेल्प डेस्क, रजिस्टर संख्या आठ, मालखाना तथा कार्यालय व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर की साफ–सफाई, आरक्षी बैरकों, मेस तथा मालखाना की व्यवस्थाओं की भी बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान मेस में गंदगी पाए जाने पर क्षेत्राधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल साफ–सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। सीओ पयागपुर ने लंबित विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सीओ ने कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने और जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिये।

### घने कोहरे में ट्रक-रोडवेज बस की सीधी टक्कर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा में रूपईडीहा थाना क्षेत्र के कुतुबुद्दीनपुर गांव के पास बुधवार सुबह घने कोहरे के कारण एक मालवाहक ट्रक और रोडवेज बस की आमने–सामने टक्कर हो गई। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही बाबागंज चौकी इंचार्ज शिवेश कुमार शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत ट्रक चालक को वाहन से बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चर्दा भेजा। चालक का इलाज जारी है। इस हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। चौकी इंचार्ज ने क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त ट्रक और रोडवेज बस को हटाने का काम शुरू करवाया, ताकि यातायात सामान्य हो सके। स्थानीय लोगों के अनुसार, घना कोहरा और बढ़ती ठंड के कारण दृश्यता कम होने से यह दुर्घटना हुई। प्रशासन ने लोगों को रात में वाहन चलाते समय धीमी गति से चलने और हेडलाइट्स का उपयोग करने की सलाह दी है।

### नोटिस के बाद भी नजूल भूमि पर मिट्टी पटवाई, तहरीर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर के पंतनगर इलाके में नोटिस के बावजूद नजूल भूमि पर मिट्टी पटाई करवाने पर नगर पालिका के नजूल अमीन गुरचरण पाण्डेय ने आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने को नगर कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक पंतनगर में नजूल जमीन स्थित है। उसपर निर्माण करवाया जा रहा था। मामले में पालिका द्वारा नोटिस देकर निर्माण रोकने को कहा गया। उसके बावजूद आरोपी नहीं माने और मिट्टी पटाई करवाना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत कुछ लोगों ने डीएम से की। डीएम के आदेश पर पालिका कर्मी ने मुकदमा दर्ज करवाने को तहरीर दी है।

### युवक को सांप ने काटा,अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर इलाके में स्थित जवाहरलाल ग्राम में सांप पकड़ने के दौरान एक युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। यह घटना तब हुई जब जवाहरलाल ग्राम निवासी राजेंद्र नामक युवक गांव में निकले एक जहरीले सांप को बोरे में बंद कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने जा रहा था। मौके पर सांप देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ, सीडीओ ने दिखाई झंडी



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय द्वारा वाहन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ जनपद के सभी विकास खंडों, प्रमुख चौक-चौराहों, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च तथा अन्य धार्मिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं।

रथों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह रोकथाम, इससे होने वाले दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत पोस्टर का भी शुभारंभ किया गया। जागरूकता रथ का उद्देश्य है कि बाल विवाह को खत्म करना, बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता फैलाना, जनपद में बाल विवाह की रिपोर्टिंग बढ़ाना, बाल अधिकार के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग एवं रूरल आर्गनाईजेषन फार सोषल एडवांसमेण्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह व्यापक जागरूकता अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विकास जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष, सुनील, अर्जुन प्रसाद, दीक्षित, मालिक एहतराम, प्रतिमा सिंह, विजय पाठक, हृदय राम, सुश्री फिरदौस फातिमा, पुष्पा सिंह, नीतिक भीमसेन सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एंटी करप्शन टीम ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर घूस लेते हुए बाबू को रंगेहाथों पकड़ा

**गोंडा।** स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक शशिकांत सिंह को एंटी करप्शन टीम के प्रभारी राज किशोर यादव ने पांच हजार रुपए का घूस लेते हुए रंगे हाथ कार्यालय से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करके नगर कोतवाली लेकर आई और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मुकदमा लिखाया। बहराइच जनपद के जरवल रोड थाना क्षेत्र के तप्पे सिपाह निवासी आशीष पांडेय के पिता अंगद पांडेय ने चिकित्सा प्रति पूर्ति की फाइल 50 हजार रुपए का मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां दिया था।जिस को पास करने के लिए वरिष्ठ सहायक शशिकांत सिंह ने पांच हजार रुपए का घूस मांगा था। आशीष पांडेय ने बताया कि उस के पिता वर्ष ,2014 में एक विभाग से प्रशानिक पद से सेवानिवृत हुए थे। कुछ दिनों से उनकी तबियत ठीक नहीं थी। जिसका इलाज कराया था। इलाज में लाखों रुपए खर्च हो गए थे। 50 हजार 956 रुपए का बिल बना था।

# राम गोपाल हत्याकांड में 10 लोग दोषी करार, सजा का ऐलान आज



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** महसी तहसील में बीते वर्ष दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में राम गोपाल मिश्रा नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने मंगलवार को दस लोगों को दोषी करार दिया है।

अदालत 11 दिसंबर, गुरुवार को इन सभी को सजा सुनाएगी। यह घटना बीते वर्ष 13 अक्टूबर को महाराजगंज बाजार में हुई थी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान गाना बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद छिड़ गया था। इसी दौरान रेहुआ मंसूर गांव के निवासी राम गोपाल ने बाजार में रहने वाले अब्दुल हमीद की छत पर चढ़कर उस पर लगे हरे झंडे हटा दिए थे। इसके बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के बाद पूरे इलाके में जबरदस्त हिंसा भड़क उठी थी। लोगों ने कई मकानों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया था। जिला प्रशासन ने काफी प्रयासों के बाद स्थिति पर काबू पाया था। पुलिस ने साक्ष्य और गवाह एकत्रित कर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया था। पुलिस ने इस मामले में महाराजगंज बाजार के अब्दुल हमीद, फहीम, सरफराज उर्फ रिंकू, मोहम्मद तालिब उर्फ सबलू, सैफ अली, जावेद खान, खुर्शीद, मोहम्मद जिशान उर्फ राजा उर्फ साहिल, शोएब खान, मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू, ननकऊ, मारुफ अली और शकील अहमद उर्फ बबलू को नामजद कर गिरफ्तार किया था। अदालत ने अब्दुल हमीद और उनके तीन बेटों सहित दस लोगों को धारा 103/2 के तहत दोषी माना है। फैसले से पहले मृतक राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा कि हमारे पति के कातिलों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

# आयकर की भूमिका व महत्व विषय पर एलबीएस कॉलेज में संगोष्ठी संपन्न




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** देश के समग्र विकास में आयकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बात श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में आई क्यू ए सी द्वारा आयोजित आयकर की भूमिका एवं महत्व पर चर्चा विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए आयकर अधिकारी प्रफुल्ल वर्मा ने कही। उन्होंने आयकर के विभिन्न स्रोतों और देश के निर्माण में आयकर की भूमिका पर प्रकाश डाला।

आयकर निरीक्षक विपिन सिंह एवं सीए पवन अग्रवाल ने आयकर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सभी नागरिकों को समय से आयकर जमा करने के लिए जागरूक किया। वहीं डॉक्टर ओंकार पाठक ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र पर चर्चा करते हुए आज भी इसे प्रासंगिक बताया द्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत बुके, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट करके किया द्य डॉ रेखा शर्मा ने मंच संचालन किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो बी.पी. सिंह ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रफुल्ल वर्मा जी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आयकर से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए छात्र छात्राओं की जिज्ञासा को शांत किया द्य प्रिया शुक्ला अनुपा यादव, अमितोष वर्मा, आदित्य चौरसिया, शिवासं तिवारी, ओंकार वर्मा, अमन पांडे एवं आर्यन पाठक ने आयकर पर पूछे गए प्रश्नों का सारगर्भित उत्तर देकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया द्य कार्यक्रम में प्रो अमन चंद्रा, प्रो मनसा राम वर्मा, प्रो शशि वाला, प्रो जयशंकर तिवारी, प्रो अरविंद कुमार शर्मा, डॉ बैजनाथ, डॉ वंदना भारती, डॉ ममता शुक्ला, डॉ धर्मेंद्र शुक्ला, डॉ ओम प्रकाश यादव, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ,डॉ अमित शुक्ला, सुमित मौर्य, आनंद चतुर्वेदी, योगेश श्रीवास्तव एवं रोहित सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

# भागवत कथा से मिलती है आध्यात्मिक धरोहर : रवि शंकर



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** नगर के भरत मिलाप चौराहे के पास स्थित स्वर्ण गंगा ज्वेलर्स परिसर में मंगलवार की शाम श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा अनुष्ठान का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हुआ। कथा प्रारंभ होते ही पूरा परिसर भजन, कीर्तन और हरे रामा-हरे कृष्णा के मधुर जयघोषों से गुंजायमान हो उठा।

कथा के प्रथम दिवस पंचवटी श्री सीताराम आश्रम ऋषिभूमि से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक श्री रवि शंकर गुरु भाई ने भागवत महापुराण के माहात्म्य का अत्यंत हृदयस्पर्शी और सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करने वाली अद्वितीय आध्यात्मिक धरोहर है।

कथावाचक ने भक्ति माता की उत्पत्ति, उनके रूपों और उनकी करुणा का अद्भुत चित्रण किया। उन्होंने ज्ञान और वैराग्य के वृद्ध होने और फिर भागवत श्रवण के प्रभाव से उनके युवा होने की कथा को इतनी भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया कि श्रोता भाव-विभोर हो उठे।शुकदेव जी के प्राकट्य की कथा का वर्णन भी अत्यंत मनोहारी रहा। श्री गुरु भाई ने बताया कि कैसे शुकदेव जी जन्म से ही परब्रह्म स्वरूप थे और कैसे उन्होंने वैराग्य और आत्मज्ञान की राह को अपने जीवन का सार बनाया।

कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु 'जय श्रीहरि' के उद्घोष के साथ भावविभोर होकर झूमते दिखाई दिए।कथा के समापन पर भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया,जिससे वातावरण और अधिक धार्मिक आस्था से भर उठा। इस पावन अनुष्ठान में मुख्य यजमान हेमलता रस्तोगी एवं जमुना प्रसाद रस्तोगी रहे, जिन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर कथा के सफल आयोजन हेतु मंगलकामनाएं कीं। कथा के दौरान संजय रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, शिवकुमार सोनी, सुधीर सोनी, रवि रस्तोगी, संतोष सोनी, अमित सोनी, रवि सोनी, संदीप मेहरोत्रा, अम्बरीष रस्तोगी, घनश्याम रस्तोगी, सोनिया रस्तोगी, सीमा सोनी, रंजन सोनी, काजल सोनी, आरती सोनी, अंजलि सोनी, पुष्पांजलि रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भक्तगण शामिल रहे।

# डीएम ने करियर गाइडेंस मेला का उद्घाटन कर विभिन्न स्टॉलों का किया अवलोकन



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोण्डा में जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेला का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर मेले का उद्घाटन किया तथा विभिन्न स्टॉलों और गतिविधियों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने मेले में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके करियर लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को व्यक्त किया–किसी छात्र ने आईपीएस बनने की इच्छा जताई, तो किसी ने पुलिस सेवा में जाने की बात कही। इसी प्रकार एक छात्रा ने आर्टिस्ट बनने का अपना सपना बताया। बच्चों के उत्साह और उनके स्पष्ट लक्ष्यों से जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में सफल होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है–स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने बताया कि करियर गाइडेंस मेला छात्रों के भविष्य निर्माण में अत्यंत उपयोगी है क्योंकि इससे बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों, तथा कौशल विकास की संभावनाओं के बारे में जानकारी मिलती है।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों को चाहिए कि वे समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करें जिससे छात्र अपने करियर को लेकर जागरूक और गंभीर बन सकें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा कौशल विकास केंद्रों द्वारा लगाये गए सूचना स्टॉलों का छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता के साथ अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने बच्चों को विभिन्न करियर विकल्पों, कोर्सों तथा प्रवेश प्रक्रिय प्रारंभ करने की जानकारी दी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोण्डा में जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारीगण, अधिवक्तागण, विद्यालयों के छात्र-छात्रायें तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**घोटाला** — सरकारी धन रिकवरी के लिए नोटिस भेजा गया, जवाब नहीं मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# स्वयं सहायता समूह के नाम पर एक करोड़ 31 लाख का घोटाला




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिले में स्वयं सहायता समूह के नाम पर लगभग एक करोड़ 31 लाख रुपये के घोटाले के खुलासा हुआ है, जिसके बाद हड़कंप मच गया है, जांच कमेटी ने इस संबंध में मुख्य विका स अधिकारी को रिपोर्ट भेजी है, जिसके बाद सरकारी धन रिकवरी के लिए नोटिस भेजा गया है जवाब नहीं मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

गोंडा जिले के रुपईडीह ब्लॉक में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के नाम पर 1.31 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है जांच में सामने आया कि कम पढ़ी-लिखी ग्रामीण महिलाओं के नाम पर समूह बनाकर, उनके लिए स्वीकृत ऋण राशि को ग्राम संगठन के पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से बंदरबांट कर लिया गया हैं।

**सीमा से ज्यादा हुआ भुगतान**

जांच कमेटी ने घोटाले की पुष्टि करते हुए विस्तृ त रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी है रिपोर्ट के अनुसार,कई समूहों में निर्धारित सी मा से कई गुना ज्यादा भुगतान किया गया है। जांच में सामने आया कि जहां प्रत्येक समूह को अधिकतम 1.50 लाख रुपये मिलने चाहिए थे, वहीं कुछ समूहों में दस से पंद्रह लाख रुपये त क की रकम निकाल ली गईं हैं। इसी अनियमित भुगतान की वजह से करीब 1.31 करोड़ रुपये का गबन कर लिया गया हैं ये पूरा लेन-देन ग्राम संगठन स्तर पर चेक और नकद में किया गया हैं, लाभार्थी महिलाओं को न जानकारी दी गई और ना ही उनके खातों में पूरी राशि पहुंची हैं।

जांच में यह भी सामने आया कि कई महिलाओं को यह तक पता नहीं कि उनके नाम पर लाखों रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ और निकाल भी लिया गया, रिपोर्ट में बताया गया कि कम-से-कम छह ग्राम संगठन इस पूरे मामले में संदिग्ध पाए गए हैं. इनके पदाधिकारियों ने मिलकर समूहों की राशि का दुरुपयोग किया, जबकि इससे जुड़े अधिकारियों पर भी सवाल उठे हैं। सीडीओ को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद मामले में प्रशासनिक कार्रवाई की पूरी संभा वना जताई जा रही है, संबंधित अधिकारियों, ग्राम संगठन पदाधिकारियों और अन्य जुड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तक की तैयारी की जा रही है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने भेजा लीगल नोटिस

जिले के मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि सरकारी धन के दुरुपयोग करने वा लों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और हर हाल में सरकारी धन के बंदरबाट करने वा लों से रिकवरी की जाएगी आरोपी समूहों को लीगल नोटिस दिया गया है। जल्द ही एफआई आर की कार्रवाई भी की जाएगी।

### सहायता समूहों पर गबन का आरोप

जिन स्वयं सहायता समूह पर सरकारी धन के गबन करने का आरोप लगा है वो हैं– रुपईडीह विकासखंड के अंतर्गत नंदबाबा ग्राम संगठन और पंचमुखी मनोहर जोत के साथ–साथ जय माता दी स्वयं सहायता समूह. भारतीय क्लस्टर लेवल फेडरेशन नंद बाबा और जय माता दी इनके माध्यम से 15 लाख 80 हजार रुपए का गबन किया गया। भारती क्लस्टर लेवल फेडरे शन के अंतर्गत किसान ग्राम संगठन व लक्ष्मी समूह द्वारा 10 लाख 50 हजार का गबन कि या गया हैं।भारतीय क्लस्टर लेवल फेडरेशन के अंतर्गत किसान ग्राम संगठन और लक्ष्मी समूह ने 4 लाख ?50000 का गबन किया हैं भारती क्लस्टर लेवल फेडरेशन के अंतर्गत कोमल आ जीविका ग्राम संगठन और फार्म पदमा ट्रेडर्स और जय माता दी स्वयं सहायता समूह इन सभी ने मिलकर 21 लाख 60 रुपए का गबन किया हैं। मनोहर लाल क्लस्टर लेवल फेडरेशन के अंतर्गत महिला शक्ति ग्राम संगठन 15 लाख 75000 का गबन किया है।राधा महिला ग्राम संगठन और लक्ष्मी आजीविका और दुर्गा महि ला स्वयं सहायता समूह में मिलकर 16 लाख 50 हजार का गबन किया हैं।अवस्थी पेंट स्व यं सहायता समूह मल्लापुर फरेंदा शुक्ला के पदाधिकारी के साथ सावित्री देवी ग्राम संगठन ने 10 लाख 80 हजार का गबन किया है।शक्ति प्रेरणा भरकुंडी के पदाधिकारी ने आपस में मि लकर तीन लाख 63000 और शक्ति प्रेरणा भरकुंडी 8 लाख 52000 का गबन किया है।

# पर्यटकों को लखनऊ भ्रमण कराने को 1090 चौराहे से चलेगी इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को 31 दिसंबर 2025 तथा फरवरी, 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर शीघ्रता से कार्य करते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए हिदायत दी है। इसके साथ ही विभिन्न विकास परिषदों के क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर बल दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि निर्माण कार्यों में वित्तीय अनुशासन, समयबद्धता तथा गुणवत्ता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।



बस में प्रशिक्षित गाइड की व्यवस्था होगी, जो ऐतिहासिक एवं प्राचीन धार्मिक स्थलों के इतिहास पृष्ठ भूमि मान्यताओं एवं विरासत के बारे में जानकारी देंगें। डबल डेकर बस का शुभारंभ भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को किया जाना प्रस्तावित है।

पर्यटन मंत्री बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यकलापों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजधानी आने वाले पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं को लखनऊ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने के लिए 1090 चौराहे से जयवीर सिंह ने समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए कि जहां पर भी पर्यटन एवं संस्कृति की परियोजनाएं संचालित की जा रही है उस स्थल पर एक बोर्ड लगाया जाए, जिसमें परियोजना का नाम, अनुमानित लागत, पूर्ण होने की तिथि तथा अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता का मोबाइल नंबर अंकित हो। इसके साथ ही आम जनता परियोजना की पृष्ठभूमि, आस्था एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जान सके। उन्होंने बोर्ड पर कार्यदायी संस्था का नाम एवं मोबाइल नंबर भी दर्शाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनः दौहराया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। घटिया सामग्री का उपयोग पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार तथा कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा अवध केसरी राणा बेनी माधव सिंह की स्मृति में निर्माणाधीन सभागार एवं पुस्ताकालय का निर्माण, बंदायू में ऑडिटोरियम, जनपद कन्नौज में रोमा समुदाय को समर्पित स्मारक एवं मुक्ताकाशी मंच का निर्माण, चित्रकूट में महर्षि बाल्मिकी सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के संग्रहालय के आंतरिक कार्य के निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए ताकि इन महापुरूषों से जुड़े स्थलों का शीघ्र लोकार्पण किया जा सके।

### मंत्री ने की कार्यों की अद्यतन प्रगति गहन समीक्षा

जयवीर सिंह ने संस्कृति निदेशालय तथा उप्र संग्रहालय निदेशालय के निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति गहन समीक्षा की। उन्होंने हरदोई, एटा, अलीगढ़, पीलीभीत, फिरोजाबाद, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अमरोहा में निर्माणाधीन रामलीला चारदीवारीयों को 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े रामलीला मैदान में आंगतुकों के लिए टॉयलेट कॉपलेक्स बनाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश की निर्माणाधीन रामलीला चारदीवारी में एकरूपता होनी चाहिए। इसके साथ ही दीवारों पर सनातन परंपरा की झलक दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यही स्टैंडर्ड पूरे प्रदेश के रामलीला स्थलों पर लागू होगा। जयवीर सिंह ने जनपद चित्रकूट स्थित रामलीला स्थल व रामायण मेला परिसर के शुद्धिकरण का कार्य विलंब से चलने पर अप्रशंता व्यक्त की।

# शिक्षामित्रों की हो सकती है घर वापसी विवाहित महिलाओं को होगी सहूलियत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** शिक्षा मित्रों को मूल विद्यालय में वापसी का मौका मिलेगा। इस बाबत संशोधित शासनादेश जारी कर दिया गया है। जिला स्तर पर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। विवाहित महिला शिक्षा मित्र अपने मूल विद्यालय के अलावा अपनी ससुराल का नजदीकी स्कूल भी चुन सकेंगी।

सपा सरकार में प्रदेश के 1.37 लाख शिक्षा मित्रों को शिक्षक बनाया गया था। शिक्षक बनने पर उनको दूसरे ब्लॉक में पोस्टिंग दी गई थी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उनका बतौर शिक्षक किया गया समायोजन रद्द कर दिया गया। वे फिर से शिक्षा मित्र बन गए, लेकिन मूल विद्यालय से दूर हो गए। शिक्षा मित्र अपने मूल विद्यालय में वापसी की मांग कर रहे हैं। सरकार ने इस साल मार्च और फिर जून में इस बाबत शासनादेश जारी किए, लेकिन अब तक तबादला प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। महिला शिक्षा मित्रों के अपनी ससुराल का विकल्प चुनने सहित कुछ मुद्दों पर विभाग ने एक बार फिर शासन से राय मांगी थी। इस पर शासन ने अनुमति दे दी है। जल्द ही प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। शिक्षा मित्रों के लिए इसमें सभी विकल्प खुले रखे गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### कामगार महिलाओं को 75 प्रति घंटा के हिसाब से वेतन देने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संगठन (एडवा) के मुख्यालय पर घरेलू कामगार महिला संगठन की संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आई घरेलू कामगार महिलाओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल एडवा की मधु गर्ग ने घरेलू कामगार महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। मधु गर्ग ने कहा कि देश में बढ़ते आर्थिक संकट और महंगाई के दबाव ने गरीब महिलाओं को परिवार चलाने के लिए दूसरों के घरों में काम करने के लिए मजबूर कर दिया है। कृषि क्षेत्र में लगातार बढ़ते संकट और बेरोजगारी के कारण ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है,जिससे शहरी क्षेत्रों में घरेलू कामगार महिलाओं की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। मधु गर्ग ने कहा कि अधिकांश महिलाएं अशिक्षित होने के साथ-साथ किसी विशेष कौशल में प्रशिक्षित नहीं हैं। ऐसे में घरेलू काम ही उनके लिए रोजगार का प्रमुख विकल्प बन जाता है। पारंपरिक रूप से घर-गृहस्थी का काम जानने के कारण वे यह कार्य आसानी से कर तो लेती हैं, लेकिन उनके श्रम का उचित मूल्य अभी तक निर्धारित नहीं हो पाया है। महिलाओं को उनका सही मेहनताना न मिलाना अफसोस नाक है। घरेलू कामगार महिला संगठन ने सरकार से कई मांग किया।

### सांड ने शटरिंग मिस्त्री को सींग मारी, पेट में लगे 15 टांके

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर स्थित चिल्लावां में एक आवारा सांड़ ने शटरिंग मिस्त्री लक्ष्मण लोधी (45) पर हमला कर दिया। मंगलवार शाम हुई इस घटना में मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनके पेट में 15 टांके लगाए हैं। लक्ष्मण लोधी मंगलवार शाम चिल्लावां बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में दो आवारा सांड़ आपस में लड़ रहे थे। जब लक्ष्मण ने उनसे बचकर निकलने की कोशिश की, तो एक सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ की सींग लगने से उनके पेट में गहरा घाव हो गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह सांड़ को भगाया और एंबुलेंस बुलाकर लक्ष्मण को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उनके पेट में 15 टांके लगाए गए हैं और फिलहाल उनका इलाज जारी है।

### 69वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियां तेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड में 13 से 17 दिसंबर तक होने वाली 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव ने की। इस बैठक में संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ. प्रदीप कुमार, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर, समग्र शिक्षा के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी व कॉलेज प्राचार्य अतुल सिन्हा सहित आयोजन में तैनात सभी अधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षा निदेशक ने प्रतियोगिता की संपूर्ण तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उपस्थित कार्मिकों से सुझाव भी मांगे और समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। मीडिया कोऑर्डिनेटर और मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस बार देश के विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सोसाइटीज को मिलाकर 44 इकाइयों में से 41 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि की है।

देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना, 1000 मेगावाट टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की तृतीय यूनिट का शुभारंभ

# भारत तेज गति से ऊर्जा आत्मनिर्भरता क्षेत्र में आगे बढ़ रहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना, 1000 मेगावाट टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की तृतीय यूनिट का वाणिज्यिक संचालन बुधवार को केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की वर्चुअल उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया।



टिहरी पीएसपी देश की प्रथम वेरिएबल स्पीड तकनीक वाली पंप स्टोरेज परियोजना है, जो ऑफ-पीक घंटों में अतिरिक्त बिजली को स्टोर करके ग्रिड को 1000 मेगावाट तक की पीकिंग पावर उपलब्ध कराएगी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में एक नई क्षमता प्राप्त हुई है, जो राज्य के विकास और उपभोक्ताओं को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होगी। टिहरी पीएसपी देश की प्रथम वेरिएबल स्पीड तकनीक वाली पंप स्टोरेज परियोजना है, जो ऑफ-पीक घंटों में अतिरिक्त बिजली को स्टोर करके ग्रिड को 1000 मेगावाट तक की पीकिंग पावर उपलब्ध कराएगी। परियोजना की चार इकाइयों में से प्रथम दो पहले ही सफलतापूर्वक वाणिज्यिक उत्पादन कर रही हैं, जबकि तृतीय इकाई के संचालन से परियोजना की क्षमता और अधिक मजबूत हुई है।

वेरिएबल स्पीड पीएसपी तकनीक की सहायता से बिजली की मांग के अनुरूप ऊर्जा का रियल टाइम स्टोरेज एवं रिलीज संभव सकेगा। इससे राष्ट्रीय ग्रिड पर लोड मैनेजमेंट और अधिक सुदृढ़ होगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बिना किसी रूकावट के ग्रिड से जोड़ा जा सकेगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत तेज गति से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, टिहरी परियोजना उत्कृष्ट उदाहरण है। तृतीय इकाई के उत्पादन से 25 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी।

उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि परियोजना की चौथी इकाई का उद्घाटन आगामी महीनों में संपन्न हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हुई तो राज्य पूर्ण रूप से तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य ऊर्जा मंत्री श्रीपाद नाइक, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, सचिव विद्युत मंत्रालय भारत सरकार पंकज अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

### पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर को कोर्ट ले गई पुलिस

**लखनऊ ।** यूपी के पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर को ट्रेन से उठा लिया गया। वह दिल्ली जा रहे थे। शाहजहांपुर में सादे कपड़ों में आधी रात कुछ लोग ट्रेन में घुसे और उन्हें अपने साथ ले गए। पहले खबर आई कि अमिताभ ठाकुर को किडनैप किया गया है। हालांकि, बाद में पत्नी नूतन ठाकुर को लखनऊ पुलिस ने कॉल किया। कहा हमने उन्हें गिरफ्तार किया है। अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी का एक्स अकाउंट भी सस्पेंड है। दावा किया जा रहा है कि पुलिस ने दोनों का अकाउंट सस्पेंड करवाया है। पुलिस ने अमिताभ ठाकुर से 2 घंटे तक एक गुप्त जगह पर पूछताछ की। फिर उन्हें मेडिकल कराने ले जाया गया। यहां पत्रकारों से अमिताभ ठाकुर ने कहा मेरे खिलाफ अन्याय हो रहा है। मेडिकल के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

# ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन के साथ ब्रांड पार्टनरशिप को 15 वर्षों के लिए बढ़ाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कार इन्फोटेनमेंट एवं ऑडियो एक्सेसरीज के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद नाम ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी पार्टनरशिप को 2041 तक बढ़ाने का एलान किया है।

यह इनोवेशन, भरोसे एवं भारतीय कस्टमर्स को विश्वस्तरीय ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने के साझा विजन पर बने 27 साल के गठजोड़ को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। रीन्यू किए गए इस एग्रीमेंट से भारत के तेजी से बदलते ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को लेकर ब्लॉपंक्ट की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली है, साथ ही यह प्रमुख



ग्रोथ पार्टनर के रूप में बीपीआईएन की भूमिका को रेखांकित करता है। बीपीआईएन के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज जगवानी ने कहा कि ब्लॉपंक्ट के लिए भारत सबसे रोमांचक एवं संभावनाओं वाला बाजार बना हुआ है। यह कदम भारतीय ग्राहकों को वैश्विक इनोवेशन उपलब्ध कराने के हमारे साझा मिशन का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य ब्लॉपंक्ट को परफॉर्मेंस, भरोसा एवं प्रीमियम क्वालिटी चाहने वाले ओईएम एवं कार मालिकों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाना है।

### कॉस्ट डाटा बुक संशोधन के लिए 18 को बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लंबे समय से लंबित कास्ट डाटा बुक 2019 को संशोधित कर नई कॉस्ट डाटा बुक जारी करने के लिए उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने 18 दिसंबर को आयोग सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक में सभी विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशक, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टोरेंट पावर और नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड सहित उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष सहित निदेशक विद्युत सुरक्षा को भी आमंत्रित किया गया है। उपभोक्ता परिषद इस बैठक में उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली का मुद्दा प्रमुख रूप से उठायेगा। उपभोक्ता परिषद लंबे समय से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब-कमेटी की बैठक बुलाने की मांग कर रहा था।

# ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 150 चालान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** ट्रैफिक पुलिस अचानक सड़कों पर सख्त मोड में नजर आई। हजरतगंज, कैसरबाग, हुसैनगंज, गौतम पल्ली, गोमती नगर, विभूति खंड, 1090 चौराहा, इंदिरा नगर और मुंशी पुलिया समेत कई प्रमुख चौराहों पर बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया गया। कहीं हेलमेट की जांच हुई, तो कहीं गाड़ी के कागज और मॉडिफाइड साइलेंसर पर कार्रवाई की गई। अभियान से शहर के ट्रैफिक में अचानक हड़कंप सा माहौल दिखा।

अचानक शुरू हुए इस अभियान में सबसे अधिक चेकिंग हजरतगंज, कैसरबाग और हुसैनगंज क्षेत्रों में देखने को मिली। दोपहर में शुरू हुई कार्रवाई शाम तक जारी रही।



कैसरबाग में ओडियन सिनेमा के पास कड़ी जांच, कई बाइकें सीजथाना कैसरबाग क्षेत्र में ओडियन सिनेमा के पास बिना हेलमेट, कागजों की कमी और हुड़दंग में इस्तेमाल होने वाली मॉडिफाइड बुलेट्स पर कार्रवाई हुई। दो दर्जन से ज्यादा मोटरसाइकिलें सीज की गईं। पुलिस का दावा है कि अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकिसी तरह की ढिलाई नहीं बरती गई। कई वाहन चालक ऐसे मिले जो हेलमेट नहीं पहने थे या ड्राइविंग के दौरान मोबाइल पर बात कर रहे थे। मौके पर ही चालान किए गए और कुछ वाहनों को जब्त भी किया गया। चेकिंग में इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी और थाना कैसरबाग की पूरी फोर्स मौजूद रही। पुलिस लगातार वाहनों को रोककर जांच करती रही। एडीसीपी सेंट्रल जितेंद्र दुबे ने बताया कि तीन घंटे से अधिक समय तक अभियान चला। जिनके पास वाहन के कागज नहीं थे, हेलमेट नहीं था या अन्य नियम उल्लंघन थे, उनके चालान किए गए। करीब 150 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। अचानक कड़े अभियान से कई लोग बिना हेलमेट और कागजों के पकड़े गए। डेढ़ सौ वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई, जिनमें कुछ को सीज भी किया गया।

# तकनीकी शिक्षा को उद्योग-उन्मुख बनाने के लिए लखनऊ में हुई समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा को उद्योग-उन्मुख बनाकर युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप से संचालित करने पर जोर दे रही है।

लखनऊ में 'पॉलीटेक्निक चलो अभियान-2026' के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा तैयार की गई प्रस्तुति को जनपदों में बड़े पैमाने पर प्रसारित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएँ तकनीकी शिक्षा की ओर आकर्षित हों। डिजिटल माध्यमों, विशेषकर ऑडियो-विजुअल प्रचार सामग्री के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि पॉलीटेक्निक चलो अभियान-2026 को सफल बनाते हुए अभ्यर्थियों को इंडस्ट्री ओरिएंटेड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूक किया जाए। बदलते औद्योगिक परिवेश और मार्केट की मांग के अनुरूप नए पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी कौशल प्राप्त हो सके और वे कोर्स पूर्ण करते ही रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2024 में 4,12,759 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था।

# समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : डॉ. प्रियंका

▸ जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह संपन्न

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विश्व मानवाधिकार दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर सभागार में बुधवार को जय हिन्द मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद द्वारा एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की तेज तर्रार सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या उपस्थित रहीं।

इस मौके पर राज्य के विभिन्न जिलों से तमाम लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को



मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें सोनभद्र जिले से आमंत्रित पत्रकारद्वय संतोष कुमार नागर एवं जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन सोनभद्र के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सेराज हुसैन सहित अन्य गणमान्य लोग सम्मानित किए गए।इस मौके पर शमशेर गाजीपुरी, मकबूल अंसारी, वरूणा शर्मा, कमलेश सोनकर, जाकी मुख्तार अहमद, शहजादे, अनीता गुप्ता, अवधेश मोर्या, राहुल कुमार, जमील, सूरज केसरवानी, सावित्री देवी, रेखा गुप्ता, राहुल, धमेन्द कुमार, आकाश जायसवाल, राजेश गोतम, अली अहमद, चंदन बिंद, पंचम बिंद, सलमान, फतेह,एजाज अहमद, तुफैल अहमद, सहित सैकड़ों लोग शामिल रहें। कार्यक्रम बहुत ही शानदार देखने को मिला विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर देश के कई प्रदेशों से आए हुए लोगों को सम्मानित किया गया।

### महिला अधिकारों को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** महिलाओं के अधिकारों और हिंसा के खिलाफ चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के समापन अवसर पर तथा मानव अधिकार दिवस के विशेष अवसर पर, इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत मुबारक, चिलौली, ब्लाक काकोरी, लखनऊ में महिलाओं व लड़कियों के अधिकारों पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 55 महिलाएं, किशोरियां और ग्रामीण समुदाय के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अमित ने कहा कि यह 16 दिवसीय अभियान महिलाओं के अधिकारों को समाज के हर स्तर तक पहुंचाने का एक मजबूत प्रयास रहा है।

# टेढ़ी पुलिया में सड़क धंसाव की मरम्मत शुरु, सुएज की टीम ने संभाला जिम्मा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** टेढ़ी पुलिया क्षेत्र में हुए सड़क धंसाव की मरम्मत का कार्य अंततः सुएज की टीम द्वारा शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह सड़क धंसाव 27 सितंबर 2025 को हुआ था, जिसकी मुख्य वजह सीवर पाइपलाइन की स्ट्रेंथ बढ़ाने का कार्य बताया गया। इस कार्य के लिए जल निगम ने एक कार्यदायी संस्था को अनुबंधित किया था, जिसने सीवर लाइन पर चार महीने तक 'रोका' लगाया, अर्थात पानी के प्रवाह को अस्थायी रूप से रोका गया।

इसी दौरान टेढ़ी पुलिया के पास सीवर लाइन में लीकेज हुई, जिसके परिणामस्वरूप सड़क धंस गई और स्थानीय यातायात बाधित हो गया। मरम्मत कार्य शुरू करने से पहले जलकल विभाग को ट्रैफिक विभाग और पीडब्ल्यूडी से रोड कटिंग व डायवर्जन संबंधी स्वीकृतियाँ लेनी पड़ीं। चूँकि अलग-अलग विभागों से अनुमोदन प्राप्त करने में समय लगता है, इसलिए कार्य प्रारंभ होने में विलंब होना स्वाभाविक था। सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने बताया कि सड़क धंसाव की मरम्मत का कार्य पूरी सुरक्षा मानकों के साथ शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा, गड्ढा काफी गहरा है, इसलिए हमारी टीम सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य कर रही है। उम्मीद है कि मरम्मत कार्य जल्द ही संपादित कर लिया जाएगा और यातायात सामान्य स्थिति में लौट आएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि टेढ़ी पुलिया बाजार और आसपास के इलाकों में सड़क धंसाव के कारण कई हफ्तों तक आवागमन प्रभावित रहा।

# उत्तर प्रदेश बना निवेशकों की पसंद, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिल रही स्वीकृति

▸ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से उद्यमियों को मिलेगा नया आयाम, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे रोजगार की अपार सम्भावनाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में किसानो व उद्यमियो की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं के लिए रोजगार की अपार सम्भावनायें है।

खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं तथा प्रदत्त व प्राविधानित अनुदान आदि के बारे मे लोगो को जागरूक व प्रेरित किया जाय, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। इस दिशा मे उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानो के उत्पादो का अधिक से अधिक दाम दिलायें। विकसित भारत के निर्माण मे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। श्री मौर्य के मार्गदर्शन में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को लगातार स्वीकृति मिल रही है और उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन रहा है। खाद्य प्रसंस्करण से किसानो व युवाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से उद्यमियों को नये आयाम मिल रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं। नीति से स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा और गांव-गांव तक औद्योगिक समन्वय पहुंच रहा है। यूपी मे फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री बनेगी निवेश व रोजगार का नया केंद्र-बन रही है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है।

शिलान्यास

नाला बसंत टावर से आलमबाग चौराहे तक 950 मीटर की लंबाई में किया जाएगा निर्मित

# महापौर ने किया आलमबाग में नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आलमबाग क्षेत्र में बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह नाला बसंत टावर से आलमबाग चौराहे तक लगभग 950 मीटर की लंबाई में निर्मित किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 1.48 करोड़ निर्धारित है। लंबे समय से क्षेत्र में व्याप्त जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नाले के निर्माण से स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को वर्षा



ऋतु में बड़ी राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सम्मानित जन-प्रतिनिधि, व्यापारीगण और नागरिक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से पार्षद सौरभ सिंह मोनू, रंजीत सिंह, पार्षद प्रतिनिधि गिरीश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह, नानक चंद लखमानी, राकेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता करुणेश त्रिपाठी, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पा श्रीवास्तव, आलमबाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय संमुख, संरक्षक राम कुमार वर्मा जी, वरिष्ठ महामंत्री मो. हसीब बबलू, तेजपाल तेजू, अजीत वर्मा, पप्पू यादव, मो. इदरीश बबलू एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। कार्यक्रम में जोन 5 के जोनल अधिकारी विनीत सिंह, अधिशासी अभियंता राजीव कुमार शर्मा तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने उपस्थित नागरिकों को मुख्यमंत्री योगी द्वारा प्रदेशवासियों के नाम लिखी गई पाती के बारे में भी अवगत कराया।

### घुसपैठियों को घर या दुकान में काम न देने का आग्रह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आलमबाग चौराहे स्थित मार्केट में बुधवार को आयोजित जन-संपर्क कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने व्यापारियों, कारोबारियों और स्थानीय निवासियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेशवासियों के नाम भेजी गई महत्वपूर्ण पाती के विषय में विस्तार से अवगत कराया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक मुख्यमंत्री के संदेश को सुना और इस पहल की सराहना की।महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लिखी गई यह पाती एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील विषय पर जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु जारी की गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में कानूनी प्रक्रिया के तहत अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई निरंतर जारी है। ऐसे में नागरिकों की सतर्कता और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि घरेलू या व्यावसायिक कार्य के लिए किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पूर्व उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी स्थिति उत्पन्न न हो।

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे पंचायत सचिवों ने साइकिल चलाकर प्रदर्शन किया

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे पंचायत सचिवों ने बुधवार को कस्बे में साईकिल चलाकर प्रदर्शन किया। शासन द्वारा विगत एक दिसम्बर से ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सचिवों हेतु समय से ग्राम पंचायत कार्यालय पहुँचकर कार्यदिवस में सुबह,दोपहर तथा शाम तीन बार ऑनलाइन हाजिरी पोर्टल पर अपलोड करने का शासनादेश जारी किया गया था। एक दिसम्बर से ही काली पट्टी बाँधकर विरोध कर रहे विकासखण्ड के सचिवों ने सोमवार को ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में बुधवार को पंचायत सचिवों ने विकासखण्ड कार्यालय से लेकर कस्बे में पेट्रोल पम्प से कोतवाली तक साइकिल चलाकर प्रदर्शन किया। नेतृत्वकर्ता शिवालय शर्मा ने बताया कि सरकार ने सचिवों को आठ से दस तक की संख्या में ग्राम पंचायतों का प्रभार दे रखा है। साईकिल एलाउंस और अतिरिक्त प्रभार के कारण ऑनलाइन हाजिरी भला कैसे संभव हो पाएगी। इस दौरान राकेश कुमार, योगेन्द्र सिंह, रामबहोरन चौधरी, अकरम खां, पंकज बाजपेई, पंकज कुमार आदि सचिव मौजूद रहे।

### मिर्जापुर पुलिस ने एक सप्ताह बाद भी मोबाइल और ई-रिक्शा लूट की नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर।** बीती दो दिसंबर की रात क्षेत्र के ग्राम उदयपुर भूड़ा निवासी ई रिक्शा चालक राहुल पुत्र बृजमोहन का किराए पर ई रिक्शा लेकर गए तीन बदमाश तमंचा और चाकू दिखाकर रिक्शा चालक का मोबाइल और ई रिक्शा लूटकर फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। किंतु पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। परेशान रिक्शा चालक ने थाना पुलिस से नाउम्मीद होकर पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर दिए प्रार्थना पत्र में रिपोर्ट दर्ज करवाए जाने की मांग की है। पीड़ित ई रिक्शा चालक राहुल ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि दो दिसंबर की रात करीब दो बजे वह अपने ई रिक्शा से गांव की सवारी लेने जरियनपुर बस अड्डे पर जा रहा था। रास्ते में उसे तीन युवक मिले,उन्होंने कहा कि उन्हें फरुखाबाद रोड पर ग्राम कांकरकटा पहुंचा दो। वह तीनों युवकों को अपने ई रिक्शे में बैठकर कांकरकटा मोड़ की ओर चल दिया। आरोप है कि रास्ते में तीनों बदमाशों ने तमंचा और चाकू निकाल लिए और उसे बांधकर रोड किनारे फेंककर उसका मोबाइल और ई रिक्शा लेकर चले गए। सुबह को उसने घटना की तहरीर मिर्जापुर थाने में दे दी। पीड़ित ई रिक्शा चालक का कहना है कि उसने बमुश्किल कुछ रुपए जोड़कर शेष 80 हजार ई रिक्शा एजेंसी पर उधर करके ई रिक्शा लिया था। जिसे वह दिन रात चलाकर ई रिक्शा एजेंसी का बकाया अदा करने के साथ ही अपने परिवार के गुजारे की व्यवस्था कर रहा था।

### भाइयों ने मंदबुद्धि मां को बहाने से ले जाकर हड़पी लाखों की जमीन

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** थाना कटरा क्षेत्र के बतलैया गांव में पारिवारिक विवाद आपराधिक रूप ले चुका है। छोटे बेटे कैलाश पुत्र घनश्याम मिश्रा ने बड़े भाइयों पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये मूल्य की जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उसके बड़े भाई शिवश्यामकुजो आई.टी. पी. बी. 3 बटालियन बरेली में हेड कांस्टेबल हैकृतथा दूसरे भाई विजयकांत ने मिलकर मंदबुद्धि मां को चश्मा बनवाने के बहाने ले जाकर उनकी जमीन का दबाव व छल से दानपत्र अपने नाम करा लिया। पीड़ित कैलाश का कहना है कि आरोपी हेड कांस्टेबल शिवश्याम ने पहले 5 जुलाई 2025 को सब-रजिस्ट्रार तिलहर को पत्र देकर स्वयं यह बताया था कि मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है तथा किसी प्रकार का बैनामा न किया जाए। इसके बावजूद 28 नवंबर 2025 को दोनों भाइयों ने चोरी-छिपे दानपत्र लिखवा लिया। जब कैलाश को इसकी जानकारी मिली और उसने आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने दानपत्र निरस्त कराने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया है तथा कटरा पुलिस से आरोपी भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी, दबंगई और धमकी के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### ग्राम पंचायतों में किए गए निरीक्षणों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्यों की गुणवत्ता परखी

**बंडा-शाहजहांपुर।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में जिला विकास अधिकारी रिषी पाल सिंह की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट ब्लॉक स्तरीय एग्जिट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। ब्लाक में आयोजित सोशल ऑडिट टीम ने ग्राम पंचायतों में किए गए निरीक्षणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं तथा जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति पर प्रकाश डाला। जिला विकास अधिकारी ने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जन सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सोशल ऑडिट को सुशासन और विकास कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इसी क्रम में डीडीओ ने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण भी किया। बीडीओ विजय कांत मिश्रा ने सचिवों और ग्राम पंचायत प्रधानों से अपेक्षा की कि वे सोशल ऑडिट के दौरान उठाए गए बिंदुओं पर गंभीरता से अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने तथा जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। बीडीओ ने सभी विभागों को समयबद्ध सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सम्मेलन में बीडीओ विजय कांत मिश्रा, एडीओ पंचायत जमालुद्दीन, समेत ग्राम पंचायत सचिवों ग्राम प्रधानों ने भाग लिया।

### बेजुबान पशुओं को शीत से बचाव को जिला प्रशासन की एडवाइजरी जारी



**शाहजहांपुर।** जनपद में शीतलहर के दृष्टिगत गोशालाओं में व्यवस्थाएं दुरस्त रखने को प्रशासन तैयार हो गया है।बेजुबान पशुओं को शीत से बचाव को जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। गोशालाओं की देखरेख को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी ब्लाकवार लगा दी गई है। जिससे कि गोशालाओं में संरक्षित पशुओं को ठंड से बचाव को क्या क्या इंतजाम एनजीओ कर रहे हैं। वह लोग इसकी रिपोर्टिंग करके अधिकारियों को उपलब्ध कराएं। वहीं सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने गोशालाओं में अलाव, तिरपाल समेत अन्य व्यवस्थाएं रखने को अधीनस्थों को निर्देश दिए है। सीडीओ ने बताया कि विकास भवन वार रुम से गोशालाओं की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। मवेशियों को ठंड से बचाव के लिए सारे इंतजाम कराएं जा रहे हैं।

### नगरायुक्त ने देरशाम जलभराव की समस्या निस्तारण को किया स्थलीय निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण गठन के बाबजूद भी अनाधिकृत प्लाटिंग, कालोनियों विकसित किए जाने का कार्य धडल्ले से चल रहा है। जिस कारण शहर में अव्यवस्थाएं फैली हुई है और लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजा क्षेत्र के अहमदपुर न्याजपुर सेटेलाइट बस स्टैंड जाने वाली रोड किनारे अनाधिकृत से की जा रही, अवैध प्लाटिंग से नाली को मलबा बगैरह डालकर चोक कर दिया गया है, जिस कारण रेती साइड के घरों से आने वाले पानी की निकासी पूरी तरह बंद हो गई है। इससे रेती से सेटेलाइट बस स्टैंड को जाने वाला मार्ग नाली के गंदे पानी से जलमग्न हो गया है। मोहल्ले वालों की शिकायत पर नगर आयुक्त डा.विपिन कुमार मिश्रा ने निगम अधिकारियों के साथ देरशाम निरीक्षण कर जलभराव की समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया और जलनिकासी दूर करने का उचित निस्तारण को अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि जिन लोगों द्वारा अनाधिकृत तरीके से प्लाटिंग बगैरह की गई है, इनको एसडीए के माध्यम से नोटिस भिजवाया जाएगा। जल्द ही जलनिकासी कराई जाएगी।

# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल व स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण सनी सिंह द्वारा पटल पर जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति से अवगत कराते हुए जल निगम की 13 नग पाइप पेयजल योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथ विस्तारित करने के सम्बन्ध में सरपंच एवं पंचायत सचिव को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए जेजेएम डेशबोर्ड 2.0 पोर्टल को लॉगिन किये जाने के सम्बन्ध में, जल जीवन मिशन हर घर जल के अन्तर्गत 'नल जल मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत नल जल मित्र चयन किये जाने के सम्बन्ध में, जेजेएम डेशबोर्ड 2.0 पोर्टल पर जिलाधिकारी की लॉगिन आईडी से रुरुल पाइपेड वाटर सप्लाई स्कीम आईडी बनाये जाने के सम्बन्ध में जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद की पाइप पेयजल योजनाओं का प्लान प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध, संचालन एवं अनुरक्षण फेज की नीतियों तथा भुगतान प्रक्रिया के सम्बन्ध आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। डीएम ने अनुबन्धित फर्म को जनपद के प्रत्येक राजस्व ग्राम में इच्छुक कनेक्शन धारकों के कनेक्शन घरों के अन्दर किये जाने के निर्देश दिये गये तथा जनपद के सभी विद्यालयों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ डा अपराजिता सिंह, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अवधेश राम, बीएसए दिव्या गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी के प्रतिनिधि, सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण तथा अवर अभियन्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने नगर में जल भराव की समस्या पर ईओ को जल निकास के दिए निर्देश



**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर की गम्भीर होती जल भराव की समस्या पर आज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को तत्काल जल निकास के नालों एवं तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर प्रस्तावित बड़े तालाब का सौंदर्य करण कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह बरेली मीटिंग में जा रहे थे। इसी दौरान मीरानपुर कटरा जलालाबाद राजमार्ग पर स्थित लोकनिर्माण विभाग के डाक बंगले में रुक गए। डाक बंगले में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तिलहर एसडीएम सदानंद सरोज से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा करके प्रगति रिपोर्ट ली।और एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डाक बंगले पहुंचे नगर वासियों ने जिलाधिकारी को जल भराव की जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत के गंदे जल निकासी के नाले नालियों एवं तालाबों पर भू माफियाओ ने कब्जे कर लिए हैं। नगर के जल निकास नाले एवँ नालियों सरकारी तालाबों पर कब्जा होने के कारण जल भराव की समस्या बहुत ज्यादा गंभीर हो गई है। जल भराव के कारण कटरा के मुख्य बाज़ार मार्ग पर गंदे नाले का पानी भर जाता है। और मुख्य बाज़ार मार्ग तालाब का रूप धारण कर लेता है। जिससे आम नागरिकों को मुख्य बाज़ार मार्ग से निकालने में काफी दिक्कत होती है। जिलाधिकारी ने तत्काल नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम से कहा नगर पंचायत तत्काल अपने स्तर से जल निकास के नाले नालियों की तली झाड़ सफाई कराए और नगर के तालाबों को कब्जा मुक्त कराकर प्रस्तावित बड़े तालाब का तत्काल सौंदर्यकरण कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए सौंदर्यकरण के लिए प्रस्तावित बड़े तालाब के बारे में बिस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कस्बे में तालाबों का संरक्षण एवं उनका स्वरूप नहीं बदला जाएगा यदि कोई तालाबों का पर अवैध कब्जा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तिलहर एसडीएम सदानन्द सरोज, अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम, थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल, लेखपाल कमलेश मिश्र, समीर गुप्ता आदि अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय आविष्कार परीक्षा का आयोजन

- छात्र और छात्राओं को परिणाम स्वरूप शील्ड, मैडल देकर किया सम्मानित



**बंडा-शाहजहांपुर।** संसाधन केंद्र बंडा पर ब्लॉक स्तरीय आविष्कार परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें शामिल हुए छात्र और छात्राओं को परिणाम स्वरूप शील्ड मैडल आदि देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र बंडा में किया गया। जिसमें समस्त विकास खंड के विद्यालयों से लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा का आयोजन 3 चरणों प्रारंभिक, मुख्य व साक्षात्कार (मौखिक क्विज) में किया गया तथा प्रत्येक चरण हेतु निर्धारित अर्ह प्रतिभागियों को आगामी चरणों में सम्मिलित करते हुए त्रिस्तरीय प्रणाली द्वारा अंतिम परिणाम जारी किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न चरणों पर आधारित परीक्षा की मध्यावधि में ही छात्रों व सहयोगियों को लंच के रूप में, गुणवत्तापूर्ण पैकेटबंद भोजन सामग्री प्रदान की गई तथा अंत में सभी चयनित प्रतिभागियों को शील्ड/मेडल/प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार प्रदान कर, उनके शानदार प्रदर्शन पर उत्साहवर्धन किया गया और जिला स्तर (आगामी चरण) हेतु शुभकामनाएं भेंट की गई। इस कार्यकम के दौरान परीक्षा प्रभारी शैलेंद्र चौहान सहित एआरपी सुनील कुमार, संजीव कुमार, राममूर्ति, वीरपाल व स्नेहलता गौतम तथा शिक्षक अरविंद कुमार, गुरमेल सिंह, विक्रम सिंह, आशीष कुमार, अंकित कंचन, रविकुमार, सलमान, ओमप्रकाश, प्रवीण चतुर्वेदी, संजय सिंह सहित समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

### पूर्व विधायक ने सुनीं जनता की जनसमस्याएं

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** विकासखंड कार्यालय में बुधवार को पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने जन चौपाल लगा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चौपाल में आवास और शौचालय निर्माण से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें सामने आईं। उन्होंने खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त को इन मामलों की जांच कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभसुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बताया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के हित में कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। पूर्व विधायक ने एसआईआर के संबंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने 'एडीएस' का विशेष ध्यान रखने को कहा, जिसका अर्थ है कि जो व्यक्ति मौके पर नहीं है, जिसकी मृत्यु हो चुकी है या जो कहीं और स्थानांतरित हो गया है, उसका रिकॉर्ड सही हो। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी पात्र मतदाता का वोट नहीं कटना चाहिए। जन चौपाल में प्रमोद सिंह चौहान, रामकृष्ण गुप्ता, अरुण प्रताप सिंह, विजय सिंह सहित क्षेत्र के कई निवासी उपस्थित रहे।

### गांव के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण, ग्रामीण परेशान

**पुवायां-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव इकघरा गौटिया निवासी विमल शर्मा पुत्र रामलड़ैते ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोग गांव के मुख्य मार्ग पर घूरा डालकर तथा जानवर बांधकर अतिक्रमण किए हुए है। जिससे मार्ग से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही मार्ग के किनारे एक नीम का पेड़ खड़ा है जिसकी एक डाल रास्ते के ऊपर से निकली है। मंगलवार को जब मैं ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं भरकर बिक्री करने रास्ते से निकला तो नीम की डाल को ट्रैक्टर से बचाते समय ट्रैक्टर का पहिया रास्ते में पड़े घूरे पर चढ़ गया। जिसके बाद अतिक्रमण किए हुए नेतराम तथा उनके परिजन गाली गलौज करने लगे। जब गालियों का विरोध किया तो मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने तथा अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## बंदरों की उछल-कूद से दरवाजे का छज्जा गिरा, नीचे दबने से युवक की दर्दनाक मौत

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के खेड़ा रठ गांव में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया।बंदरों की उछल-कूद के कारण दरबाजे का छज्जा गिर गया।जिसके मलबे की चपेट में आने से 32 वर्षीय उमेश की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, उमेश मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे अपने घर में हाथ धोने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह दरवाजे से अंदर घुसने लगा, तभी अचानक दरवाजे के ऊपर बंदरों ने उछल-कूद शुरू कर दी। इसी दौरान छज्जा टूटकर नीचे गिर गया। छज्जे के मलबे के नीचे दबकर उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे को हटाकर उमेश को बाहर निकाला। उसे तत्काल बरेली के एक निजी अस्पताल ले



जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उमेश ने दम तोड़ दिया। मृतक उमेश अपने पीछे पत्नी अनीता और चार बच्चे छोड़ गए हैं। जिनमें चंदन (10 वर्ष), प्रवेश (7 वर्ष), प्रेम (6 वर्ष) और रिया (4 वर्ष) शामिल हैं। उनके पिता कल्लू का भी रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दें दी हैं।जिसके बाद बुधवार को गमगीन माहौल में उमेश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## दूसरों के अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिए: सचिव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 'जिला कारागार में किया गया। शिविर की अध्यक्षता सचिव-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय द्वारा की गयी। शिविर में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बन्दियों को उनके अधिकारों एवं मानवाधिकारों पर चर्चा करते हुये बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सन 1948 में 10 दिसम्बर को सार्वभौमिक उद्घोषणा के साथ मानवाधिकारों का उद्भव हुआ और मुख्य रूप से 30 मानवाधिकारों को मान्यता प्रदान की गयी, जिसमें मुख्यतः मानव गरिमा के साथ जीने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वच्छ वातारण में रहने का अधिकार, वॉक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, रोजगार का अधिकार आदि मानवाधिकार की श्रेणी में आते हैं, जिसकों हमारे संविधान ने मूलभूत अधिकारों के रूप में मान्यता प्रदान की है। एलएडीसीएस चीफ द्वारा उक्त दिवस के विषय पर चर्चा करते हुये कहा कि शिविर का आयोजन का उद्देश्य कैदियों को मूल अधिकारों के बारे में अवगत कराना है। उनके द्वारा शिविर में कैदियों को मानवाधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि दूसरों के अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कानूनी अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। एलएडीसीएस आस्सिटेंट विवेक शर्मा द्वारा उक्त दिवस पर चर्चा करते हुये कहा कि मानवाधिकार वह अधिकार हैं जो केवल मानव होने के नाते हमें प्राप्त हैं। जेल में बन्द बन्दियों की केवल दैहिक स्वतंत्रता बाधित की गयी है, अन्य सारे अधिकार जैसे खुली हवा में सांस लेना, स्वच्छ वातावरण रहना, निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार, भोजन का अधिकार आदि ऐसे बहुत से अधिकार अभी भी प्राप्त हैं, जोकि मानव जीवन के लिए आवश्यक है। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल द्वारा किया गया। शिविर में डिप्टी जेलर पूनम तिवारी, डिप्टी जेलर राघवेन्द्र वर्मा, डिप्टी जेलर केके पाण्डेय एवं बन्दी आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ की कार्यकारिणी गठित

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रभारी राम आसरे वर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक कांट की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें सुधीर कुमार कश्यप को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। संगठन के जनपद स्तर पर दो पदाधिकारी का गठन किया गया। देवेंद्र पाल सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, अशफाक अली संगठन मंत्री और अमित कनौजिया को जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य ने माला पहनाकर कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य ने कहा शिक्षकों की एक जुटता ही हमारी ताकत है और सरकार से लड़ने के लिए हमें एकजुट रहने की बहुत आवश्यकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा था पहले सरकार से लड़ते थे अब ऐसी परिस्थितियां बन गई हैं माननीय न्यायालय से भी लड़ना पड़ रहा है बहुत सारी समस्याएं माननीय न्यायालय के माध्यम से शिक्षकों की बढ़ गई हैं। ऑनलाइन अटेंडेंस टीईटी का प्रकरण माननीय न्यायालय से नयी समस्या बन गई लेकिन आज तक माननीय न्यायालय ने पुरानी पेंशन बहाल करने को नहीं कहा। इस मौके पर अमित यादव जिलापाध्यक्ष ,राजेश कुमार जिलापाध्यक्ष अमित गंगवार सदस्य, फिरंगीलाल मीडिया प्रभारी धनपाल सिंह राम आसरे वर्मा जिला प्रवक्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# आपराधिक कानूनों का लक्ष्य सामाजिक बुराई को समाप्त करना होना चाहिए: प्रो. अखिलेंद्र

- एसएस लॉ महाविद्यालय में दो दिवसीय नवीन आपराधिक विधि व्यवस्था और मानवाधिकार आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में चुनौतियों और संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




एसएस लॉ महाविद्यालय में दो दिवसीय नवीन आपराधिक विधि व्यवस्था और मानवाधिकार आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में चुनौतियों और संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का आयोजन मुख्य शिक्षा संकुल के अध्यक्षता पूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रो. डा. अमित सिंह संकायाध्यक्ष एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली प्रो.डा. अखिलेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रो. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, डा. प्रमोद तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, प्रो.डा. अवनीश कुमार मिश्र सचिव प्रबन्ध समिति, प्रो.डा. जय शंकर ओझा प्राचार्य एसएस लॉ कालेज, शाह मंचसीन रहे। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. अखिलेंद्र पांडेय ने आयोजक मंडल को बधाई दी तथा मौलिक अधिकारों और भारतीय धर्मशास्त्र की व्यापकता का बखान किया और इनको भारतीय नई अपराधिक विधियों के संदर्भ में अपराध और अपराधी के मानसिकताओं का आकलन करते हुए नई अपराधिक विधियों में अनेक प्रावधानों की आलोचनात्मक व्याख्या के साथ ही न्याय दर्शन एवं सत्य दर्शन के अनेक प्रावधानों पर चर्चा की जिसमें नई अपराधिक विधियों के अंतर्गत मात्रात्मक एवं गुणात्मक दृष्टिकोण से आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया उन्होंने इन तुलनाओं को अन्य व्यावहारिक उदाहरण से समझाने का प्रयास किया एवं महिलाओं के संदर्भ में भी अनेक प्रावधानों पर विश्लेषण प्रस्तुत किया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में साक्ष्य की परिभाषाओं में परिवर्तन की आवश्यकता तथा एआई आधारित विदेश में हाल ही में हुई नकारात्मक भ्रांतियां में सुधार की आवश्यकता तथा ए आई की गलतियों पर उत्तरदायित्व का आकलन एवं नई विधियों में मानव की स्वायत्तता व वेलफेयर की सीमा कैसे तय होगी इन सभी पर विश्लेषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रो. डा. अमित सिंह ने मौलिक अधिकार दिवस एवं मौलिक अधिकार अधिनियम के महत्व का आकलन करते हुए कोडिफिकेशन ऑफ़ लॉ की लेबोरेटरी भारत को कहा तथा कुछ परिकल्पनाएं जो भारतीय संदर्भ में ही विश्व विख्यात है जैसे ठग और डकैती की परिभाषाओं को बताया साथ ही भारत की विविधता एवं कानून के परीक्षण की संकल्पना एवं अनेक अधिनियमों के महत्व को बताया। इन्होंने मुख्य तौर पर पांच उद्देश्य बताएं कि कानून किस तरह से व्यक्तिगत जीवन में कारगर हो सकता है , पीड़ित केंद्रित, तकनीकी समावेश, दक्षता और गति आधुनिकता कानून में स्पष्टता जैसे सुधारो को कानून का आधार बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. डा. प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा मदन मोहन मालवीय से स्वामी चिन्मयानंद जी की तुलना की गई थी। उन्होंने दंड से न्याय की अवधारणा को नए अपराधिक विधियों के अंतर्गत महत्वपूर्ण बताते हुए भारतीय और पक्ष या ढांचे की संकल्पनाओं को मौलिक न्याय की आधारशिला पर प्रस्तुत करते हुए राम राज्य की संकल्पना को नई विधियों से जोड़ने की ओर अपनी संकल्पना प्रस्तुत की। उन्होंने भारत के संदर्भ में महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के प्रावधानों को नई विधियों से एक तुलनात्मक रूप से सकारात्मक दिशा में अग्रसर करने के प्रयासों का वर्णन किया। आपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सचिव प्रबन्ध समिति प्रो.डा. अवनीश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कर संगोष्ठी कि सफलता एवं महत्व को और स्पष्ट किया एवं महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य प्रो. डा. जय शंकर ओझा ने संपूर्ण संगोष्ठी में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रदीप कुमार सिंह ने विषय की प्रस्तावना एवं कार्यक्रम का संचालन किया अतिथियों का परिचय रंजना खंडेलवाल ने किया। उद्घाटन सत्र के समापन पश्चात आयोजित तकनीकी सत्र में डॉ. अनुरोध उपाध्याय, डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रो. डा. अनिरुद्ध राम एसोसिएट डीन स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल अफेयर्स नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, प्रो. डा. अपर्णा शर्मा, डीन स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, प्रो. डा. आरफा राजपूत डीन स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, डॉ. राम गुलाम एसोसिएट प्रोफेसर स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल अफेयर्स नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, डॉ. संदीप मिश्रा इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, इत्यादि ने नवीन अपराधिक विधियों पर अपने गहन विश्लेषण प्रस्तुत किए। एल-एल. एम एवं एल-एल. बी. के कुल 30 विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने पेपर आयोजित तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अनिल कुमार शाह, डा. प्रेम सागर, डा. पवन कुमार गुप्ता, डा. अमित कुमार यादव, डा. अमरेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, अजीत कुमार, भानू, अरुन, हरीश, शिवम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**ठेकेदार की रहस्यमय मौत का मामला गहराया**

# 35 लाख बकाया मांगने पर जहर देकर हत्या का आरोप

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- फैक्ट्री मालिक ने की मीडिया को रोकने की कोशिश, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए अहम साक्ष्य

बरेली फरीदपुर संतोष पॉलीफैब तिरपाल फैक्ट्री में लेबर ठेकेदार के रूप में कार्यरत शिवनंदन सिंह (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। परिजनों द्वारा 35 लाख की बकाया राशि मांगने पर फैक्ट्री प्रबंधन पर ज़हर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद शनिवार को कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटना स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। शाहजहांपुर के निगोही के गांव चिनौरा निवासी शिवनंदन की मौत निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी। उनके भतीजे गुरुपाल की तहरीर पर पुलिस ने फैक्ट्री मालिक संतोष, अभिषेक, प्लांट मैनेजर प्रिंस सिंह यादव और जीएम एस.के. मेहरा समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। फॉरेंसिक टीम ने एक घंटे तक की तलाशी, कमरे को किया सील, मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार दोपहर फॉरेंसिक टीम फैक्ट्री पहुंची। टीम ने मृतक के कमरे को सील कर करीब एक घंटे तक बारीकी से तलाशी ली। कमरे के हर हिस्से को खंगाला गया और कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए। टीम की गतिविधियों ने परिजनों की पहले से जताई गई शंकाओं को और मजबूती दी है। फैक्ट्री प्रबंधन ने मीडिया को रोकने की कोशिश जांच के दौरान एक और विवाद सामने आया। फैक्ट्री मालिक भरत अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों को फैक्ट्री परिसर के नजदीक जाने से रोकने का प्रयास किया। पत्रकारों को मनाने की कोशिशें भी की गई, लेकिन सभी बाधाओं के बावजूद मीडिया कर्मियों ने घटना स्थल की कवरेज जारी रखी।

### बकाया न देने पर बेची थी नौ बीघा जमीन

परिजनों ने बताया कि वर्ष 2020 से ठेकेदारी कर रहे शिवनंदन ने लगभग 50 श्रमिकों को काम पर लगाया था। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मजदूरी का भुगतान न मिलने पर उन्होंने मजबूरी में अपनी नौ बीघा जमीन बेचकर 35 लाख का भुगतान किया था। आरोप है कि जब उन्होंने यह रकम फैक्ट्री से वापस मांगी तो उन्हें धमकियां दी गईं और बाद में साजिशन ज़हर देकर उनकी हत्या कर दी गई।

### अब रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

यह हाई-प्रोफ़ाइल मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है। परिजनों की पीड़ा, प्रबंधन की बेचैनी और फॉरेंसिक जांच की तेज़ी इस ओर इशारा कर रही है कि मामला निर्णायक मोड़ पर पहुंचने वाला है। अब सबकी निगाहें फॉरेंसिक रिपोर्ट और पुलिस की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## बच्चों पर संकट

इस सदी के ढाई दशक में बाल मृत्यु दर घटने को दुनिया की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया गया था, लेकिन अब इस सदी में पहली बार बाल मृत्यु दर में वृद्धि की आशंका जतायी जा रही है। गेट्स फाउंडेशन की रिपोर्ट बताती है दुनिया भले ही अमीर हो गई है लेकिन गरीब देशों के बच्चों पर होने वाला खर्च घटा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, धनी देशों द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य खर्च पर 27 फीसदी की कटौती की गई है। जिससे इस वर्ष दो लाख अतिरिक्त बच्चों की मौत की आशंका जतायी जा रही है। दरअसल, ये मौतें उन बीमारियों से हो सकती हैं, जिन्हें अमीर देशों से मिलने वाली मदद से होने वाले टीकाकरण और बुनियादी इलाज से टाला जा सकता था। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं कि जिस समय दुनिया में संपत्ति सबसे तेजी से बढ़ रही है, उस समय गरीब देशों के बच्चों पर स्वास्थ्य खर्च का घट जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि स्वास्थ्य सहायता में तीस प्रतिशत की कटौती हो जाती है तो वर्ष 2045 तक 1.6 करोड़ अतिरिक्त बच्चों की मौत हो सकती है। विडंबना देखिए कि इस आसन्न संकट को नजरअंदाज करके विकसित देश अपने रक्षा व आंतरिक खर्च को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। जबकि अमीर देशों द्वारा गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य के लिये दिया जाने वाला पैसा उनके बजट के एक फीसदी से भी कम है। गेट्स फाउंडेशन का विश्व के अमीर देशों से आग्रह है कि वे दुर्लभ संसाधनों को उन स्थानों पर लक्षित करें, जहां वे सबसे अधिक जीवन बचा सकते हैं। दरअसल, संकट में वे बच्चे हैं, जो अपना पांचवां जन्मदिन मनाने से पहले ही मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। इस संकट बढ़ने से दशकों से हासिल वैश्विक प्रगति बेकार हो जाएगी। निस्संदेह, दुनिया में कहीं भी पैदा हुए बच्चे को जीवित रहने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। दरअसल, गेट्स फाउंडेशन की गोलकीपर्स रिपोर्ट और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन ने बताया कि 2024 में, 4.6 मिलियन बच्चों की पांचवें जन्मदिन से पहले मौत हो गई थी। आशंका है कि आर्थिक मदद में कटौती से इस वर्ष इस संख्या में दो लाख की वृद्धि से इसके बढ़कर 4.8 मिलियन बच्चों तक पहुंचने की आशंका है। जिसकी मूल वजह स्वास्थ्य के लिये वैश्विक मदद में आई बड़ी गिरावट है। इस वर्ष सहायता निधि में भारी कटौती के अलावा गरीब देशों के बढ़ते कर्ज, कमजोर स्वास्थ्य सिस्टम के चलते मलेरिया, एचआईवी और पोलियो जैसी बीमारियों के विरुद्ध हासिल उपलब्धियों को खोने का जोखिम बढ़ सकता है। हालिया रिपोर्ट बताती है कैसे प्रमाणित समाधानों और अगली पीढ़ी के नवाचारों में लक्षित निवेश से सीमित बजट में लाखों बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। निःसंदेह, गरीब मुल्कों के ये बच्चे सुरक्षित जीवन पाने के हकदार हैं। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स कहते हैं विश्व में गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य रक्षा के लिये वित्तीय संसाधन बढ़ाने व वर्तमान सिस्टम में सुधार हेतु दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। हमें कम संसाधनों में अधिक काम करना होगा। यदि ऐसा नहीं होता तो हमारी पीढ़ी के दामन पर दाग लगेगा कि मानव इतिहास में सबसे उन्नत विज्ञान और नवाचार की पहुंच के बावजूद हम लाखों बच्चों का जीवन बचाने के लिये धन नहीं जुटा पाए। हम सही प्राथमिकताएं और प्रतिबद्धताएं तय करके तथा उच्च प्रभाव वाले समाधानों में निवेश करके बाल मृत्यु दर वृद्धि को रोक सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो हम वर्ष 2045 तक कई मिलियन बच्चों को जीवित रहने में मदद कर सकते हैं। इसके लिये जरूरी होगा कि हम विदेशी मदद का अधिकतम उपयोग करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित टीकाकरण, गुणवत्ता के टीके और डेटा के नये उपयोग पर अधिक ध्यान दें। निस्संदेह, इन बीमारियों से लड़ने के लिये वैश्विक प्रतिबद्धता को जारी रखने की जरूरत है। गेट्स फाउंडेशन का मानना है कि अगली पीढ़ी के नवाचारों के विकास में निवेश से हम बच्चों में होने वाले मलेरिया और निमोनिया जैसे कुछ घातक रोगों को हमेशा के लिये खत्म कर सकते हैं।

# बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ

*योगेश कुमार गोयल*




**अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी/एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे। दरअसल माना जा रहा है कि 2030 तक पांच वर्ष से कम आयु के करीब 19 मिलियन बच्चों की विभिन्न कारणों से मौत हो जाएगी और करीब 60 मिलियन बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध ने इन चुनौतियों को और बढ़ाया है। ऐसे में बच्चों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत यूनिसेफ से उम्मीदें काफी बढ़ जाती हैं, जिसकी नीति है कि कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर ही अनाथालयों को केवल बच्चों के लिए अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। दरअसल, यूनिसेफ बच्चों के लिए स्थायी अनाथालयों के बड़े पैमाने पर निर्माण का विरोध करता रहा है। उसका कहना है कि जहां तक संभव हो, परिवारों और समुदायों में ही बच्चों के लिए स्थान खोजने अर्थात् उन्हें गोद देने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।**

**यूनिसेफ स्थापना दिवस (11 दिसम्बर) पर विशेष**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतरराष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया।

यूनिसेफ के गठन में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉशमन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है।

नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है। 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है।

बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं।

यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी/एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है।

यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं।

वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी/एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं।

अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी/एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे। दरअसल माना जा रहा है कि 2030 तक पांच वर्ष से कम आयु के करीब 19 मिलियन बच्चों की विभिन्न कारणों से मौत हो जाएगी और करीब 60 मिलियन बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो जाएंगे।

रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध ने इन चुनौतियों को और बढ़ाया है। ऐसे में बच्चों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत यूनिसेफ से उम्मीदें काफी बढ़ जाती हैं, जिसकी नीति है कि कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर ही अनाथालयों को केवल बच्चों के लिए अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। दरअसल, यूनिसेफ बच्चों के लिए स्थायी अनाथालयों के बड़े पैमाने पर निर्माण का विरोध करता रहा है। उसका कहना है कि जहां तक संभव हो, परिवारों और समुदायों में ही बच्चों के लिए स्थान खोजने अर्थात् उन्हें गोद देने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यूनिसेफ अनाथ बच्चों को विदेशी माता-पिता को गोद देने के बजाय स्वदेश में ही बच्चों की देखभाल करने पर जोर देता रहा है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# मोदी सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश



*अजय कुमार*

संसद के दोनों सदनों में चुनाव प्रक्रिया में सुधार, एसआईआर और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर चर्चा चल रही है। सभी दलों के नेता पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रख रहे हैं। इसी के साथ चुनावों के दौरान मतदान प्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे विवादों में पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग भी विपक्षी दलों के निशाने पर है। विपक्ष की पार्टियां बार-बार यह सवाल कर रही हैं कि आखिर क्यों जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुन रही है, जबकि कांग्रेस और महागठबंधन जैसी पार्टियां हर बार चुनाव में हार रही हैं। इन दलों का आरोप है कि चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरत रहा और ईवीएम में गड़बड़ी हो रही है। राहुल गांधी इस मामले में सबसे मुखर आवाज बने हुए हैं, जो ईवीएम के खिलाफ कई बार अपनी आपत्ति जता चुके हैं। विपक्ष का मानना है कि सभी चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए वोटिंग की बजाय फिर से बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाएं। उनका तर्क है कि ईवीएम में विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे गड़बड़ी संभव है। इसके साथ ही वे बताते हैं कि ईवीएम के विवादों को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर सवाल उठाना उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। विपक्ष की ओर से यह भी आवाज उठ रही है कि चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हर वोट की गिनती सटीक और निष्पक्ष रूप से हो। दूसरी ओर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग का इस मामले पर मजबूत रुख है। उनका कहना है कि बैलेट पेपर के जमाने में चुनावों में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और हिंसा होती थी। उस वक्त दबंग अपने इलाकों में जबरन बैलेट पेपर डालकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करते थे। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने से रोका जाता था, धमकियां दी जाती थीं और कई बार मारपीट भी होती थी। बैलेट पेपर के डिब्बों में स्याही या पानी डालकर मतदाता का अधिकार छीना जाता था। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र की पराकाष्ठा को खतरा था और जनता की मंशा का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता था।

इन्हीं कारणों से चुनाव आयोग ने बहुत सोच-विचार के बाद ईवीएम अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को अपनाया। इसके आने के बाद चुनाव प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, त्वरित और पारदर्शी हुई है। चुनाव आयोग बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय हैं। संवैधानिक दिशा-निर्देशों के तहत ईवीएम की जांच, परीक्षण और रख-रखाव नियमित रूप से किया जाता है और यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से होती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यदि कोई पार्टियां भी चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करातीं, तो उसे गंभीरता से लिया जाता और जांच का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मामलों में ईवीएम की वैधता और सुरक्षित होने की पुष्टि की है।

कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी को ईवीएम से संबंधित कोई शिकायत हो, तो उसका समाधान ईवीएम वीवीपैट (वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के जरिए जांचा जा सकता है। वीवीपैट सिस्टम मतदाता को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि उनका वोट मशीन में सही तरीके से दर्ज हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

हालांकि, विपक्ष के नेताओं ने इस मुद्दे को चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की बजाय प्रचार-प्रसार और सार्वजनिक मंचों पर ही वोट चोरी का आरोप लगाना जारी रखा है। राहुल गांधी के अलावा कई अन्य विपक्षी दलों के नेता भी ईवीएम की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह तकनीक शक्तिशाली दलों का पक्ष लेती है। वे दावा करते हैं कि चुनाव आयोग और सरकार मिलकर ईवीएम के माध्यम से सत्तासीन पार्टी का समर्थन बढ़ा रही है। हालांकि, इस मामले में ठोस सबूत या अदालत में जांच के लिए कोई ठोस कदम विपक्षी दलों ने नहीं उठाए हैं। चुनाव आयोग ने इस दौरान अपने बयान में स्पष्ट किया है कि वे पूरी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट प्रणाली पर पूरी तरह भरोसा किया जा सकता है। आयोग ने विपक्ष को भी कई मौके दिए हैं कि वे ईवीएम की जांच करे और यदि कोई त्रुटि मिले तो उसका निवारण किया जाए। आयोग ने बार-बार कहा है कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना उनकी प्राथमिकता है।

इस पूरे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि वोटिंग सिस्टम की समीक्षा और सुधार आवश्यक है, मगर इसे वैज्ञानिक आधार और तथ्यात्मक प्रमाणों के आधार पर करना चाहिए। वे कहते हैं कि बिना किसी ठोस सबूत के, वोटिंग मशीन पर आरोप लगाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इसके बजाय सभी राजनीतिक दलों को साथ मिलकर चुनाव सुधारों पर विचार करना चाहिए और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखना चाहिए। चुनाव आयोग ने पुनर्निर्धारित मतदाता पहचान प्रक्रिया, ईवीएम के सुरक्षा तंत्रों में नवीनतम तकनीक, वीवीपैट की संपूर्ण जांच और चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में सुधार जैसे कई कदम उठाए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया पर कोई संदेह न रहे। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अन्य आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर भी विचार किया है जो लोकतंत्र की मजबूती में सहायक हों।

राजनीतिक दलों की बात करें तो कांग्रेस और महागठबंधन इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठाकर जनता का ध्यान चुनाव प्रणाली की खामियों की ओर ले जाना चाहते हैं। वे दावा करते हैं कि जनता को सचेत किया जाए ताकि उनका वोट सुरक्षित रहे। दूसरी ओर भाजपा और अन्य सत्ता पक्ष इस बात पर जोर देते हैं कि पुरानी गलतियों को दोबारा न आएं और लोकतंत्र के मजबूत स्तंभों को मजबूत किया जाए। उनका तर्क है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष है और विरोधी दल केवल अपनी चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। यह विवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा भी है। लोकतंत्र तभी मजबूत हो सकता है जब जनता चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा करे और मतदाता अपने अधिकारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से प्रयोग कर सके। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका इसमें निर्णायक होती है क्योंकि वे चुनाव के नियम-संहिता के संरक्षक हैं। इसीलिए, वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता को लेकर चल रहे सवालों के बीच तथ्य-आधारित बहस जरूरी है ताकि लोकतंत्र की नींव मजबूत हो।

इस पूरे तर्क-वितर्क के बीच आम मतदाता की छवि भी ध्यान देने योग्य है। वह अपने क्षेत्र में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान चाहता है, जिसमें किसी प्रकार की बाधा, धमकी या गड़बड़ी न हो। सामान्य मतदाता चाहता है कि उसका वोट सही प्रकार से गिना जाए और चुनाव परिणामों में उसके फैसले की वास्तविक छवि दिखे। यही लोकतंत्र की मूल भावना है और इसके संरक्षण के लिए सभी पक्षों का सहयोग आवश्यक है। इसलिए चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट और सभी राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे वोटिंग सिस्टम पर राजनीतिक लड़ाई लड़ने के बजाय वास्तविक सुधार के लिए मिलकर काम करें। चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तकनीकी सुरक्षा के उपायों को और बेहतर बनाया जाए। साथ ही मतदाताओं को जागरूक कर उनका विश्वास हासिल किया जाए ताकि हर नागरिक मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेकर देश के भविष्य को आकार दे सके। इस तरह की गंभीर स्थिति में, जो लोकतंत्र की मजबूती के सवाल को छूती है, केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि समाधान पर ध्यान देना आवश्यक है। राजनीतिक दलों का फर्ज बनता है कि वे अपने मतदाताओं को यह विश्वास दिलाएं कि उनका वोट सुरक्षित है और चुनाव निष्पक्ष तरीके से होता है। वहीं चुनाव आयोग को भी लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए अपनी प्रक्रिया को हर तरह से पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत करना होगा, ताकि देश का लोकतंत्र उत्सव की तरह हर चुनाव में फल-फूल सके।

साहित्य

## चाय की दुकान



**श्याम सिंह बिष्ट**

पी आता हूँ
कुछ गम
कुछ खुशिया
कह, सुन आता हूँ
कुछ अपनी
कुछ उनकी,
उड़ रही जिंदगी
चाय के भाप की तरह
हमें है भ्रम
हम जी रहे हैं,
सुलगते, दहकते जज़्बात
कचोट रहें है मन को
तल पे सत्य छुपा है
ऊपर कप की प्याली मैं जैसे
झूठ हिलोरें मार रहा है,
फूंक, फूंक कर
पढ़ रहा है चलना
डर हैं कहीं
जीवन यह अपना कर्तव्य
भूल ना जाए,
रोज के नए किस्से है
कुछ तेरे
कुछ मेरे
हिस्से हैं।।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# विकसित भारत का मूल मंत्र बनेगा वंदे मातरम

**मृत्युंजय दीक्षित**

जिससे स्वतंत्रता का मूल मंत्र, वंदे मातरम उद्भासित हुआ, जिसे गाते हुए हज़ारों की संख्या क्रांतिकारी फांसी के फंदे पर झूल गए, जीवन जेलों की क्रूर यातनाओं में काट दिया, जिस गीत ने माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण को परिभाषित किया, जिस गीत ने स्वाधीनता की अलख संपूर्ण भारत में जगा दी वह गीत है राष्ट्रगीत- वंदे मतारम। भारत विभाजन के पूर्वाभ्यास के रूप में बंग-भंग के अंग्रेजी षड्यंत्र को पहचान कर सम्पूर्ण राष्ट्र बंगाल विभाजन के विरुद्ध खड़ा हो गया। इस आंदोलन के दो हथियार थे- स्वदेशी का स्वीकार-विदेशी का बहिष्कार और रणघोष बना था वंदे मातरम। इस गीत के रचनाकार थे बंगाल में जन्मे महान सपूत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। आज वंदे मातरम अपनी रचना का 150 वां वर्ष मना रहा है।

इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के माध्यम से एक बार पुनः राष्ट्र में स्व की भावना की अलख जगाने का आह्वान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम पर व्यापक चर्चा हुई। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरुआत की। सत्ता पक्ष के वक्ताओं ने जहां वंदे मातरम गीत के इतिहास और उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वंदेमातरम के प्रति कांग्रेस व वामपंथी दलों की विचारधारा और सोच को बेनकाब किया। विपक्ष ने इसके पीछे बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई चर्चा बताया। कुछ विपक्षी सांसदों ने कहा कि वंदे मातरम पर बहस गैरजरूरी और मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है। इतने गंभीर व ऐतिहासिक विषय की बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से गायब रहे। संसद में वंदे मातरम पर हुई व्यापक चर्चा सिर्फ एक गीत पर विमर्श नहीं वरन भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को दोबारा केंद्र में लाने का प्रयास भी है।

चर्चा का आरम्भ करते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी और उसके बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने वंदे मातरम के प्रति कांग्रेस व उनके नेताओं की सोच को बेनकाब कर दिया। सरकार ने वंदे मातरम गीत की प्रेरणा से संकल्प लेकर वर्ष साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ राष्ट्रगीत को जीवंत बनाने का संकल्प लिया। वंदे मातरम गीत की महानता पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्जो वंदे मातरम साल 1905 में महात्मा गांधी को राष्ट्रगान के रूप मे दिखता था, देश के हर कोने में हर व्यक्ति के जीवन में जो भी देश के लिए जीता जागता था, उन सबके लिए वंदे मातरम की ताकत बहुत बड़ी थी। वंदे मातरम इतना महान था, उसकी भावना इतनी महान थी तो फिर पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ ? वह कौन-सी ताकत थी जो महात्मा गांधी की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? किसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीट दिया। सदन को बताया गया कि जब वंदे मातरम को 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने को मजबूर था और जब वंदे मातरम के 100 वर्ष पूर्ण हुए तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जिस वंदे मातरम ने देश को आजादी की नई ऊर्जा दी थी जब उसके 100 वर्ष हुए तो दुर्भाग्य से एक काला इतिहास हमारे कालखंड में उजागर हो गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग के विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्तूबर 1937 को वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया।

कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा तो उन्होंने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को तगड़ा जवाब देने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी और कहा कि कांग्रेस कार्यकारिणी में वंदे मातरम की उपयोगिता पर चर्चा होगी। इससे पूरा देश हतप्रभ रह गया। देशभक्तों ने कांग्रेस के उस प्रस्ताव के खिलाफ देश के कोने -कोने में प्रभात फेरियां निकाली और वंदे मातरम गीत गाया किन्तु देशभक्तों को अनसुना करते हुए 26 अक्टूबर 1937 को कोलकाता अधिवेशन में कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा सम्मान मिलने की बात कही। राजनाथ सिंह ने यह धारणा तोड़ने का प्रयास किया कि वंदे मातरम किसी सांप्रदायिक विचार का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथियों ने जानबूझकर इसे धर्म के चश्मे से देखने की कोशिश की जबकि यह गीत भारत माता के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की पुकार का प्रतीक है। राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के साल 1937 के अधिवेशन में वंदे मातरम के अंतिम चार छंदों का गायन रोके जाने के प्रस्ताव पर बात की और पंडित नेहरू की भूमिका पर प्रश्न उठाए। गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि संसद में जब भी वंदेमातरम का गायन होता है तब कई विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं। वंदे मातरम पर चर्चा की आवश्यकता पर उत्तर देते हुए अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम पर चर्चा की आवश्यकता जब वंदे मातरम रचा गया था तब भी थी, आजादी के समय मे भी थी, आज भी है और साल 2047 में जब आधुनिक भारत होगा तब भी रहेगी क्योकि वंदे मातरम में कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति की भावना है। गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा कि क्जिस पार्टी के अधिवेशन की शुरुआत गुरुवर रवींद्रनाथ टैगोर वंदे मातरम गाकर कराते थे उस पर जब लोकसभा में चर्चा हुई तो गांधी परिवार के सदस्य सदन में नहीं थे। नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस ने वंदे मातरम गान का विरोध किया है। भविष्य में वंदे मातरम देश को विकसित और महान बनाने का उद्घोष बनेगा। वंदे मातरम गीत ने राष्ट्र की सोई हुई को चेतना को जागृत किया और देशवासियों ने विदेशी वस्तुओं का प्रयोग पूरी तरह से बंद कर दिया। आज आत्मनिर्भर भारत विकसित बनाने के लिए उसी वंदे मातरम के भाव का आह्वान प्रधानमंत्री ने किया है। वंदे मातरम भारतवासियों के हृदय के तारों को झंकृत करे और प्रत्येक भारतीय प्राणपण से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के यज्ञ में कूद पड़े, यही वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाने की सार्थकता होगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# सुर्खिया बनने के बाद गौशाला की प्रशासन ने लिया सुध, तनवाये गए तिरपाल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाचार पत्रों में खबर के प्रकाशन के बाद पूस की कड़ाके की ठंड में अव्यवस्थाओं से जूझ रही बठौली गौशाला में आखिरकार बुधवार को प्रशासन सक्रिय हो गया। एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर गौशाला में तत्काल प्रभाव से नए त्रिपाल लगाए गए, जिससे 152 मवेशियों को ठिठुरन से राहत मिलने की उम्मीद जागी है। दैनिक भास्कर की पहल पर हुई कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष है और अब उम्मीद बंधी है कि गौशाला की अन्य कमियां भी शायद दूर हो जाएगी।

बुधवार को कई समाचार पत्रों में रिपोर्ट प्रकाशित कर गौशाला की बदहाली उजागर हुई थी–कटे-फटे त्रिपाल, जर्जर घेराबंदी, एक ही बल्ब का प्रकाश, सौर पंप की खराब स्थिति, ऊबड़-खाबड़ मैदान, गोबर बना गड्ढा सौपीस सहित कई अन्य कमियां और चार महीने पहले उजागर हुई लापरवाही और कार्यवाही के बावजूद सुधार न होने जैसी गंभीर कमियां सामने आई थीं। हरे चारे के



अभाव, अस्त-व्यस्त रिकॉर्ड और बीमार पशुओं की स्थिति भी रिपोर्ट में साफ तौर पर सामने आई थी।

खबर के बाद एसडीएम अनुराग सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि गौशाला में जल्द निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खबर प्रशासन के बाद विभाग में हड़कंप मच गया आनन फानन में प्रशासन ने नए त्रिपाल उपलब्ध कराए और उन्हें टीन शेड के चारों ओर लगवा दिया।

किन्तु अन्य कमियों को अभी ठीक नही कराया गया है गोबर गड्ढा महज उबड़ खाबड़ आधा अधूरा टूट फुट की स्थिति में है इसके अतिरिक्त कई अन्य कमियां बनी हुई।

### मण्डलायुक्त अयोध्या व पुलिस महानिरीक्षक ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ग्राम दौलतपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत मण्डलायुक्त राजेश कुमार व पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय मौजूद रहे।

# सुमली नदी में डूबा बालक, मचा कोहराम

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ढकवा गांव में बुधवार को एक बालक की सुमली नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ढकवा गांव निवासी कमलेश यादव का 12 वर्षीय पुत्र लेखराज बुधवार सुबह रोज की तरह खेत की ओर गया था।जब काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। लेखराज के बाबा रामलखन यादव उसे ढूंढते हुए खेत की तरफ पहुंचे जहां खेत के समीप स्थित सुमली नदी के किनारे पहुँचने पर उन्हें नदी में किसी बच्चे का शव तैरता हुआ दिखाई दिया।

नदी में उतरकर जब शव को बाहर निकाला तो उसकी पहचान लेखराज के रूप में हुई। घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और शव को घर ले आए। बताया जा रहा है कि मृतक लेखराज चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसकी दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। वहीं पिता कमलेश यादव खेत की बुआई के लिए बीज और खाद की व्यवस्था करने गांव से बाहर गए हुए थे। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि बालक मानसिक रूप से कमज़ोर था,नहाने के दौरान डूबने से मौत हुई है,शव पीएम भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### हादसे का शिकार हुई एम्बुलेंस, खड़ी ट्रक से टकराई, चालक की मौत




**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में मरीज छोड़कर वापस गोरखपुर जा रही एक एंबुलेंस बुधवार सुबह लखनऊ–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारायणपुर के पास हादसे का शिकार हो गई। सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में पीछे से टकराने पर एंबुलेंस चालक 40 वर्षीय अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अटेंडेंट कय्यूम मामूली रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया है। जानकारी के अनुसार गोरखपुर स्थित रचित हॉस्पिटल की एंबुलेंस मंगलवार रात एक मरीज को लेकर लखनऊ पहुंची थी। मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद चालक अमित कुमार, निवासी जंगल चक्रधारी गांव थाना पिपरई, और अटेंडेंट कय्यूम सुबह वापस गोरखपुर की ओर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही एंबुलेंस नारायणपुर के निकट पहुंची, वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहले से खड़ी ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक अमित वाहन के केबिन में ही बुरी तरह फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### कारीगर-प्रजापति वर्ग के बेरोजगार नवयुवक व नवयुवतियों को स्वरोजगार हेतु मिलेगा ऋण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे परम्परागत कारीगर/प्रजापति वर्ग के बेरोजगार नवयुवक/नवयुवतियों को स्वरोजगार स्थापित किये जाने हेतु दस लाख (10.00 लाख) रुपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिये जाने की व्यवस्था है जिसमें ऋण स्वीकृत उपरान्त पूँजीगत ऋण (टर्म लोन) पर 25 प्रतिशत सब्सिडी/अनुदान की छूट बोर्ड द्वारा प्रदान की जाने की व्यवस्था की गयी है। ऐसे कामगार/ शिल्पकार जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य है, वह अपना आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाइड https://upmatikalaboard.in/Home/MatikalaRojgaar पर आवश्यक अभिलेख आवेदन पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, परियोजना रिपोर्ट एवं बैंक की पासबुक के साथ ऑनलाइन कर सकते हैं। ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कॉपी विकास भवन कमरा नं0 126,127 में उपलब्ध करा सकते हैं ताकि, उनका आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक शाखा को भेजा जा सके।

### डीईओ ने एसआईआर के डिज़िलाइजेशन प्रगति की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025–2026 के अंतर्गत डिजिटाइजेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सभी प्रविष्टियों के डिजिटाइजेशन कार्य समयबद्ध एवं शत–प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसलिए इसमें दर्ज प्रत्येक प्रविष्टि का सही–सही सत्यापन आवश्यक है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नामांकन, विलोपन, स्थानांतरण तथा सुधार संबंधी प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनसे अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने एवं त्रुटिरहित सूची तैयार कराने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ,प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलेडा गांव में ट्रेलर व रेडीमेड की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने लाखो का सामान जमकर खाक हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव के मुख्य चौराहे पर भगवान दास की मार्केट में पीड़ित अमन पुत्र गुड्डू जो की मुख्य रूप से दर्जी का काम करता है, साथ ही साथ उसके द्वारा अपनी दुकान में रेडीमेड एवं किराने का सामान भी रखा गया। उक्त आग लगने की घटना मंगलवार व बुधवार रात की बताई जा रही है। बुधवार सुबह जब उक्त मार्केट के अन्य दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो उन्हें अमन की दुकान के अंदर से कुछ जलने की गंध आई। जब उन्होंने शटर के नीचे से देखा तो अंदर आग सुलगती हुई दिखाई दी। जिसके पश्चात उन्होंने आग लगने की जानकारी दुकान के मालिक अमन को दी। अमन जब अपनी दुकान पर पहुंचा तो, शटर खोलकर देखा गया तो उसकी दुकान में रखा लगभग एक लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर खाक हो गया था। विदित हो कि उक्त दुकानदार अमन सिंलाई के काम के साथ–साथ रेडीमेड कपड़े बेचने का भी काम करता था और किराने की दुकान भी उसने उसी दुकान में चला रखी है। घटना के पश्चात दुकान मालिक अमन के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय लेखपाल को दी गई है। मौके पर पहुंचकर लेखपाल ने मौका मुयायना करते हुए पीड़ित की मदद करने का भरोसा दिलाया है।

### शहरुन खान बनी सोनू पासी, विवाह बना चर्चा का विषय



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में शहरुन खान के विवाह का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है पड़ोसी जिला सुल्तानपुर के ऊंचगांव तेलियानी चौकी क्षेत्र अलीगंज निवासी शहरुन खान ने सोनू पासी पुत्र हौंसिला पासी निवासी कोतवाली क्षेत्र मुसाफ़िर खाना से विवाह कर नया जीवन शुरू किया और अपनी पहचान मोनी पासी के नाम से आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। विवाह के उपरांत नवदंपति अपने परिजनों के साथ सगरा बाबूगंज स्थित स्वामी परमहंस आश्रम पहुंचे और मंदिरों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम के पीठाधीश्वर मौनी जी महाराज ने उन्हें दांपत्य जीवन के लिए मंगलकामनाएं दीं। आश्रम में मौजूद भक्तों व स्थानीय लोगों ने इसे सौहार्द, समरसता और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक बताते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। पूरा घटनाक्रम इन दिनों स्थानीय चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में अयोजित हुई चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा क्षेत्र बनीकोड़र के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान(बिरजू संस्थान) द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में विश्व मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर के अवसर छात्रों की निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई, प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में कक्षा तीन से कक्षा-6 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने मानवाधिकार पर बच्चों को समझाते हुए बताया कि सभी को शिक्षा, सम्मान, भागीदारी और सुरक्षा, विकास के अवसर मिले यही मानवाधिकार है। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से ही अधिकार प्राप्त होते हैं जैसे जीवन जीने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, आजादी व सुरक्षा का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं ने लेखन प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया जिसमें कक्षा 5 के छात्र प्रिंस राज, कक्षा 4 से कौशल कुमार व कक्षा 6 से शालू गोस्वामी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका वंदना वर्मा, सरिता यादव, अनीता, प्रिंसी वर्मा, पलक, प्रिया मौर्या व कर्मचारी सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित 169 लोग सम्मिलित रहे।

### अप्रेन्टिस मेले में 27 का हुआ चयन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज में रोजगार, अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 67 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में हीरो कम्पनी अलवर राजस्थान के एच.आर. शिव कुमार द्वारा उपस्थित अभ्यार्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त 27 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस दौरान उक्त आयोजित रोजगार, अप्रेन्टिस मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा व दिवाकर मिश्र उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया, थाने में पीड़िता ने दी तहरीर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।**

दहेज की मांग को लेकर एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता ने ससुरालीजनों पर एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के जुड़ावन पुरवा, मजरा थोरथिया गांव निवासी अली अहमद ने बताया कि उसकी बेटी रानी कुछ दिनों से मायके में आई हुई थी। तीन दिन पूर्व वह अपने भाई राजू के साथ राघोपुर स्थित ससुराल गई थी। आरोप है कि वहां पहुंचते ही रानी के पति अनसार और उसकी मां ने एक लाख रुपये लाने का दबाव बनाया और कहा कि रकम दिए बिना उसे घर में नहीं रहने दिया जाएगा।

पीड़ित के अनुसार रकम की मांग को लेकर दोनों ने रानी के साथ मारपीट की। जानकारी मिलने पर जब अली अहमद अपनी बेटी को समझाने और हाल जानने ससुराल पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। इसके बाद पीड़ित ने थाने में प्रकरण की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने अली अहमद की तहरीर पर पति अनसार और उसकी मां के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्र को प्रधानाचार्य ने बैट से पीटा परिजनों ने काटा हंगामा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत राघवपुर में परिजनों के द्वारा प्रधानाचार्य पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ स्कूल का घेराव किया गया तथा प्रधानाचार्य पर कार्यवाही की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 9:00 बजे के आसपास पीड़ित परिजनों के द्वारा विद्यालय पहुंचकर हंगामा काटना शुरू किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञात हो कि प्राथमिक विद्यालय राघवपुर में कक्षा एक के दलित छात्र ऋतिक पुत्र रामबरन निवासी गरीब दास का पुरवा मजरे राघवपुर के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य ने किसी बात को लेकर छात्र के सिर पर बैट से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मामला शांत कराकर चौकी पर तहरीर देने की बात। परिजनों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में बच्चों के साथ न केवल मारपीट की जाती है, बल्कि विद्यालय में उनके साथ छुआछूत और जातिगत भेदभाव भी किया जाता है। विरोध स्वरूप ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव किया है। ग्रामीण आरोपित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा है यदि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह आंदोलन करेंगे। पीड़ित छात्र के पिता रामबरन ने बताया कि देर शाम जब उसका बच्चा विद्यालय से पढ़कर घर पहुंचा, तब उन्हें घटना की जानकारी प्राप्त हुई। घटना मंगलवार दोपहर की है। पीड़ित पिता के द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

# परिजनों ने दुर्घटना की दी तहरीर, हत्या का खुलासा कर पुलिस ने बदल दी तस्वीर

▸ **थाना अध्यक्ष की दूरदर्शिता से अपराधी धड़ाम**

**चन्दापुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अगर अपने कार्यक्षेत्र में कार्य को पूरी तन्मयता मेहनत व लगन के साथ किया जाए तो वह कार्य उदाहरण बन जाता है । 30 नवंबर को थाना क्षेत्र के ज्योना ग्राम पंचायत में एक शव मिला था।

मृतक के बड़े भाई द्वारा एक्सीडेंट की तहरीर दी गई थी। और अंदेशा जताया गया था कि किसी वहां से मेरे भाई की टक्कर लगने से मौत हुई है लेकिन चन्दापुर पुलिस एवं थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह की दूरदर्शिता आत्मविश्वास व कार्य को मिशन की तरह अंजाम देने के जज्बे ने एक ऐसे मामले को खोल दिया है जिसकी चर्चा क्षेत्र में जमकर हो रही है क्षेत्रीय जनता थाना अध्यक्ष चन्दापुर व पुलिस की जमकर प्रशंसा कर रही है। गैर इरादतन हत्या में जहां पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है तो दो की गिरफ्तारी के लिए लगातार दाबिश दी जा रही और जल्द ही वह भी सलाखों के पीछे होंगे यह विश्वास इस मामले को खोलकर पुलिस ने जनता के बीच बना लिया। की जब मृतक के भाई ने एक्सीडेंट की तहरीर दी लेकिन पुलिस लगातार एक ही लकीर पर काम कर रही थी और वह लकीर थी कि यह एक्सीडेंट नहीं है कहीं न कहीं इसमें कुछ न कुछ हुआ है और पुलिस के इसी शक ने एक्सीडेंट के मामले को हत्या में बदल दिया और अपराधी सलाखों के पीछे पहुंच गए।

इस तरह के मामले बहुत कम देखने को मिलते हैं की तहरीर मिली है एक्सीडेंट की लेकिन पुलिस ने खुलासा हत्या का कर दिया यह मामला पुलिस की कार्यशाली एवं काम करने के जज्बे को साफ दर्शाता है कि अगर पुलिस किसी कार्य में लग जाए तो मामला खोलकर ही रख देती है ।

थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह के द्वारा किया गया यह कार्य संपूर्ण थाना क्षेत्र सहित जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है कि अगर इस तरह हर थाना अध्यक्ष अपने कार्य को करने लगे तो व्यक्ति को न्याय तथा अपराधी धड़ाम जरूर होंगे।

### बीएलओ चंद्र कुमारी हुई सम्मानित




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा बछरावां में विशेष गहन परीक्षण 2025 के अंतर्गत 5 दिसंबर 2025 को डिजिटलाइज्ड फॉर्म 225 किए गए ।अमावा विकासखंड के अशर्फाबाद ग्राम पंचायत की बी एल ओ चंद्र कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सम्मानित किया गया। 338 प्राथमिक विद्यालय असरफाबाद कक्ष संख्या एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 177 बछरावां को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

# सिंदूरवा रजबहा की माइनरों की नहीं हुई अब तक सफाई

▸ **15 दिसंबर से पानी छोड़ने की तैयारी; सैकड़ों किसान संकट में**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



शारदा सहायक खंड-41 के अंतर्गत आने वाली सिंदूरवा रजबहा की माइनरों की सफाई अभी तक शुरू न होने से किसानों ने रोष व्यक्त किया है। नियावां, मदूपुर, रजखेता, पलिया, कठौरा, कमरौली सहित कई माइनरों में जगह-जगह पर पटरी टूटी है, और नहरों में उगी झाड़ियाँ किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रही हैं। नियावा और दीना पाठक गांव समेत दर्जनों गाँवों के सैकड़ों किसान इससे प्रभावित हैं। किसानों ने बताया कि बरसों से सिंचाई के लिए यही रजबहा उनकी जीवनरेखा है, लेकिन सफाई न होने के कारण खेतों तक पानी पहुँचने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। किसान रामनरेश कुमार ने कहा, ÷हमारी गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसलें पानी के अभाव में कमजोर पड़ रही हैं। शिकायतें देने के बावजूद विभाग की तरफ से सिर्फ आश्वासन मिलता है, कार्रवाई नहीं।÷ किसान शंभूनाथ यादव का कहना है कि यदि जल्द सफाई नहीं हुई तो फसलें बचाना मुश्किल हो जाएगा। इस बीच शारदा सहायक खंड-41 के एसडीओ श्रवण कुमार ने बताया कि 15 दिसंबर से रजबहा में पानी छोड़ा जाएगा, और सभी माइनरों तक पानी पहुँचाने की तैयारी जारी है। जो माइनर अभी तक साफ नहीं हुई हैं, उनकी सफाई तत्काल कराई जाएगी।

### पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को 1090, 181, 108, 1076, 112, 1098, 102 तथा थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी, साथ ही थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।




### प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रतिभागियों को बांटे ट्रैकसूट

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड तिलोई क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना' ने प्राथमिक विद्यालय छवहिया (रमई) पहुँचकर खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को ट्रैकसूट का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुन्ना सिंह ने बच्चों को खेलों में नियमित भाग लेने के लिए प्रेरित किया,और कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ–साथ अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं।उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। ट्रैकसूट पाकर बच्चों में उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना का आभार व्यक्त किया।

### किसान को प्रदान किया गया स्पेशल अवॉर्ड



**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड बिसवां के ग्राम पंचायत जनुवा के मजरा खंभापुरवा निवासी प्रगतिशील गन्ना कृषक हिमांशु नाथ सिंह ने आधुनिक तकनीक, सह–फसल मॉडल और उन्नत गन्ना उत्पादन के बल पर साबित किया है कि वैज्ञानिक खेती न केवल लाभदायक हो सकती है, बल्कि किसान को राष्ट्रीय पहचान भी दिला सकती है। नई दिल्ली में आयोजित कृषि महाकुंभ में उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें नेशनल मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया 2025, फार्मर आइकॉन 2025 और एसएमएल स्पेशल अवॉर्ड प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से सीतापुर का गौरव बढ़ा है। बिसवां चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आर.सी. सिंघल, गन्ना महाप्रबंधक अनूप कुमार अरुण नाथ सिंह विजय अवस्थी पीयूष बाजपेई ऋतुराज सिंह सहित क्षेत्र के अनेक किसानों ने उन्हें बधाई दी।

# जमीन पर हुए अतिक्रमण को प्रशासन ने कराया मुक्त

**बिसवां, समृद्धि न्यूज।**



सीतापुर तहसील बिसवां अंतर्गत ग्राम लालपुर परगना बिसवां स्थित शत्रु सम्पत्ति गाटा संख्या 69, 92, 148, 271 तथा 353 कुल क्षेत्रफल लगभग 52 बीघा भूमि पर अवैध कब्जाधारक रमेश चंद्र पुत्र बच्चू लाल निवासी ग्राम देवियापुर थाना सदरपुर द्वारा किए गए कब्जे से उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला द्वारा भारी पुलिस बल की उपस्थिति में जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई। इस भूमि की कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

बताते चलें कि उपरोक्त जमीन शत्रु संपत्ति थी जिस पर प्रधान रमेश चंद्र के द्वारा जबरन कब्जा किया गया था साथ ही साथ उस पर खस की खेती की जा रही थी जिसको बुलडोजर चलाकर नष्ट कर प्रशासन ने जमीन को कब्जा मुक्त भी कर लिया है। इस मौके पर एसडीएम शिखा शुक्ला ने कहा अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर अवैध कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा पूर्व में भी उपरोक्त व्यक्ति को चेतावनी दी गई थी। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष सदरपुर क्षेत्रीय लेखपाल तथा प्रशासन के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# डीएम ने किया ग्राम सचिवालय बाड़ी व विकास खण्ड सिधौली का औचक निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने वी0एच0एस0एन0डी0 दिवस के अवसर पर ग्राम सचिवालय बाड़ी, विकास खण्ड सिधौली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 रंजू देवी की अनुपस्थित होने पर नोटिस जारी करते हुये सेवा समाप्त करने, आशा एवं आंगनबाड़ी को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। प्रभारी चिकित्साधिकारी से वार्ता करते हुये वी0एच0एस0एन0डी0 दिवस में लापरवाही पर कड़ी फटकार लगायी।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन जटहा विकास खण्ड सिधौली पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वी0एच0एस0एन0डी0 दिवस पर विलम्ब से आने पर ए0एन0एम0 सोनी शुक्ला नोटिस जारी करते हुये सेवा समाप्त करने के निर्देश दिये। पंचायत भवन को भी देखते हुये पंचायत सहायक से वार्ता की। पंचायत भवन में अव्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुये सचिव आरती यादव को निलम्बित करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। आंगनबाड़ी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यों में सुधार के निर्देश दिये। ड्यू रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टर अद्यतन न होने पर बी0पी0एम0 राजू मौर्य को नोटिस जारी करते हुये 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ के निरीक्षण से मची अफरा-तफरी

कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज़।



**रजिस्टरों में अव्यवस्था पर सीडीओ हुए सख्त स्थापना बाबू का रोका वेतन**

बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह ने ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें कई अनियमितताएँ मिलीं, जिसमें रजिस्टरों का सही ढंग से रख-रखाव न होना शामिल रहा। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्थापना बाबू का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सरकारी अभिलेखों का संधारण किसी भी कार्यालय की कार्यप्रणाली का आधार होता है, इसलिए इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने ब्लॉक कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का घूमकर निरीक्षण किया। शिकायत पटल सही स्थिति में मिलने पर उन्होंने संतोष जताया, लेकिन परिसर में मौजूद बंद पड़े शौचालय को तुरंत चालू कराने के निर्देश दिए, ताकि आने-जाने वाले लोगों को मूलभूत सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि कार्यालय परिसर स्वच्छ और व्यवस्थित होना चाहिए, जिससे जनता को बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क को साफ-सुथरा रखने पर भी जोर दिया। साथ ही क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को 25 तारीख तक हर हाल में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने गौशालाओं की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्दी से बचाव के लिए गौशालाओं में गायों हेतु तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाए। साथ ही हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे पशुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो। सीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर नियमित समीक्षा व निगरानी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी योजना में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बीडीओ प्रशांत कुमार, जेई गिरेंद्र तथा ब्लॉक कार्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के बाद अधिकारियों को जरूरी सुधार कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## 28 दिसंबर तक बंटेगा निःशुल्क खाद्यान्न

**कन्नौज़, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत दिसंबर 2025 का खाद्यान्न 10 से 28 दिसंबर के बीच नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं, 16 किलो फोर्टिफाइड चावल एवं 5 किलो मक्का (उपलब्धतानुसार) प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर दिया जाएगा। मक्का न होने पर कुल 21 किलो चावल मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 2 किलो गेहूं, 2 किलो चावल और 1 किलो मक्का, कुल 5 किलो प्रति यूनिट नि:शुल्क मिलेगा। मक्का उपलब्ध न होने पर 3 किलो चावल दिया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को अक्टूबर- दिसंबर 2024 की तिमाही हेतु 3 किलो चीनी 18 प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराई जाएगी। चीनी पर पोर्टेबिलिटी सुविधा नहीं होगी। ई- पॉस मशीन से वितरण प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगा। किसी भी समस्या पर लाभार्थी संबंधित पूर्ति निरीक्षक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी या डिस्ट्रिक्ट कमांड नम्बर 1077 पर संपर्क कर सकते है।

# पांच को कार ने रौंदा, एक की मौत, चार घायल

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र के बहवलपुर गांव में तालग्राम रोड पर बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हो गई।

सर्दी से बचने के लिए परचून की दुकान के पास अलाव ताप रहे पांच लोगों को गाजियाबाद से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बहवलपुर निवासी 55 वर्षीय दिलीप बाथम उर्फ डीके की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आकाश शाक्य (17), सर्वेश शाक्य (20), कुंज बिहारी (40) और मंसुख वर्मा (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। कार अनियंत्रित होकर नाली में जा फंसी। ग्रामीणों ने चालक और उसके साथी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सभी घायलों को 100 बेड अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दिलीप को मृत घोषित किया गया। कपड़ा सिलाई का काम करने वाले दिलीप की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी पुष्पा, पुत्र विमल व अनुज का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक केशव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



## दावा-रहित जमा राशियों का विशेष कैंप 12 दिसंबर को

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** वित्तीय सेवाएँ विभाग के निर्देश पर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में 12 दिसंबर को दावा- रहित जमाराशियों का विशेष कैंप लगाया जाएगा। दोपहर 12 बजे से होने वाले इस कैंप में बैंक, बीमा कंपनियाँ, म्यूचुअल फंड, पेंशन संस्थान व कोषागार विभाग के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले में 2,36,794 दावा- रहित खातों में करीब ?59.23 करोड़ की राशि लंबित है। इनमें ग्रामीण बैंक के 1,23,205 खाते (22.32 करोड़), बैंक ऑफ इंडिया के 53,118 खाते (12.74 करोड़), एसबीआई के 20,430 खाते (9.37 करोड़) समेत अन्य बैंकों की राशि शामिल है। उन्होंने बताया कि 10 साल या अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी जमा राशि, बीमा पॉलिसियाँ, म्यूचुअल फंड, पेंशन आदि को नागरिक कैंप में ही खोजकर दावा कर सकेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से आधार, पहचान पत्र और संबंधित दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

## मुंसिफी न्यायालय के बगल सीसी रोड बनाने की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला सराफान एवं दीक्षितान के वाशिंदों ने मुंसिफी के दक्षिण तरफ सीसी रोड जल्द बनाने की मांग जिलाधिकारी से की है। ताकि मुंसिफी के अंदर वाले मार्ग पर जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके। अखिल भारतीय जन आंदोलन फंट के प्रदेश महासचिव एवं कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे, अजय दुबे, आसाराम यादव, दिनेश पांडेय, भैया लाल, राजेश कुमार, दिनकर दीक्षित, दिवाकर दीक्षित, रिंकू शुक्ला व प्रदीप दीक्षित आदि ने बताया मुंसिफी में दक्षिण की तरफ बाउंड्री वॉल के पीछे 25 फुट चौड़ी सीसी रोड 2015 से स्वीकृत है लेकिन आम के पेड़ के विवाद की आड़ लेकर सपा सरकार में इस सड़क का निर्माण रुकवा दिया गया था। यह सड़क बन जाए तो मुंसिफी व तहसील के अंदर की बजाय वहां से वाहन निकल जाएंगे। इससे अंदर जाम नहीं लगेगा। मुंसिफ़ी की पूर्वी दीवार से लगा हुआ पुराना चक रोड अतिक्रमण हटवा कर खुलवाया जाए।

# मानवाधिकार जागरूकता के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत की दी जानकारी

- साई मीर लॉ कॉलेज में विशेष शिविर का आयोजन

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



साई मीर लॉ कॉलेज के लीगल एड क्लीनिक में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा तथा प्रभारी सचिव श्रीमती ज्योत्सना यादव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मानवाधिकारों के साथ-साथ 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तृत जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता डॉ. मयंक सक्सेना ने बताया कि लोक अदालत में दाखिल-खारिज, बिजली बिल, बैंक रिकवरी, बीमा दावे, मोटर दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद एवं अन्य आपसी सहमति से निस्तारण योग्य मामले त्वरित एवं निःशुल्क निपटाए जाते हैं। पैरा लीगल वॉलंटियर्स रिया पांडेय, मो. साजिब एवं मोशमीन बानो ने मानवाधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमामय जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं न्याय का अधिकार है तथा इन अधिकारों का उल्लंघन होने पर विधिक सहायता निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. सुधीर कुमार बघेल, नोडल अधिकारी अमित लता मिश्रा, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बाल श्रम से चार बच्चे हुए मुक्त



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु विशेष अभियान के क्रम में चार बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस विनोद कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी प्रभारी थाना एएचटी मय टीम व नवनीत श्रीवास्तव श्रम प्रवर्तन अधिकारी व चाइल्ड लाइन प्रभारी तौसीफ ने संयुक्त रूप से छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास, पश्चिमी बाईपास, ईट भट्ठो, होटल ढाबें, मकेनिक की दुकाने, बस स्टेण्ड आदि स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम अभियान के अंतर्गत दुकानों के सेवायोजकों को बालश्रम के बारे मे जागरुक किया। अभियान में 04 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने निरीक्षण टिप्पणी काटी और शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फी हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108, 112, 1076 व 181 आदि के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी।

# पालिकाध्यक्ष मनोज दूबे खुद पसीना बहाकर संवार रहे हैं कान्हा गौशाला

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



फर्रूखाबाद रोड पर हाजी मुंशी जमील अहमद ईंट भट्ठा के पीछे 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बन रही नगर पालिका की नई कान्हा गौशाला को आकार देने में पालिकाध्यक्ष मनोज दूबे दिन-रात जुटे हैं। भूख-प्यास भूलकर खुद जेसीबी के पास खड़े होकर ऊबड़-खाबड़ जमीन को समतल कराने के साथ सफाई भी करवा रहे हैं। अब तक गौशाला का 50 प्रतिशत से अधिक निर्माण पूरा हो चुका है। बाउंड्री के किनारे विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे भी रोपे गए हैं। मनोज दुबे का दावा है कि सुविधाओं के लिहाज से यह गौशाला पूरे जिले में सबसे अनूठी होगी। उन्होंने बताया कि अगले साल होली से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएँगे। इसके बाद आवास विकास कॉलोनी में सीवर कुआँ परिसर में चल रही पुरानी गौशाला के सारे गोवंश को यहाँ शिफ्ट कर दिया जाएगा और खाली जगह में नगर पालिका के वाहन खड़े किए जाएँगे।

# छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया विद्यालय का मान,विद्याज्ञान प्री-परीक्षा में चयनित

**पीएम श्री पीएस जसपुरापुर सरैया प्रथम की छात्रा सुहानी, दीपांशी व नमन का विद्याज्ञान प्री-परीक्षा में हुआ चयन**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम की छात्राएँ सुहानी, दीपांशी और नमन ने विद्याज्ञान की प्री- परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल व शिक्षकों ने सुहानी और दीपांशी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दोनों ने मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है। अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय के मार्गदर्शन को सराहा।विद्याज्ञान में चयन को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पूरे क्षेत्र में छात्र- छात्राओं की सफलता की चर्चा है।



चयनित बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक

# गैंगस्टर के फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस हिरासत में आरोपित

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। सरिख थाना प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक उमेशचन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल ललित कुमार सहित पुलिस टीम ने बबलू कटियार (35) पुत्र विनोद कटियार, निवासी ग्राम पटिया सातनपुर, थाना मऊदरवाजा (फर्रूखाबाद) को राजापुर बम्बा पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। ज्ञात हो कि 22 नवंबर 2025 को थाना सौरिख में बबलू कटियार सहित चार अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम काफी समय से आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने फरार गैंगस्टर आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## पैतृक जमीन पर कब्जे के विवाद में पुलिस से शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला सदारी निवासी उपेन्द्र शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी है कि मौजा करमुल्लापुर की आराजी गाटा संख्या 1037 में उनके दिवंगत पिता रामवीर शर्मा व ताऊ राजाराम की आधी-आधी हिस्सेदारी थी। दोनों भाइयों ने जीवनकाल में अपने-अपने अंश पर कब्जा रखा। पिता-ताऊ की मृत्यु के बाद ताऊ के पुत्र अपने हिस्से पर काबिज हैं, जबकि उपेन्द्र शर्मा अपने हिस्से में घूरा व उपले-कण्डे रखकर उपयोग करते हैं। पीड़ित का आरोप है कि सोमवार को ताऊ के पुत्र लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुँचे और उपेन्द्र के रखे सभी उपले-कण्डे नष्ट कर दिए। रोकने पर गाली-गलौज करते हुए मारने दौड़े और धमकी दी कि फ्यह जमीन सिर्फ हमारी है। दोबारा यहाँ आए तो जान से मार देंगे या झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। आरोपियों ने पहले भी कई झूठी शिकायतें की हैं। उपेन्द्र शर्मा ने चौकी सिकन्दरपुर पहुँचकर शिकायत की लेकिन को कार्रवाई नही हुई। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

# आंदोलन के दसवें दिन ग्राम पंचायत सचिवों ने थामी साइकिल

- आदोलन तक ड्यूटी के दौरान इंजन संचालित वाहन का नहीं करेंगे प्रयोग

कायमगंज/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



साइकिल से अपने-अपने क्षेत्र में जाते ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति का ऑनलाइन उपस्थिति एवं सचिवों से लिये जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में चल रहा आंदोलन दिन पर दिन उग्र होता जा रहा है। पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार बुधवार से सचिवों ने अपने इंचन संचालित वाहन का प्रयोग बंद कर अब वह साइकिल से ड्यूटी पर जाना शुरु कर दिया। ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह ने बताया कि हम लोग एक दिसम्बर से चार दिसम्बर तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया। उसके बाद 5 दिसम्बर से धरना ज्ञापन देकर अपनी मांगों को सरकार के सामने रखा। अब 10 दिसम्बर से सभी साथियों ने अपने निजी इंचन संचालित वाहनों का प्रयोग बंद कर साइकिल से ड्यूटी करना शुरु कर दिया। यह क्रम 15 दिसम्बर तक चलेगा। ऑन लाइन उपस्थिति के आलावा साइकिल भत्ता 200 रुपया, टेंपो अथवा बस का किराया देने की मांग की। जटिल ई-ग्राम समाज व गेटवे प्रणाली प्रक्रिया के विरोध में मोबाइल ऐप के भुगतान से प्रक्रिया निर्मित करने की मांग शासन से की जायेगी। ग्राम प्रधानों की कोई शैक्षिक योग्यता शासन द्वारा निर्धारित नहीं है, ऐसी स्थिति में डीएससी संचालन की अपेक्षा रखना अव्यवहारिक नहीं है, आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह आदि सचिव मौजूद रहे। वहीं नवाबगंज ब्लाक से संबंधित भी सचिव अपनी-अपनी साइकिलों से ड्यूटी कार्य के लिए गये। इस दौरान सचिव मोती लाल यादव, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेयी, सुनील कुमार गौतम, अरविन्द कुमार, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, वेदप्रकाश, कामता प्रसाद पटेल आदि लोग शामिल रहे।

## डीएम से मिलने गये बर्खास्त संविदा कर्मियों का पुलिस ने किया चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पोस्टमार्टम हाउस में तैनात संविदा कर्मियों की स्वास्थ्य विभाग द्वारा बर्खाश्तगी कर देने के बाद कर्मचारी डीएम से शिकायत करने पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने बुलाकर शांतिभंग में चालान कर दिया। जिन लोगों का चालान हुआ उन सभी ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में बीते माह एक शव को कुत्ते नोच लेने की घटना घटित हुई थी। जिसको लेकर बिना हम लोगों को नोटिस दिये हमें नौकरी से निकाल दिया गया। हमारी कहीं सुनवाई नहीं हो रही थी। इसलिए प्रार्थना पत्र लेकर डीएम के पास गये थे। कुछ देर बाद पुलिस ने अमित पुत्र कन्हैया लाल निवासी हाथीखाना कोतवाली फतेहगढ़, चिंटू पुत्र भइया लाल निवासी हाथीखाना, रवि कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी जटपुरा थाना एलाऊ जिला मैनपुरी, राजीव कुमार पुत्र रामबाबू निवासी छादा भोगांव जनपद मैनपुरी का शांतिभंग के तहत चालान कर दिया।

# युवक पर कुल्हाड़ी से हमला जिला अस्पताल में भर्ती

कोंच जालौन समृद्धि न्यूज़।

ग्राम भेड़ में बुधवार सुबह खेत पर जाते समय एक युवक पर कुल्हाड़ी से अचानक हमला कर दिया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक राघवेंद्र पुत्र लल्लूराम (उम्र 26 वर्ष), निवासी भेड़ हरिजन मोहल्ला ने बताया कि वह गांव के ही राजू अहिरवार पुत्र रामकुमार के साथ खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में चलते समय राजू ने उससे बीड़ी मांगी और वहीं बीड़ी पीने लगा। राघवेंद्र के अनुसार, बीड़ी पीते समय राजू के हाथ में कुल्हाड़ी भी थी। अचानक उसने बिना किसी विवाद के उस पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। हमले में कुल्हाड़ी राघवेंद्र के पैर में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और परिजनों के साथ मिलकर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल उरई के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक आपस में परिचित वहीं, घटना की सूचना पर कोबरा हैड कॉन्स्टेविल हरिशचन्द्र व एच जी तनु यादव पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2202528 का अंकपत्र/ सह प्रमाणपत्र खो गया है।

**हिमांशी सिंह, पुत्र जगदीश सिंह**
**ग्राम डोकरी बेहड,**
**जनपद बहराइच।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादमा जेहरा पुत्री सैयद तकीउल हसन ज़ैदी निवासी रफी नगर देवा रोड दुर्गापुरी बाराबंकी का जन्म दिनांक 30.01.1960 को मकान संख्या मोहल्ला रफी नगर देवा रोड तहसील नावबगंज, बाराबंकी स्थित घर पर हो गया था। इस सूचना के आधार पर तदनुरूप जन्म पंजीयन किया जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को इस सम्बंध में कोई आपत्ति/ संशोधन सूचना उपलब्ध करानी हो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। बाद मियाद उपरोक्त सूचना को ही सत्य मानकर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु**
**नगर पालिका परिषद नवाबगंज,**
**जिला-बाराबंकी।**

# सत्याग्रह आंदोलन समाप्त, सचिव पंचायतों के लिए रवाना



कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।

विकासखंड कुठौंद में ऑन लाइन हाजिरी के विरोध में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन में प्रदेशीय आवाहन पर बुधवार को ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी साइकिल लेकर अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के लिये रवाना हुये। उल्लेखनीय हो कि पिछले दिनों प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारियों को ऑन लाइन हाजिरी अपने तैनाती विकासखंड कार्यालय में लगाने को अनिवार्य करने के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है जिसमें बुधवार को ग्राम विकास अधिकारियों ने साइकिल चलाकर अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को रबाना देखने को मिले सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन का पालन करते हुए विकासखंड पर सबसे हर ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी साइकिल से रवाना होकर ग्राम पंचायत कार्यालय तक ग्राम सभा के कार्यों के लिए साइकिलों पर जाते देखे गए। ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश, ग्राम विकास अधिकारी जय सिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम वाजपेई ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी अनीता यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार सोनकर आदि ने साइकिल चलाकर सभी साथियों को एहसास दिलाया जिससे सभी ग्राम विकास अधिकारी सभी ग्राम पंचायत अधिकारी साइकिल चलाकर पंचायत कार्यालय तक जाने की मन में ठान चुके हैं।

# एक लाख का नजराना लेतीं पकड़ी गयी बीडीओ

- ठेकेदार से भुगतान के बदले मांगा था नजराना
- बीडीओ के आवास की कई दिनों से निगरानी कर रही थी टीम
- बीडीओ को हिरासत में लेकर टीम पहुंची कदौरा थाने

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।



रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गयी बीडीओ विजिलेंस टीम के साथ।

मोटी-मोटी तनख्वाह मिलने के बाद भी विकास कार्यों के भुगतान करने के बदले में नजराना की मांग करना अब अधिकारियों को मुश्किल में डाल रहा हैं। ऐसा ही मामला कदौरा विकासखंड का प्रकाश में आया जहां एक ठेकेदार का भुगतान करने के बदले कथित तरीके से एक लाख रुपये की रिश्वत अपने आवास में लते बीडीओ को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बाद में विजिलेंस टीम झांसी बीडीओ को पकड़कर कदौरा थाने ले गयी जहां पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार कदौरा बीडीओ प्रतिभा शाल्या ने क्षेत्र पंचायत के ठेकेदार विवेक पुत्र योगेन्द्र से भुगतान के बदलते कथित तरीके से एक लाख रुपये की मांग की थी। भारी भरकम रकम मांगने से परेशान ठेकेदार उक्त मामले की शिकायत विजिलेंस टीम झांसी से की थी। इसके बाद विजिलेंस टीम ने पूरी फील्ड तैयार की और बीडीओ के आवास पर गुपचुप तरीके से निगरानी का कार्य पूरा किया और फिर ठेकेदार से संपर्क कर तय रणनीति के बाद एक लाख रुपये लेकर उसे बीडीओ प्रतिभा शाल्या के आवास पर भेजा गया जहां उसने बीडीओ को एक रुपये जैसे ही उनके हाथों में दिये वैसे ही पहले से ही चौकन्ना विजिलेंस टीम के सदस्य बीडीओ के आवास में प्रवेश कर गये और रंगे हाथों रिश्वत लेते बीडीओ प्रतिभा शाल्या को दबोच लिया।

उक्त जानकारी जैसे ही बीडीओ कार्यालय में मौजूद लोगों को पता चली तो हड़कंप मच गया। इसी बीच विजिलेंस टीम बीडीओ को पकड़कर कदौरा थाना ले गयी जहां पर कागजी कार्यवाही देर शाम तक चल रही थी। गौरतलब हो कि इससे पूर्व एडीओ पंचायत व लेखपाल इसी तरह से रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं।

# एसआईआर कार्य के दबाव के चलते बीएलओ ने खाया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव अमलैया मुकेरी निवासी ललित कुमार गंगवार उम्र 50 वर्षीय पुत्र फेरू सिहं गंगवार ने बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में लेकर आये। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने उपचार शुरू किया। उपचार के दौरान वीएलओ ललित कुमार गंगवार ने बताया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय ममापुर में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही उन पर बूथ संख्या 162 पर बीएलओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। एसआईआर के कार्य को लेकर लगातार उन पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा था। वीएलओ ललित कुमार के अनुसार मंगलवार शाम उन्हें तहसील सभागार में एसआईआर मीटिंग के लिए बुलाया गया। जहाँ उन्हें तहसीलदार विक्रम सिंह, सुपरवाइजर आशीष कुमार तथा असलम ने उनके साथ अभद्रता की और काम को लेकर अपमानित किया। उनका कहना है कि बुधवार सुबह भी उन्हें दोबारा तहसील बुलाकर कार्य के नाम पर दबाव डाला गया, जबकि उनका एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूरा था।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों की प्रताड़ना और मानसिक दबाव से क्षुब्ध होकर ही उन्होंने मजबूरीवश कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास


सीएचसी में भर्ती बीएलओ

- सीएचसी में कराया गया भर्ती, जहां से लोहिया अस्पताल किया गया रेफर

किया। फिलहाल स्वास्थ्य केंद्र में उनका उपचार जारी है। परिजनों ने इस पूरे प्रकरण की जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी देते हुए बताया कि ललित कुमार की कीटनाशक पदार्थ के सेवन की सूचना पर पत्नी राखी का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं पिता की हालत सुनकर पुत्र प्रबल प्रताप का भी रो-रोकर बुरा हाल है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अमरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ललित कुमार गंगवार को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। तहसीलदार विक्रम सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अभी कम्पिल क्षेत्र में हैं।

किसी भी बीएलओ के जहर खाने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जानकारी एकत्रित की जा रही है। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है और जाँच की जा रही। किसी भी वीएलओ पर कोई दबाव नहीं बनाया जा रहा है। सभी वीएलओ द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है। हमने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी शोभित शाक्य से बात की, तो उन्होंने बताया कि वीएलओ के मुँह से शराब की बदबू आ रही है। हालत स्थिर है। बेहतर उपचार किया जा रहा है।

# पंचायत मतदाता सूची में मिले 98 संदिग्धों के नाम

- बीएलओ के विशेष निरीक्षण में सामने आई अनियमितताएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगरिया जवाहर पंचायत में बीएलओ द्वारा किए गए विशेष निरीक्षण में मतदाता सूची में बड़ी अनियमितताएं सामने आई हैं।

जांच के दौरान कुल 98 संदिग्ध नाम पाए गए। जिनमें सुधार की तत्काल आवश्यकता बताई गई है। निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। इनमें 46 लोग ऐसे थे जो क्षेत्र से बाहर पाए गए, जबकि 11 मतदाताओं के मृत होने की पुष्टि हुई। इसके अतिरिक्त, 20 नाम डबल एंट्री के रूप में दर्ज थे और 21 महिलाएं विवाह के कारण अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुकी थीं। इन सभी श्रेणियों को मिलाकर कुल 98 नाम ऐसे चिह्नित किए गए हैं जिनमें मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है। यह अनियमितताएं एक पारदर्शी मतदान प्रक्रिया के लिए चुनौती पेश करती हैं। निरीक्षण के दौरान बीएलओ ने ग्रामवासियों को निर्वाचन विभाग द्वारा निर्धारित घोषणा प्रमाण-पत्र भी सुनाया। उन्होंने लोगों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी और यह भी बताया कि गलत सूचनाओं को जल्द से जल्द ठीक कराना क्यों महत्वपूर्ण है, ताकि मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।


एसआईआर का काम करते बीएलओ

# बीएलओ मतदाता सूची पुनरीक्षण में अनुपस्थित/मृत मतदाताओं की जानकारी दर्ज करें : डीएम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग के मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को बूथ दिवस मनाया गया। इस दौरान कमालगंज नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित जूनियर हाईस्कूल में सात बूथों पर बीएलओ ने मृतक और अनुपस्थित मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाए। दोपहर करीब डेढ़ बजे जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बूथ का निरीक्षण किया और बीएलओ से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ सुमन देवी से शादीशुदा मतदाताओं की संख्या पूछी। जब गणना प्रपत्र पर कोई जानकारी दर्ज नहीं मिली, तो डीएम ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में परिजनों या पड़ोसियों से यह लिखवा लिया जाए कि मतदाता बाहर रहता है या उसकी मृत्यु हो गई है। इस अवसर पर विधायक नागेंद्र सिंह ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न बूथों पर बीएलओ ने मतदाता सूची में पाई गई


निरीक्षण के दौरान बीएलओ को निर्देश देते डीएम

विसंगतियों की जानकारी दी। बूथ संख्या 250 के बीएलओ उमेश पाल ने बताया कि उनके वार्ड में 25 मतदाता अनुपस्थित, 146 स्थानांतरित, 20 मृत और चार डबल वोट पाए गए। बूथ संख्या 251 के बीएलओ आलोक ने जानकारी दी कि 215 मतदाता अनुपस्थित, 40 स्थानांतरित, 20 मृत और 15 डबल पाए गए। इस दौरान कई मतदाताओं ने बीएलओ के सहयोग से फॉर्म भरकर जमा किए। वहीं कुछ लोग 2003 की सूची में अपना नाम खोजते दिखे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से शातिर चोर घायल

- तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर हुए फरार
- ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह का हैं सदस्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। एक चोर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल चोर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहम्मदाबाद के क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि विगत कुछ


पुलिस मुठभेड़ में घायल चोर

दिनों से मोहम्मदाबाद और नवाबगंज थाना क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर से तेल और अन्य सामान चोरी की कई घटनाएं सामने आ रही थीं। इन घटनाओं के खुलासे के लिए एसओजी और मोहम्मदाबाद थाना पुलिस की टीमें सक्रिय थीं। मुखबिर से सूचना मिली कि यह गिरोह नहरिया के आसपास सक्रिय है। सूचना पर एसओजी और मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही गिरोह के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में नवाबगंज थाना क्षेत्र के बासमई गांव निवासी सनी सिंह नामक चोर पैर में गोली लग जाने से घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि घायल सनी शातिर बदमाश है। उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। घटनास्थल से ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करने का सामान, चोरी किया गया तेल और एक ईको कार भी बरामद की गई है। पुलिस फरार हुए अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर तलाश कर रही है। घायल सनी को मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंजूखारिया निवासी शिवान्शू पुत्र राजेश कुमार अपने दोस्त आदित्य पुत्र संजीव की बाइक से कमालगंज में लगे शेखपुर रूस्तमपुर मेला देखने आ रहा था, तभी राजेंद्र पाल कॉलेज के सामने कमालगंज की तरफ से आ रहे फैजान पुत्र निजाम जो की कमालगंज स्थित नाला बघार मेडिकल कॉलेज का छात्र है, की बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। तुरंत ही राहगीरों द्वारा एंबुलेंस को फोन किया गया एवं एंबुलेंस द्वारा तीनों घायलों को कमालगंज लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 400/2025 धारा 103(1) बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट में वांछित/ईनामिया अभियुक्त विकास यादव पुत्र विनोद यादव निवासी ग्राम उमराय नगला थाना कमालगंज को 01 खोखा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार वादी सुधीर पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम उमराय नगला थाना कमालगंज ने दिनांक 06.12.25 को वादी के चचेरे भाई को लाइसेंसी दोनाली बंदूक से गोली मारकर जान से मार देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-400/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम विकास पुत्र विनोद निवासी ग्राम उमराय नगला थाना कमालगंज आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त की गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 30 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर पुलिस ने कार्यवाही शुरु कर दी है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दंपति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव हाईपुर निवासी कामिनी पत्नी भारत बुधवार दोपहर घर पर बैठी थी, तभी नाली के पाइप में हो रहे रिसाव को लेकर परिजन कामिनी को गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर परिजन कामिनी के साथ मारपीट करने लगे। बचाने आये पति भारत को भी मारपीटा। थाना पुलिस को कामिनी पत्नी भारत ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज में मंगलवार शाम मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की नगर के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी राजेंद्र के घर में सट्टे का कारोबार हो रहा है। कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना व बताए गए स्थान पर पहुंचकर सट्टे की लिखाई कर रहे बरतल निवासी दुष्यन्त गिरी को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में दुष्यन्त के पास से पुलिस को 350 रुपए, एक पेन, एक डायरी, एक पैमाना 4 इंच का बरामद हुआ। थाना पुलिस ने दुष्यन्त गिरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# 122 दिव्यांग बच्चों में 86 को मिले उपकरण, शेष रहे अनुपस्थित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज ब्लॉक संसाधन केंद्र में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 122 दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण वितरित करने थे, लेकिन बाकी बच्चों की अनुपस्थित रहने पर 86 बच्चों को उपकरण वितरित किए गए। इस समारोह में बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, सीपी व्हीलचेयर, टीएलएम किट, रोलैटर और ब्रेल किट जैसे विभिन्न उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित किया गया था। एलिम्को कानपुर ने इसके आयोजन में सहयोग प्रदान किया। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, जबकि


दिव्यांग बच्चे को ट्राई साइकिल देते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने इसकी अध्यक्षता की। विधायक और जिलाधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी सदर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, एलिम्को के प्रतिनिधि, छात्र और उनके परिजन भी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा दिव्यांग बच्चों के लिए कई योजनाएं संचालित हैं। यह किसी से कम नहीं है। दिव्यांग बच्चों को स्पेशल एजुकेटर द्वारा पढ़ाने का कार्य किया जाता है।

## वृद्धा की हालत बिगड़ी लोहिया अस्पताल में मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध महिला की हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बरतल निवासी मरियम बेगम पत्नी कुदरतुल्ला की सोमवार शाम तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नाती फैजान ने बताया कि लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी दादी मरियम बेगम का निधन हो गया। उन्होंने सीएचसी नवाबगंज के डॉक्टरों द्वारा ऑक्सीजन लगाने और लोहिया रेफर करने की बात भी कही। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गौरव राजपूत ने बताया कि मरीज गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। ऑक्सीजन लगाकर मरीज को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत हो गई। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी अस्सी वर्षीय राजबहादुर यादव अपने भाई लालाराम के पुत्र भूरे के साथ कई वर्षो से रह रहे थे। मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे रामराजबहादुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। देर रात मृतक के भाई रामस्नेही के पुत्र गजेन्द्र ने चाचा के पुत्र भूरे पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस को सूचना देकर युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ग्रामीणों व स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। स्वजनों ने बताया कि वह अविवाहित थे। काफी समय से वह भतीजे भूरे के पास रह रहे थे। उन्होंने अपने हिस्से की खेती भी भूरे के नाम कर दी। वह लंबे समय से बीमार रह रहे थे। दोपहर में तबियत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि उनके भतीजे ने अपने चचेरे भाई पर हत्या का आरोप लगाकर मामले की सूचना दी। हालांकि उसके बाद वह मौके से फरार हो गया। प्रथम दृष्ट्या उनकी मौत बीमारी से हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## बीएलओ ने किया मतदाता सूची से संबंधित समस्याओं का समाधान



मतदाता सूची में सुधार करवाते ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के बरतल स्थित प्राथमिक विद्यालय केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारियों ने मतदाता सूची से संबंधित समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान सूची में मृत, डबल और अनुपस्थित मतदाताओं के नाम सामने आए। बीएलओ ने हाथ में सूची लेकर सभी उपस्थित लोगों के सामने नाम पढ़कर सुनाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि सूची में कोई त्रुटि या गलत जानकारी है, तो वे तुरंत सूचित करें ताकि उसे सुधारा जा सके। जांच के दौरान बूथ संख्या 240 में 57 मृत मतदाताओं के नाम पाए गए। इसी तरहए बूथ संख्या 242 में 55 और बूथ संख्या 241 में 15 मृत मतदाताओं के नाम दर्ज थे। बूथ संख्या 241 में 43 ऐसे लोग भी मिले जिनका पता नहीं था या वे उस बूथ से संबंधित नहीं थे। बूथ संख्या 243 में 18 मृत मतदाता, 12 डबल वोट और 378 ऐसे लोग पाए गए जिनका कोई पता नहीं था या वे उस क्षेत्र के निवासी नहीं थे। इन त्रुटियों के समाधान के लिए बीएलओ द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

- पिता ने बहू पर लगाया गला घोंटकर हत्या करने का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली निवासी शिवमंगल कोरी उम्र 22 वर्षीय पुत्र सतीश चन्द्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। मृतक की पत्नी संजना ने बताया की वह सुबह खाना बना रही थी, तभी उसके पति शिव मंगल ने कमरे में पंखे से लटक कर फाँसी लगा ली। यह देखकर घबरा गई और अपने पड़ोसी युवक को बुलाकर शव नीचे उतारा। घटना की जानकारी होने पर तम्बाकू की गोदाम में काम कर रहे मृतक के पिता सतीश चन्द कोरी घर पर पहुँचे। पड़ोस के डाक्टर ने शिव मंगल को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवारों में कोहराम मच गया। शिवम मंगल का विवाह पिछले वर्ष संजना के साथ हुआ था। उनके दो बेटे और दो बेटियाँ हैं। शिवमंगल चचेरे भाई चन्दन की दुकान पर काम करता था। घटना के समय उसका छोटा बेटा अंशुमान, बेटी दिव्या स्कूल गए हुए थे। घर पर केवल शिवमंगल और उसकी पत्नी सजना थे। मृतक के पिता ने बताया कि उसके बेटे ने खुद फाँसी नहीं लगाई। उनके बेटे की बहू ने अपने पति शिव मंगल का गला घोंटकर हत्या कर देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार पति पत्नी में आये दिन झगड़ा होता था। शिव मंगल खुद आत्म हत्या नहीं कर सकता। घटना की सूचना पर पहुंचे एसएससाई सुरजीत कुमार, हल्का इन्चार्ज बलवीर सिंह, कांस्टेविल अंकित गंगवार ने जाँच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये। हल्का इन्चार्ज ने शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


रोते बिलखते मृतक के परिजन


मृतक का फाइल फोटो

# आर्मी प्री प्राइमरी स्कूल फतेहगढ़ कैंट में वार्षिक खेलकूद समारोह रेडियंस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी प्री प्राइमरी स्कूल फतेहगढ़ कैंट द्वारा वार्षिक खेलकूद समारोह रेडियंस का भव्य आयोजन दिनांक 10 दिसंबर 2025 को फतेहगढ़ कैंट के अंसारी कॉम्प्लेक्स में किया गया। समारोह का उद्देश्य नन्हें बच्चों की प्रतिभाएं, खेल भावना, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। इस समारोह में लगभग 1400 बच्चों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर माइकल डिसूज़ा युद्ध सेवा मैडल कमांडेंट राजपूत रेजिमेंटल सेंटर रहे। समारोह का शुभारंभ अनुपमा डिसूज़ा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत छोटे-छोटे कदमों से आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना, स्वागत नृत्य, म्यूजिक बैंड, पों-पों ड्रिल, योग ड्रिल, जुम्बा, रिबन ड्रिल, शास्त्रीय नृत्य, राजस्थानी नृत्य तथा ताइक्वांडो जैसी मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गई। साथ ही नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं कक्षा 1 व 2 के बच्चों के लिए पिक-एंड-ड्रॉप रेस, बैलून रेस, मदर-एंड-चाइल्ड रेस, लेमन-एंड-स्पून रेस तथा हर्डल रेस जैसी रोचक प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की गई। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और जिला स्तर पर ताइक्वांडो स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। बच्चों के उत्साह और प्रतिभा ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को अत्यंत प्रभावित किया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर माइकल डिसूज़ा युद्ध सेवा मैडल ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को हमेशा खुशी-खुशी सीखते और खेलते रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।


बच्चों को सम्मानित करते ब्रिगेडियर माइकल डिसूज़ा

# रवायती अंदाज में मना हजरत शेख मखदूम का 701वां उर्स

- रास्ते में तकबीर अल्लाह हूं अकबर की सदाएं गूंजीं

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

हजरत शेख मखदूम बुर्राक लंगर जहां रहमतुल्लाह अलैह का 701वाँ उर्स व मेला रवायती अन्दाज में मनाया गया। उर्स में बुधवार को सज्जाददानशीन की पालकी को छड़ियों के साए में भोजपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर शेखपुर लाने के लिए अकीदतमंदों का जोश उमड़ पड़ा। चिल्लागाह से दरगाह तक नंगे पैर दौड़ते हुए अकीदतमंद आगे बढ़ रहे थे। खासकर बच्चों का जुनून बड़ों पर भी भारी पड़ रहा था। दरगाह में नमाज-ए- असर के बाद दूसरा कुल शरीफ हुआ। मुल्क की बेहतरी व अमनचैन को दुआ की गई। शेखपुर शरीफस्थित दरगाह मखदूमिया में हजरत शेख मखदूम बुर्राक लंगरजहां रहमतुल्लाह अलैह के उर्स में बुधवार को सुबह मदारे मुबारक का गुस्लपाक हुआ। इसके बाद फातिहा ख्वानी हुई। जायरीन के आने का सिलसिला शुरू होते ही चादरपोशी व गुलपोशी होने लगी। बाद नमाज जौहर 700 साल पुराने खिरकाशरीफको पांच किलोमीटर दूर भोजपुर स्थित चिल्लागाह पहुंचाया गया। नमाज जौहर व नमाज असर के दरमियान गुसल हुआ। सज्जादानशीन हजरत अजीजुल हक गालिब मियां को खरिका शरीफ पहनाया गया। बेहोशी के आलम में उन्हें पालकी (डोला) पर लिटाया गया। सबसे पहले हाथ मे छड़ी लेकर बच्चों का समूह आम के बागों व कच्चे रास्ते से कानपुर मार्ग व रेलवे क्रासिंग पार करते हुए शेखपुर में दरगाह मखदूमिया पहुंचा। करीब 10 मिनट तक बीच-बीच में अन्य समूहों में अकीदतमंद नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर, ले चल पीर की बुलंद सदाओं के साथ दरगाह पहुंचते रहे। पालकी के दरगाह पहुंचने पर सज्जादानशीन को मजार शरीफ की परिक्रमा कराकर खिरका शरीफ उतारा गया। गलिब मियां के होश में आने पर नमाज-ए-असर हुई। उर्स का दूसरा कुल शरीफ हुआ। देश में अमन चैन खुशहाली की दुआ की गई। उर्स कमेटी मीडिया प्रभारी मो0 मोहसिन शमसी, भुवन बरतरिया, अनस सिद्दीकी, बिल्लू श्रीवास्तव आदि कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंप भी लगाया गया था। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।


छड़ियों के जुलूस के पीछे दौड़ते मुरीदीन

# वार्षिक पत्रिका अभिव्यक्ति व पंख मासिक पत्रिका का हुआ विमोचन

- जीजीआईसी की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 25 छात्राओं को किया गया सम्मानित
- ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की मिलेगी प्रेरणाः डीआईओएस


पत्रिकाओं का विमोचन करते अतिथिगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा माध्यमिक की पहल पर महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ में पुरस्कार वितरण, वार्षिक समारोह एवं वार्षिक पत्रिका अभिव्यक्ति, पंख मासिक पत्रिका विमोचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, लेखाधिकारी मा.शि. सुशील कुमार ने माँ सरस्वती एवं महादेवी वर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। एनसीसी के छात्राओं एवं बैण्ड द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं विद्यालय की वार्षिक उपलब्धि का विवरण प्रस्तुत किया। छात्राओं ने गणित क्लब, विज्ञान क्लब, इको क्लब, करियर क्लब एक क्राफ्ट प्रदर्शनी लगायी गयी। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की। एनसीसी छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण पर अद्‌भुत प्रस्तुतिकरण ने सभी का ध्यान आकृष्ट किया। छात्रा साक्षी एवं उनकी टीम ने राधाकृष्ण के मन मोहक रूप मृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। छात्रा मन्नत एवं भूमि ने बेटियों पर गीत प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने वार्षिक पत्रिका अभव्यक्ति एवं पंख मासिक पत्रिका का विमोचन किया। अभिभावक शिक्षक सघं अध्यक्ष मनोज प्रकाश, पूर्व प्रधानाचार्या मीना यादव ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की। छात्राओं ने आत्मक्षा प्रशिक्षण, एक भारत श्रेष्ठ भारत मिशन शक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 25 छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया। व्यवस्था एवं आभार वरिष्ठ प्रवक्ता ऋचा तिवारी ने दिया। संचालन शिक्षिका ज्योति ने किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने कहा इस आयोजन से भविष्य में छात्राओं को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी एवं सास्कृतिक गतिविधि खेल आदि के प्रति अभिरूचि भी जाग्रत होगी। इस अवसर पर आरती शैलजा, गीता, नीलम, सरिता, गुलशन जहां, अल्पना, मोनी, मीनाक्षी, दिव्यांशी, निर्भला सिंह, स्वालिया आदि ने प्रतिभाग किया।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

- अपर जनपद न्यायाधीश ने पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की समितियां की गठित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सम्बोधित करते अपर जिला जज संजय कुमार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में जनपद न्यायालय के एडीआर भवन में विश्व मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि विश्व मानवाधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को विश्व भर में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं मूलभूत अधिकारों के हनन के बारे में जागरूक किया जाता है। भारतीय संविधान में भी व्यक्ति के मूलभूत अधिकारों एवं कर्तव्यों का वर्णन किया गया है। देश में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा प्रांतों में राज्य मानवाधिकार आयोग, अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहा है। अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार ने परा लीगल वॉलिंटियर्स की विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने हेतु कई समितियां गठित की। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, शिवनरेश सिंह, रघुवीदास, सत्यपाल सिंह, यशपाल सिंह, आलोक मिश्रा, देवराज, सरिता दुबे ने भी संबोधित किया। संचालन अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार ने किया तथा सभागार में उपस्थित लोगों को विधिक राय देकर जागरूक किया। इस अवसर पर राम सिंह मौर्य, बिलाल, शिवम, विशाल तथा राघवेन्द्र आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण करते बीडीओ मौजूद सचिव

## बीडीओ ने बूथ संख्या 111 का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर स्थित मतदान केंद्र पर खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह ने निरीक्षण कर बीएलओ आकाश पाल को जरुरी निर्देश दिए। बूथ पर उपस्थित मतदाताओं को एसआईआर फार्म में सहयोग करने के लिए कहते हुए छूटे हुए लोगों को फार्म 6, 7 और 8 भर कर जमा करने के निर्देश दिया। रसोईयों ने स्कूल में सफाई कर्मचारी नहीं आने की शिकायत की गई। बीडीओ ने परिसर में लगे पौधों की कटिंग कराने का सुझाव दिया। जिस पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने शीतकालीन अवकाश में स्कूल के सभी जरूरी काम कराने की बात कही। इस अवसर पर पंचायत सचिव शशिदेव यादव, आकाश पाल, अरविंद कुमार, जयवीर, पेशकार, हेमवती, राम देवी, आशा, उमा, शोभा देवी, सत्यवती आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को आयुर्वेदिक जीवनशैली, स्वास्थ्य संरक्षण की दी जानकारी

- मेडिकल कालेज में सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


भ्रमण के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल में आयुर्प्रवेशिका एवं संस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल में आयुर्वेद प्रथम प्रोफेशनल छात्रों हेतु चल रहे आयुर्प्रवेशिका (संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम) तथा संस्कार कार्यक्रम के 14वें दिन विविध सत्रों एवं गतिविधियों के साथ संपन्न हुए। दिन की शुरुआत जीवनीय (आयुर्वेद आरोग्य मित्र अभियान) के अंतर्गत बैच 2025 के विद्यार्थियों द्वारा समीपस्थ ग्राम भ्रमण से हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरुण पांडे ने किया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को आयुर्वेदिक जीवनशैली, स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोग प्रतिरोधक उपायों की जानकारी प्रदान की। पीजी अभिमुखीकरण सत्र पीजी ओरिएंटेशन की शुरुआत तनाव प्रबंधन विषय पर हुई। जिसमें योग, ध्यान तथा विश्रांति तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी डॉ. कविता नेगी ने प्रदान की। डॉ. जितेन्द्र रॉय गौर ने फामार्कोविजिलेंस से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्यावसायिक शिष्टाचार, प्रभावी वक्तृत्व कला, स्वस्थ संबंध निर्माण एवं पेशेवर व्यवहार पर मार्गदर्शन डॉ0 रूमी डे द्वारा दिया गया। पीजी विद्यार्थियों की क्लीनिकल केस प्रस्तुति का सत्र आयोजित किया गया। जिसका समन्वयन डॉ. भारती पंचाल ने किया। छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु बीएलएस बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण का अभिमुखीकरण डॉ. धनराज पटेल द्वारा कराया गया। दिन का समापन डॉ. निरंजन के रोचक सत्र के साथ हुआ। विद्यार्थियों को पीजी छात्र समितियों तथा आईईसी एवं आईआरसी जैसी अनुसंधान संबंधित समितियों का परिचय कराया। इस प्रकार 14वां दिवस ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव और सामुदायिक सेवा की भावना के साथ संपन्न हुआ।

# तीन ओवर लोड व पांच ओवरहाइट ट्रक सीज

- बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगे 4 वाहन व कर बकाया में भी चार वाहन सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते परिवहन कर्मी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सघन चेकिंग कार्यवाही करते हुये 05 ओवरहाईट ट्रकों को सीज कर दिया। इसके अलावा 3 ओवरलोड ट्रकों को सीज करते हुये उन पर 97 हजार का जुर्माना लगाया गया। बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगे 4 वाहनों को सीज करते हुये 40 हजार का जुर्माना लगाया तथा व कर बकाया 04 वाहनों को सीज करते हुये 1.80 लाख का कर आरोपित किया गया। परिवहन विभाग की गई कार्यवाही में 2.50 लाख जुर्माना व 1.80 लाख कर आरोपित किया गया।

# जनपद में सभी बूथों पर एसआईआर फार्म किये गये जमा


फार्म भरवाते बीएलओ

- नये मतदाताओ के लिए फार्म-6 भरवाने की तैयारी शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश पर बुधवार को जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में विशेष बैठक बुलाई गयी।

नगर में विभिन्न बूथों पर बीएलओ ने पहुंचकर फार्म जमा किये। कहीं बूथों पर बीएलओ कुछ समय के आये और चले गये। नगर में कई बूथों पर बीएलओ फार्म जमा करने के लिए इंतजार करते रहे। 11 दिसम्बर आखिरी तिथि होने के कारण बीएलओ व मतदाताओं में परेशानी भी दिखी। बीएलओ ने बताया कि कुछ समय और बढ़ जाये तो बचा हुआ काम भी पूर्ण हो सकता है। अधिकांश फार्म में सन् 2003 की सूची से मिलान न होने के कारण अधूरा फार्म ही भरकर मतदाताओं ने जमा किये। वहीं राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में ग्राम ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, कोटेदार एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में सूची पढ़कर सुनाई गयी और जन समूह के साथ उनका सत्यापान किये जाने पर बल दिया गया। जिन ग्रामीणों का गणना सूची में नाम नहीं है उन्हें पात्रता के रुप में फार्म 6 भरवाया जायेगा और सत्यापन भी होगा। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता, नोडल अधिकारी एवं ग्राम प्रधान यूसुफ पटेल, बीएलओ साजिद खान, शिवम अवस्थी, निशा व अन्य लोग बैठक में मौजूद रहे।

# बीएलओ कार्य कर रहे, विपक्ष के लोग भ्रम फैला रहेः स्वतंत्र देव सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वार्ता करते स्वतंत्र देव सिंह

एक दिवसीय दौरे पर आये जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सभी बीएलओ कार्य कर रहे है, जो नये मतदाता है उनका नाम जोड़ा जा रहा है। हम लोग परिश्रम करने वाले है काम कर रहे है। ज्यादातर बीएलओ अपना पूर्ण काम कर चुके है। मैं भी 40, 45 बूथों पर गया। सभी बूथों पर 90 से 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। आजादी के बाद कांग्रेस ने क्या किया है, लोगों के पास गांव में पक्का मकान न था। सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता के लिए काम किया। उन्हें कांग्रेस ने अलग कर दिया था। मोदी सरकार ने कई लोगों के हित में कार्य किये। कोर्ट के आदेश के बाद सभी ने मिलकर राम मंदिर का निर्माण कराया। आज रोड बन रहे है, एयरपोर्ट में काम हो रहा है। विपक्ष के लोग भ्रम फैला रहे है। सपा, कांग्रेस जब आती है तो लोगों को लूटने का काम करती और जातिवादी करती है। आज भाजपा सरकार में सरकारी नौकरियों में भर्ती हुई है और लाखों लोगों को रोजगार मिला है। राजनीत मेरा व्यापार नहीं है, लोगों की सेवा करना है। तटबंध के बारे में बताया कि तटबंध क्या बनने लायक है, जमीन जायजाद को खरीदना पड़ता है। इसको लेकर पूरी जानकारी लेंगे और आगे बात करेंगे।

# चयन वेतन मांग को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने अपने शिक्षक साथियों के साथ जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। समस्याओं में दर्शाया गया कि वित्त लेखाधिकारी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें। 1 जनवरी 2025 से लंबित चयन वेतन मान का लाभ शिक्षकों को नहीं मिल पा रहा है।

जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। एक पद पर दस वर्ष सेवा कर चुके शिक्षकों व कर्मिकों के चयन वेतन मान स्वीकृत कर आदेश निग्रत किया जाये। परिषदीय विद्यालयों पर लाखों रुपये के विद्युत बकाया बिल दर्शाये जा रहे है। विगत वर्षो की भांति इनका भुगतान ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिकाओं या अन्य मद से कराया जाये। जिससे कनेक्शन विच्छेदन न हो। इस कारण कई विद्यालयों के कनेक्शन विच्छेदन कर दिये गये है। जिन शिक्षकों के चयन वेतन के अवशेष आदि का भुगतान शीघ्र कर दिया जाये। जिन शिक्षकों के आय की अग्रिम कटौती चल रही है उनकी पूर्ण हो चुकी है। उनकी अग्रिम कटौती न की जाये। सीसीएल समय पर स्वीकृत किये जाये। विभाग द्वारा विगत वर्षों से शिक्षकों के पचहान पत्र निर्गत किये गये थे, इस समय कई शिक्षकों के विद्यालय परिवर्तन या परिचय पत्र नष्ट हो जाने के कारण नवीन परिचय पत्र जारी किया जाये। इस मौके पर जिला मंत्री प्रवेश सिंह राठौर, विमलेश, सोमनाथ दीक्षित, विकास, अर्चना राजपूत, राजेश यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर संगठन का हुआ विस्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

- नारायन दत्त द्विवेदी प्रदेश महासचिव व डॉ. निधि बनी महिला जिलाध्यक्ष

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण की बैठक कादरीगेट स्थित एक वैंकेट हाल में सम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने प्रदेश महामंत्री नारायनदत्त द्विवेदी को दायित्व सौंपा और नरेन्द्र राजपूत राना को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष डॉ. निधि मिश्रा को बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि आज विश्व मानवाधिकार दिवस है। प्रदेश महासचिव नारायन दत्त द्विवेदी ने कहा कि अधिकारी मानवाधिकारों के प्रति धार्मिक संरक्षण बनाये रखे। शीघ्र ही संरक्षण द्वारा और गठन किया जायेगा। प्रदेश सचिव नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि कमजोर व्यक्ति का हनन नहीं होने दिया जायेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष लज्जाराम वर्मा ने कहा कि संगठन को ग्रामीण क्षेत्र में गति दी जायेगी। जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अभयशंकर द्विवेदी ने विचार व्यक्त किये। श्रद्धा दुबे का महिला संरक्षण का जिला महासचिव बनाया गया। सचिव पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रांशु शाक्य, सुनीता अग्निहोत्री, रघुवंश मिश्रा, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, मंजू तोमर, धीरेन्द्र सारस्वत, धीरज वर्मा, संजय मिश्रा, शिवदेश सिंह चौहान, मुन्नूलाल वर्मा, श्याम कुमार, आरएन, सोनू मिश्रा, दीपक सक्सेना, अनुपम अवस्थी, संगीता अवस्थी, रिषु गुप्ता, राजा मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा के तहत खेले गये चार क्रिकेट मैच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में चार मैच खेले गये। प्रथम मैच विनीत और चन्द्रवती इंटर कालेज के बीच खेल गया। मैच का उद्‌घाटन ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। विनीत टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रन नौ विकेट खोकर बनाय। सुमित ने 29 रन, मोनू ने 27 रन बनाये। 128 रनों की पीछा करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 95 रन ही बना पायी। विनीत टीम ने 33 रन से मैच जीता। दूसरी मैच दि रिंग कायमगंज व नगला मोती मोहम्मदाबाद के बीच खेला गया। कायमगंज ने बैटिंग करते हुए 91 रन पांच विकेट खोकर बनाये। नगला मोती मोहम्मदाबाद ने 7.3 ओवर में 94 रन बनाकर दो विकेट के नुकसान पर आठ विकेट से जीत हासिल की। तीसरा मैच स्टेडियम फतेहगढ़ व खानपुर के बीच हुआ। टॉस जीतकर स्टेडियम ने 10 ओवर में 91 रन पांच विकेट खोकर बनाये। खानपुर टीम ने 91 रनों का लक्ष्य 8.3 ओवर प्राप्त कर मैच जीता। चौथा मैच सीपी विद्या निकेतन कम्पिल और नगला धारा के बीच हुआ। सीपी विद्या निकेतन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 100 रन छह विकेट पर बनाये। धारा नगला ने 101 रन 9.1 ओवर में प्राप्त कर जीत हासिल की। मैच के अम्पायर मोहम्मद अहमद खां व पुष्कर मिश्रा रहे। स्कोरिंग सुहानी राठौर ने की। इस मौके पर अमरदीप दीक्षित, कुलदीप यादव, अतीन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# फैजाने गौसुलबरा तालीमे निस्वां की पांचवीं पर अलिमा व फाजिला को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद लोग

फैजाने गौसुलबरा तालीमे निस्वां की पांचवीं रोजा अजीमुश्यान गौसे आजम कॉन्फ्रेंस व जश्ने रिदाए फजीलत मोहल्ला घेरश्यामू खां में सम्पन्न हुई। साथ ही महिलाओं का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। आलिमा व फाजिला बनी, पांच बच्चियों को सम्मानित किया गया। जिसमें आयशा, हुमैरा, ताहिरा, महजवी, कहकशा और नवाजे इसागौसे आजम कॉन्फ्रेंस हुई। सरपरस्ती हजरत मौलाना सैय्यद अनस मियां, विलग्राम शरीफ ने मुकर्रिर खुसूसी मुफ्ती तबरेज आलम नानपारा बहराइच ने अपनी तकरीर में कहा कि कुरआन व कम्प्यूटर के तालमेल से होगी तरक्की, आधी रोटी खाइयें बच्चों को जरुर पढ़ाहिए। समय के साथ-साथ चलना होगा। इल्मदीनी और दुनियाबी दोना बहुत जरुरी है। एक हाथ से कुरआन व एक हाथ में कम्प्यूटर होना चाहिए। इल्म रोशनी है। जिहालत अंधेरा है। इस्लाम में तालीम पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वही कौम तरक्की करती है, इसलिए इल्म हासिल कर मुल्क की तरक्की में भागीदारी दें। मुफ्ती तरबेज आलम ने कहा कि इल्म हासिल करें और शायरों ने कलाम पेश किये। मौलाना इस्राईल मसूदी सैय्यद हैदर अली, मदरसा प्रबंधक हाफिज मोहम्मद समशुद्दीन ने आलिमा बनी को सम्मानित किया और अपनी दुआओं से नवाजा। इस मौके पर तोसीद राजा, सोनी जुनैद, शरीफ मोहम्मद खां, मसीह खां, शोयल, हिशाम, सहीद, आमीर खां, डॉ. आरिफ, हाफिज अनवर आदि लोग मौजूद रहे।

## कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति की आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति विश्वकर्मा मंदिर बढ़पुर की प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा घोषित चुनाव के प्रथम चरण में पांच दिसम्बर से दस दिसम्बर तक आवेदन पत्र वितरित किये गये। समाज के लोगों ने उत्साह के साथ विभिन्न पदों हेतु आवेदन पत्र जमा किये। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर है। चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि आवेदन पत्रों की जांच के बाद वैध पत्र के नाम घोषित किये जायेंगे।

## किला घाट खोलने की व्यापारियों ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग युवा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में आर्मी कैंट में स्थित किला घाट को आम जनमानस के लिए खोलने की मांग की गई। सन्देश अग्रवाल ने बताया कि पिछले 5-6 महीने से किलाघाट को आम जनमानस के लिए बंद कर दिया गया है, अगला महीना माह का महीने है, जिसमें मेला रामनगरिया का मेला पांचालघाट पर लगेगा और सभी लोग स्नान हेतु पांचाल घाट पहुंचते हैं। जिससे जाम की विकराल समस्या का सामना सभी को करना पड़ता है। अगर किला घाट को खोल दिया जाता है तो फतेहगढ़ और आसपास के लोगों को बहुत सुविधा होगी और साथ ही पांचाल घाट पर बोझ भी कम होगा। जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने आर्मी के अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रबल माहेश्वरी, अर्पण अग्रवाल, संदीप सक्सेना, अतुल दुबे मौजूद रहे।

# कंस व रावण वध के साथ कथा का हुआ विराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा का रसपान करते भक्तगण

गंगानगर में चल रही श्रीमद् भावगत कथा के सांतवें दिन धार्मिक अनुष्ठान के अन्तर्गत श्रीमद् भावगत एवं श्रीराम चरित मानस ज्ञान सप्ताह यज्ञ के कथा व्यास आचार्य शिवशरन अग्निहोत्री ने कंस वध व सुदामा चरित की कथा कही।

आचार्य ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने मथुरा में आतंक मचा रखा था। भगवान कृष्ण ने कंस वध कर आतंक से मुक्ति दिलाई। दुष्ट कंस के बुलाने पर श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई दाऊजी के साथ मथुरा पहुंचे। जहां उनके दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। मल्ल युद्ध के बाद श्रीकृष्ण ने कंस को पटक-पटककर मौत के घाट उतार दिया। भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। वहीं कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते है, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया और महल ले गये। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। भगवान कृष्ण ने सुदामा से चावलों की पोटली ली और उन्हें खाया, जिसे अमृत जैसा स्वाद बताया। उन्होंने सुदामा का बहुत सम्मान किया और पटरानियों ने भी आशीर्वाद लिया। जब सुदामा घर लौटे, तो उन्होंने अपनी झोपड़ी के स्थान पर एक सुंदर महल पाया। यह सब कृष्ण की कृपा थी, लेकिन सुदामा ने अपने मन में केवल कृष्ण के प्रेम और मित्रता को ही रखा। वहीं मानस वक्ता रामबाबू पाठक ने प्रभु श्रीराम के समुद्र पर पुल बांधकर लंका के राजा रावण के वध की कथा व राज्याभिषेक की कथा कही। उन्होंने कहा कि नल-नील द्वारा राम-राम लिखे पत्थर से समुद्र पर पुल बनाया और वानरों की सेना लेकर भगवान राम व लक्ष्मण अन्य लंका पहुंचे। लंका में बहुत भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध में एक-एक कर रावण का पूरा वंश मारा गया। अंत में रावण का वध कर विभीषण को लंका राजा बनाकर भगवान राम-लक्ष्मण, सीता सहित अयोध्या वापस आये और उनका राज्याभिषेक किया गया। इस प्रकार श्रीमद् भागवत कथा व रामचरित मानस कथा का विराम हुआ। वहीं सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर निर्दोश शुक्ला, अखिलेश त्रिवेदी, सर्वेश अवस्थी, ऋषि पाल सिंह, अरविन्द चौहान, अमित बाजपेयी, मनोज अग्निहोत्री, अवधेश पाण्डेय, बृजनारायन दुबे, रविन्द्र पाण्डेय, रामबाबू मिश्रा, ब्रह्मानंद, अभिषेक अग्निहोत्री, प्रभुदयाल, उमेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2)

# 15 से 23 दिसंबर तक विलोबी मैदान में भव्य आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ नगर पालिका परिषद लखीमपुर व क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में नौ दिवसीय खेल महोत्सव की तैयारियां पूरी




क्रीड़ा भारती और नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा 15 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक विलोबी मेमोरियल ग्राउंड में लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2) का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन का नेतृत्व नगर पालिका परिषद अध्यक्षा डा0 इरा श्रीवास्तव, सदर विधायक योगेश वर्मा, विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह पटेल और अधिशासी अधिकारी संजय कुमार कर रहे हैं।

संयोजन की जिम्मेदारी कपिल श्रीवास्तव, कनिष्क बरनवाल, आशीष सिंह चौहान, आनन्द वर्मा और इंजीनियर दुर्गेश वर्मा की टीम को सौंपी गई है।

यह नौ दिवसीय खेल महोत्सव खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बड़ा मंच प्रदान करेगा। क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, खो-खो, टेबल टेनिस और शतरंज सहित कई खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी जिनमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना विकसित करना, जनपद में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उभरते खिलाड़ियों को सशक्त मंच प्रदान करना है। मैदानों की तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं और व्यवस्थाएँ अंतिम चरण में हैं। नगर पालिका परिषद और क्रीड़ा भारती ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग दें।

खेलों की श्रृंखला निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। 15 से 23 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से क्रिकेट मैच होंगे, वहीं 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे गर्ल्स क्रिकेट मैच खेला जाएगा। हॉकी के मुकाबले 16 और 17 दिसंबर को गुरुनानक इंटर कॉलेज ग्राउंड में होंगे। कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो प्रतियोगिताएँ विलोबी ग्राउंड में क्रमशः 16-17, 18-19 और 19-20 दिसंबर को आयोजित की जाएँगी। फुटबॉल 21-22 दिसंबर को, एथलेटिक्स 21-22 दिसंबर को, जबकि शतरंज और कुश्ती 21 दिसंबर को आयोजित होगी। टेबल टेनिस और बैडमिंटन 21-22 दिसंबर को जेनेसिस रिपोर्ट क्लब में आयोजित किए जाएँगे। 23 दिसंबर को सुबह 8 बजे महोत्सव की सबसे आकर्षक स्पर्धा रन फॉर राम (मैराथन) आयोजित की जाएगी, जो हीरालाल धर्मशाला से शुरू होकर शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए विलोबी हाल में समाप्त होगी।

### स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ने का बड़ा अभियान

नगर पालिका अध्यक्षा ने बातचीत में बताया कि यह खेल महोत्सव युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवा सबसे अधिक खेलों से जुड़ते हैं, इसलिए खेलों के मंच पर स्वच्छता से जुड़े स्लोगन, संदेश और जागरूकता गतिविधियाँ चलाकर उन्हें शिक्षित किया जाता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में प्रतियोगिता और तनाव के वातावरण में युवा कई तरह की मानसिक चुनौतियों का सामना करते हैं। अक्सर वे तनाव निकालने के लिए पान की दुकानों या सड़क किनारे समय बिताते हैं, जो उनके लिए नुकसानदेह है। लेकिन खेल मैदान उन्हें अपनी ऊर्जा सकारात्मक रूप से उपयोग करने का अवसर देता है। खेलों के माध्यम से युवा फस्ट्रेशन दूर कर सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ते हैं। जानकारी देते हुए कहा सभी इवेंट पूरी तरह निशुल्क हैं। खिलाड़ियों को भोजन, रहने की व्यवस्था और विजेताओं को पुरस्कार भी उपलब्ध कराए जाते हैं। जो खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित होते हैं, उन्हें नगर पालिका द्वारा यात्रा और अन्य आवश्यक सहयोग देकर भेजा जाता है ताकि उनकी खेल प्रगति में कोई बाधा न आए। अध्यक्षा ने बताया कि पिछली बार लगभग 6300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। स्वच्छता रैंकिंग में भी नगर पालिका टॉप 10 में आई थी। इस बार भी बेहतर आयोजन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया है।

## निघासन-ढखेरवा हाईवे पर बड़ा हादसा : गन्ना लदा ट्रक पलटा, घंटों जाम, चालक बाल-बाल बचा

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन-ढखेरवा हाईवे पर धवईपुरवा के पास एक बड़ा हादसा हो गया, जब गन्ना लदा तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कुछ ही मिनटों में हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि चालक हादसे से कुछ ही क्षण पहले ट्रक से कूदकर सुरक्षित बच गया, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गन्ना लदा ट्रक सेंटर से गन्ना भरकर बेलरायां चीनी मिल की ओर जा रहा था। धवईपुरवा से गुजरते समय अचानक ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह पलटकर सड़क पर फैल गया। ट्रक के पलटते ही ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। हाईवे के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। ट्रक पलटने के बाद हाईवे पूरी तरह बाधित हो गया। कई वाहन घंटों तक फंसे रहे। दूसरी ओर निकास खोजने के प्रयास में निघासन एसडीएम की सरकारी गाड़ी भी जाम में फंस गई। लगातार बढ़ती भीड़ और दबाव से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध होता चला गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए गन्ना हटवाने तथा ट्रक को किनारे कराने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे पर यातायात धीरे-धीरे बहाल कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित है और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

## खबरें एक नजर में

### निवाइच सोसाइटी में गड़बड़ी पर एसडीएम सख्त निरीक्षण में सचिव को लगाई फटकार



**पैलानी (बांदा), समृद्धि न्यूज।** तहसील पैलानी में खाद वितरण की शिकायतों पर बुधवार को उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा ने अचानक निवाइच सोसाइटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टोकन प्रणाली के माध्यम से शांतिपूर्वक और पारदर्शी खाद वितरण सुनिश्चित कराया। [illegible] को जानकारी मिली थी कि सोसाइटी सचिव की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। मौके पर स्थिति देखने के बाद वर्मा ने सचिव को फटकार लगाई और सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में ढुलमुल रवैये की वजह से किसी भी लाभार्थी को समस्या नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार मुस्तकिम भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सोसाइटी प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शिकायतें दोबारा प्राप्त हुईं, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मौके पर प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इससे सोसाइटी में होने वाली अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा।

### अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 9 दिसंबर 25 को देर रात्रि थाना नरैनी पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति सूखे गांजे के साथ ओवरब्रिज से अजयगढ़ रोड ग्राम लहुरेटा पुलिया के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर तलाशी से सूखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजकिशोर पुत्र हरिनाथ निवासी ग्राम घटहरी थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर (म0प्र0) है।

### सहायता समूह के खाते से चार लाख की जालसाजी, कोर्ट में अर्जी देने के बाद थाने में मुकदमा दर्ज

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** ईसानगर विकास खण्ड की महेश प्रेरणा सहायता समूह में वित्तीय अनियमितता और भारी जालसाज़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। समूह की सदस्य संगीता पत्नी संतोष, निवासी कैरातीपुरवा, ने समूह की सचिव और अध्यक्ष पर लगभग चार लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है। मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने द्वितीय एसीजेएम न्यायालय, लखीमपुर खीरी में धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, जिसके बाद अब पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि वह महेश प्रेरणा सहायता समूह की सदस्य है और समूह का बैंक खाता इंडियन बैंक शाखा ईसानगर संख्या 7143885434 विपक्षीगण— मोनी वर्मा (सचिव) और सविता (अध्यक्ष)—द्वारा संचालित किया जाता है। आरोप है कि दोनों ने अपने अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर लगभग चार लाख रुपये खाते से बिना किसी सदस्य को बताए, जालसाज़ी और धोखाधड़ी के जरिए निकाल लिए। इस जालसाजी की जानकारी तब हुई जब ब्लॉक ईसानगर के एडीओ समूह की जांच करने गांव पहुंचे और महिलाओं से पूछा कि उनके समूह के खाते से निकाले गए पैसों की जानकारी है या नहीं। तब पता चला कि खाते से भारी धनराशि की निकासी विपक्षीगण द्वारा की जा चुकी है। पीड़िता ने बताया कि जब वह इस बाबत स्पष्टीकरण लेने विपक्षीगण के घर पहुंची, तो उसके साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। इसके बाद पीड़िता और समूह की अन्य महिलाओं ने जिलाधिकारी खीरी, पुलिस अधीक्षक खीरी सहित ब्लॉक ईसानगर संबंधित विभाग में प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र में मांग की गई थी कि अदालत थानाध्यक्ष ईसानगर को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे। अदालत के निर्देशों के बाद थाना ईसानगर में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। थाना प्रभारी निर्मल तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है।

### मेला महोत्सव के चौथे दिवस पर 'नारद मोह' का दिव्य मंचन, भक्तिभाव से सराबोर हुआ वातावरण



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में आयोजित भव्य मेला महोत्सव के चौथे दिवस पर आध्यात्मिकता और धार्मिक भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर 'नारद मोह' का दिव्य, आकर्षक एवं भावपूर्ण मंचन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदयों को स्पर्श कर लिया। कार्यक्रम में स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रे जी ने अपने पावन मुखारविंद से कथा का सरस, सरल एवं ज्ञानवर्धक वाचन किया। उनके भावयुक्त प्रसंग, मधुर व्याख्या और भक्ति रस से ओतप्रोत वाणी ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कथा श्रवण के दौरान मैदान में भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म का अभूतपूर्व माहौल बना रहा। मंचन के दौरान मेला अध्यक्ष रानू बाजपेई, कमल बिहारी गुप्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवतियां तथा क्षेत्र के वरिष्ठजन कार्यक्रम में शामिल हुए और कथा श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। हजारों की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि मैगलगंज मेला महोत्सव अब लोगों की आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रमुख केंद्र बन चुका है। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा, और श्रद्धालुओं ने अनुशासन, भक्ति और पूर्ण समर्पण भाव के साथ कथा का आनंद लिया।

## छह महीनों से फूटी पड़ी पेयजल पाइपलाइन स्थानीय लोगों के लिए बनी बड़ी मुसीबत

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र के पुराना बाजार मोड़ पर पिछले छह महीनों से फूटी पड़ी पेयजल पाइपलाइन अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। पुराने बाजार मोड़ पर पाइपलाइन से लगातार हो रहा पानी का रिसाव न सिर्फ स्वच्छ जल की लाखों लीटर बर्बादी का कारण बना है, बल्कि वहीं बने बड़े गड्ढे के कारण राहगीरों के लिए खतरा भी उत्पन्न कर रहा है।

आदर्श नगर पंचायत मैलानी की यह पाइपलाइन बीते कई महीनों से क्षतिग्रस्त है। पानी का रिसाव लगातार बढ़ने से सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर रोज़ाना सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे, दोपहिया वाहन सवार और बुजुर्ग गुजरते हैं। बड़े गड्ढे के कारण कई राहगीर संतुलन खोकर चोटिल भी हो चुके हैं।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों को इस समस्या के समाधान के लिए अनेक बार सूचित किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी अब तक न तो पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई और न ही रिसाव को रोकने के लिए कोई तात्कालिक कदम उठाया गया। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि पेयजल जैसी अनमोल संसाधन का इस प्रकार महीनों तक व्यर्थ बहना गंभीर लापरवाही है। वहीं सड़क पर बनी खतरनाक स्थिति कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

> पाइपलाइन फूटने का मामला मेरे संज्ञान में आया है। आवश्यक संसाधनों के अभाव के कारण मरम्मत कार्य में विलंब हुआ, जिसके लिए खेद है। मेरे द्वारा जल निगम को पत्राचार किया जा रहा है। समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराए जाने की प्रक्रिया जारी है।
>
> विजय बहादुर यादव
> अधिशासी अधिकारी, मैलानी (खीरी)

## कबिरहा सहकारी समिति में यूरिया वितरण के दौरान बवाल

**ईसानगर (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

▸ किसान व कर्मचारी आमने-सामने; कर्मचारियों ने लगाया मारपीट का आरोप



कबिरहा साधन सहकारी समिति में यूरिया खाद वितरण के दौरान दो दिनों में दो बार हंगामे की स्थिति बन गई। समिति कर्मचारियों ने पूर्व प्रधान वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि और उनके साथियों पर मारपीट, गाली-गलौज और गेट तोड़कर अंदर घुसने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष ईसानगर को तहरीर दी है। वहीं आरोपी पक्ष ने इस पूरे प्रकरण को राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए मारपीट की बात से इनकार किया है।

समिति सचिव नवीन कुमार की तहरीर के अनुसार, 6 दिसंबर को समिति में यूरिया वितरण चल रहा था। फिंगर सत्यापन के बाद किसानों को खाद दी जा रही थी। इसी दौरान कबिरहा ग्रामसभा के पूर्व प्रधान व तत्कालीन प्रधान प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह पुत्र सोने सिंह निवासी नगरिया, अपने साथियों सुशील गिरी पुत्र रोशन लाल निवासी चैपुरवा तथा एक अज्ञात युवक के साथ समिति पहुंचे।

कर्मचारियों का आरोप है कि ये लोग 180 बोरी खाद का पर्चा आगे से लगाने की मांग करने लगे। कर्मचारियों व किसानों ने विरोध किया तो आरोपितों ने समिति में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। कर्मचारियों ने विवाद बढ़ते देख खाद गोदाम बंद कर दिया। 8 दिसंबर को जब खाद वितरण दोबारा शुरू हुआ, तो आरोपित फिर पहुंचे और बिना आधार सत्यापन के उसी पर्चे पर आगे से खाद लेने का दबाव बनाने लगे।

कर्मचारियों व वहां मौजूद किसानों ने विरोध किया तो उन्होंने समिति का गेट जबरन खोलकर हमला किया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि संघर्ष के दौरान एक कर्मचारी की शर्ट की जेब में रखी कैश राशि भी गायब हो गई।

तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर ईसानगर पुलिस मौके पर पहुंची। जाते समय आरोपितों द्वारा देख लेने की धमकी देने का भी आरोप है। कर्मचारियों ने बताया कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और वे मेडिकल नहीं कराना चाहते। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### आरोपी पक्ष की सफाई

वहीं, इस पूरे मामले पर अपनी सफाई में पूर्व प्रधान वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह ने कहा कि सचिव के कहने पर उन्होंने कुछ किसानों को खाद लेने भेजा था। चार किसानों का फिंगर पहले ही लग चुका था, जबकि बाकी का लगना था। कर्मचारी ने सभी को लाइन में लगने को कहा, जिस पर पहले से फिंगर लगा चुके किसानों ने आपत्ति जताई और बहस शुरू हो गई। रामेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने लगे। तभी कुछ लोगों ने इसमें राजनीतिक षड्यंत्र की बात फैलानी शुरू कर दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई, और जब तक मामला शांत होता, तब तक ईसानगर पुलिस मौके पर पहुँच चुकी थी। ईसानगर पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर ली हैं और मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निर्मल तिवारी का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत सिंगाही पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम



**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना सिंगाही पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत सिंगाहा कला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर सशक्त बनाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक आकाश भाटी ने बताया कि महिला एवं बालिकाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकती हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी भी दी, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके। सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में मौजूद बालिकाओं और महिलाओं को गुड टच और बैड टच की अवधारणा के बारे में भी संवेदनशील बनाया गया, ताकि वे किसी भी अनिश्चित या विपरीत परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में जागरूकता से संबंधित पर्चे एवं पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सिपाही कुलदीप यादव, महिला सिपाही मनीषा गौतम सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। आयोजन का प्रमुख लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाना रहा।

## म्यूजिक मास्टर्स इंस्टिट्यूट अतर्रा में आयोजित हुआ भव्य संगीत समारोह



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

म्यूजिक मास्टर्स इंस्टिट्यूट अतर्रा में मंगलवार को आयोजित संगीत समारोह में सुरों की रमणीय गूंज के बीच कार्यक्रम गरिमा पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बांदा प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष रमाकांत तिवारी मुख्य अतिथि, महासचिव अंशू गुप्ता विशिष्ट अतिथि तथा सूर्य कुमार शुक्ला व भूपेन्द्र सिंह सम्मानित अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रस्तुत किए गए संगीत कार्यक्रम का आनंद लिया तथा कलाकारों की प्रतिभा की खुलकर सराहना की। सभागार में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर नौशाद भाई संगीत शिक्षक और प्रकाश गौतम ऋषि पैलेस द्वारा पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के इस चरण ने कार्यक्रम में एक खास ऊर्जा और आत्मीयता का संचार किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान के संचालकों एवं टीम की सभी ने प्रशंसा की।

### पैलानी तहसील के एसडीएम ने जलवाए अलाव



**चिल्ला/बांदा, समृद्धि न्यूज।** शीत लहर के दौरान दृष्टिगत बांदा जिला में पैलानी तहसील के एस डी एम अंकित कुमार द्वारा ग्राम चिल्ला के समस्त मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाया जा रहा है वहीं चिल्ला लेखपाल ने आज उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक चिल्ला के सामने अलाव जलवाया जो आने जाने वाले मुसाफिरों और राह गिरो के लिए वरदान है इस बारे में चिल्ला लेखपाल विकाश भदौरिया से पूछा तो उन्होंने बताया कि जिला अधिकारी जे रिभा द्वारा ठंड अचानक से बढ़ते देख आदेशित किया गया है कि मुख्य जगहों पर आलाव जलवा जाए इस क्रम में एस डी एम अंकित कुमार द्वारा पूरी पैलानी तहसील क्षेत्र के मुख्य जगहों पर आलाव जलवा जा रहा है।

## भूरा डेरा के ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर सपा नेता ने ग्रामीणों के साथ उठाई आवाज

**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जसपुरा ब्लाक के ग्राम पंचायत पिपरोदर के मजरा भूरा डेरा के किसानों और ग्रामीणों ने सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले की अगुआई में विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मजरे में बिजली की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों के द्वारा गांव,मजरों में शाम होते ही बिजली जलने के आदेश हैं लेकिन विभाग द्वारा अब तक इस मजरे में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई।इसके कारण पूरी आबादी अंधेरे में रहने के साथ-साथ पेयजल,सिंचाई; बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों में भारी परेशानियाँ झेल रही है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बार-बार शिकायत के बाद भी विभागीय लोग कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न मिलने से बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित ग्रामीणों ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन भेजकर तत्काल ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले की अगुआई में गांव के धनीराम, माखन, अखिलेश, दिनेश, विनोद, रविशंकर, जलील, रफीक, रामऔतार, रामकिशोर; सुखराम; सुखलाल; धनीराम सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर किया हुआ हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से जेई/एसडीओ कार्यालय का घेराव करेंगे।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की फसलों और गांव की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए शीघ्र खंभे और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो सके। और गांव के लोग प्रकाश में अपना जीवन यापन कर सकें ।

## बिना पार्किंग के प्रदर्शनी का आरोप

▸ वाहनों से आये दिन लगता है जाम

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बिना पार्किंग के ही स्थानीय प्रशासन ने प्रदर्शनी की अनुमति दे दी। बाहर आम रास्ते में वाहनों के खड़े हो जाने से आए दिन लोगो के बीच लड़ाई झगड़ा होता है।

कस्बे के बांदा मार्ग स्थित दीनदयाल विद्यायल के पास प्रदर्शनी की शुरुआत हो गई।ये हस्त शिल्प प्रदर्शनी तकरीबन एक माह संचालित होगी।लेकिन प्रदर्शनी लगाने के पहले संचालक द्वारा पार्किंग का ध्यान नहीं दिया।पूरे मैदान में बाजार सजा ली गई।कही भी प्रदर्शनी में आने वाले वाहनों के खड़े करने की जगह नहीं निर्धारित की गई।अधिकांश वाहन मुख्य मार्ग में या फिर लिंक मार्ग में लोग खड़े कर रहे हैं।जिससे वहा से निकलने वाले राहगीरों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।निकलने और वाहन निकालने को लेकर आए लोगों के बीच झगड़े होने की शुरुआत हो गई।जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।क्षेत्र के रहने वाले समाजसेवी प्रद्युम्न द्विवेदी ने स्थानीय प्रशासन को आगाह करते हुए प्रदर्शनी संचालक को तत्काल पार्किंग व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने की बात कही।इसी प्रकार से प्रदर्शनी में आने वाले लोगों ने पार्किंग व्यवस्था की उपलब्धता की बात कही है।बताया कि गली में मौजूद लोगों के दरवाजे में वाहन खड़ा करने पर लोगो से आए दिन झगड़ा विवाद हो रहा है।

## जिलाधिकारी के निरीक्षण में नदारत मिले अधिकारियों व कर्मचारियों का रूकेगा वेतन

▸ डीएम ने एक दिन के वेतन रोकने के दिए निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी जे. रीभा ने आज प्रातः 10:10 बजे विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, रेशम विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा सहायक निदेशक मत्स्य सहित 11 अधिकारी एवं 35 विभिन्न विभागों के कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने एवं सभी का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि पुनः निरीक्षण के दौरान यदि सम्बन्धित अधिकारी अनुपस्थित पाये गये तो उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आज जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धित कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः 10:00 बजे कार्यालय में उपस्थित रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याओं का निस्तारण भी करें। इसके उपरान्त उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का क्रम से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित पाये गये, जिनका एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये।

### एसपी ने पुलिस कार्यालय की शाखाओं का किया वार्षिक निरीक्षण



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय से सम्बन्धित सभी शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान गार्द रुम, डिस्पैच, रिकार्ड रुम, पीआरओ सेल, प्रधान लिपिक आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान गार्द रुम के पुलिस बल की उपस्थिति, ड्यूटी रजिस्टर, शस्त्रागार में रखे हथियारों की साफ–सफाई व रख–रखाव आदि का निरीक्षण किया गया, रिट सेल में अपराधों की समीक्षा करते हुए न्यायालयों से सम्बन्धित प्रपत्रों, सम्मनों व वारंटो आदि के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई साथ ही अन्य सभी शाखाओं का भी निरीक्षण करते हुए शाखाओं से सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश । निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अखिलेश राजन व प्रतिसार निरीक्षक बेलाश यादव भी मौजूद रहे ।

## पं. लक्ष्मी प्रसाद दीक्षित की स्मृति में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में सैकड़ों ने कराई जांच



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

महुआ कस्बे में स्व. पं. लक्ष्मी प्रसाद दीक्षित की पुण्य स्मृति में एक विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजक प्रेम सागर दीक्षित रहे। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों व कस्बेवासियों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। कई लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं, वहीं गंभीर रोगियों को आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस जनकल्याणकारी आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की और कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद आवश्यक हैं। आयोजक प्रेम सागर दीक्षित ने कहा कि यह आयोजन उनके बाबा के समाजसेवी विचारों को आगे बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम किए जाते रहेंगे। करीब सेकड़ों चश्मे व ड्राप दवाओं का वितरण किया गया। शिविर के सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी सराहनीय योगदान रहा।